खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

नई दिल्ली, सोमवार 13 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 192 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# हमारा दिल बड़ा है, पाकिस्तान से पूछिए क्या दिक्कत: मुत्ताकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव और भारत की अफगानिस्तान से बढ़ती नजदीकी से संबंधित कई सावलों के जवाब दिए।

नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने साफ किया कि उनके देश को पाकिस्तान या भारत के साथ किसी तरह की परेशानी नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत से अफगानिस्तान की बढ़ती दोस्ती की वजह से पाकिस्तान ने तनाव बढ़ाया है, तो उन्होंने कहा कि ये सवाल पाकिस्तान से पूछिए। हमें तो कोई दिक्कत नहीं है, हमारा दिल बड़ा है। मुत्ताकी ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान सभी पड़ोसी देशों के साथ शांति और सहयोगपूर्ण संबंध चाहता है, चाहे वो पाकिस्तान हो या भारत। उन्होंने क्षेत्रीय संबंधों में किसी तनाव को खारिज करते हुए कहा कि अफगानिस्तान का मकसद टकराव नहीं, बल्कि सहयोग है। मुत्ताकी ने पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर बड़ा बयान दिया है।



- भारत-अफगानिस्तान की बढ़ रही नजदीकी पर खुलकर बोले अफगानिस्तान के विदेश मंत्री, कहा- अफगानिस्तान को पाक या भारत के साथ किसी तरह की परेशानी नहीं है

## मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस: महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्ताकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था।

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की आगरा यात्रा रद्द

**आगरा।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की रविवार की आगरा यात्रा रद्द हो गई। श्री मुत्ताकी ताजमहल देखने के लिए रविवार को आगरा जाने वाले थे और उनका यह कार्यक्रम आठ अक्टूबर को तय हो गया था। उनकी आगरा यात्रा किस कारण रद्द हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन के अनुसार, उन्हें सिर्फ आगरा यात्रा का कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिली है। श्री मुत्ताकी रविवार सुबह आठ बजे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस वे होते हुए आगरा जाने वाले थे। 11 बजे आगरा पहुंच कर ताजमहल का दीदार करने वाले थे। इसके बाद दोपहर का खाना खाने के बाद उन्हें वापस दिल्ली आना था। करीब एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहना प्रस्तावित था।

## बंगाल मेडिकल छात्रा गैंगरेप केस, 3 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनर आज करेंगे EPFO मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देशभर के पेंशनर 13 अक्टूबर को यहां कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने रविवार को यह घोषणा की। समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार ने बेंगलुरु में प्रस्तावित केन्द्रीय न्यास बोर्ड (सीबीटी) की बैठक को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया है, जिससे पेंशनरों में असंतोष और बढ़ गया है। समिति के अनुसार न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा पेंशनरों का कहना है कि डीए (महंगाई भत्ता) का पूरा भुगतान, उच्चतम न्यायालय के के फैसले के अनुसार पेंशन वृद्धि और उचित चिकित्सा सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएं। इस मुद्दे पर सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से पेंशनरों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। पिछले एक महीने से देशभर के ईपीएफओ और जिलाधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### भारतीय सेना का दल ऑस्ट्रेलिया रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के 120 जवानों का एक दल भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास ऑस्ट्राहिड 2025 के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में इरविन बैरक के लिए शनिवार को रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह अभ्यास 13 से 26 अक्टूबर तक के लिए निर्धारित है। भारतीय सेना के इस दल का नेतृत्व गोरखा राइफल्स की एक बटालियन तथा अन्य सेनाओं और सेवाओं के जवान कर रहे हैं। वार्षिक अभ्यास ऑस्ट्राहिड 2025 का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ाना, अंतर-संचालन में सुधार करना और भाग लेने वाली सेनाओं को शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में उप-पारंपरिक युद्ध के क्षेत्र में रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच पर लाना है।

### विनट्रैक इंक प्रकरण में जांच शुरू,कस्टम दलाल निलंबित

**नई दिल्ली।** चेन्नई की फर्म विनट्रैक के प्रकण में राजस्व विभाग द्वारा की गई प्रारंभिक तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई शुरू करते हुए विजिलेंस जांच शुरू कर चेन्नई में सीमाशुल्क विभाग के कई अधिकारियों को दूसरी जगह भेज दिया गया है और एक दलाल का सीमा शुल्क लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि इस मामले की आगे की सतर्कता विभाग द्वारा जांच विधिवत शुरू करा दी गई है। इसकी रिपोर्ट 4-6 सप्ताह में आने की उम्मीद है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत था: चिदंबरम

## कहा: इंदिरा गांधी को जान देकर चुकानी पड़ी कीमत

कसौली (हिमाचल प्रदेश) वार्ता

**पूर्व गृह एवं** वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने 1984 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत ऑपरेशन ब्लू स्टार की आलोचना की और इसे गलत तरीका बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव 2025 में बोलते हुए, पूर्व केंद्रीय गृह और वित्त मंत्री ने कहा कि सिख पूजा स्थल से सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने के लिए ऑपरेशन ब्लैक थंडर सही तरीका था। पी. चिदंबरम ने कहा कि जून 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना, पुलिस, खुफिया और सिविल सेवाओं का एक संचयी निर्णय था। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी सैन्य अधिकारी का कोई अनादर नहीं है, लेकिन वह (ब्लू स्टार) स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का गलत तरीका था। कुछ साल बाद, हमने सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का सही तरीका दिखाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप इसके लिए केवल इंदिरा गांधी को दोषी नहीं ठहरा सकते। चिदंबरम लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ वे विल शूट यू, मैडम: माई लाइफ : कॉन्फ्लिक्ट पर एक चर्चा के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार 1 जून से 10 जून 1984 तक चला 10 दिनों का सैन्य अभियान था। 6 जून 1984 को, पंजाब में जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व में सिख उग्रवाद को रोकने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आदेश पर ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत भारतीय सेना ने स्वर्ण मंदिर में धावा बोला था।



- 1984 ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना, पुलिस, खुफिया और सिविल सेवाओं का संचयी निर्णय था

### चिदंबरम के बयान पर कांग्रेस आलाकमान नाराज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के बयान (ऑपरेशन ब्लू स्टार) पर पार्टी के अंदर सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस के कई नेताओं ने उनके बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान भी उनके बयान से नाराज है। शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक उनके हालिया बयान से नाखुश हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान का कहना है कि वैसे वरिष्ठ नेता जिन्हें कांग्रेस ने सब कुछ दिया है, उन्हें सावधानीपूर्वक बयान देना चाहिए। बार-बार ऐसे बयान देना सही नहीं है। इससे पार्टी की फजीहत होती है। उन्होंने हाल ही में कुछ ऐसे बयान दिए हैं, जिनसे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

### कांग्रेस का इतिहास कमजोरियों से भरा

**नई दिल्ली।** चिदंबरम के बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चिदंबरम पहले 26/11 पर विदेशी दबाव का खुलासा कर चुके हैं, अब यह बयान। कांग्रेस का इतिहास कमजोरियों से भरा है। बीजेपी प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि चिदंबरम ने सच्चाई कही।

## सीमा पर 2.82 करोड़ के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बीएसएफ ने रविवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक तस्कर को 2.82 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों को पश्चिम बंगाल में सीमा के पास स्थित मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति होरंदीपुर इलाके से बांग्लादेश से सोने की तस्करी करने की योजना बनाए जाने की सूचना मिली थी। ड्यूटी पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और जाल बिछाने को कहा गया। सुबह लगभग छह बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को घने बांस के झुरमुट के पीछे सावधानी से घूमते देखा और उसे पकड़ लिया गया।

# बिहार में एनडीए का सीट शेयरिंग का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार के विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) यानी जदयू दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह सीटें दी गई हैं।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को भी छह सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक्स पर लिखा, संगठित व समर्पित एनडीए... आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया, जो कि इस प्रकार है। भाजपा -101 सीट, जदयू - 101 सीट, लोजपा (रामविलास) - 29 सीट, रालोमो- 6 सीट, हम-6 सीट। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी से स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में मुख्य चुनाव समिति (सीईसी) बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में सीईसी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा कि एनडीए परिवार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है।

- भाजपा-101, जदयू- 101, चिराग को 29, उपेंद्र कुशवाहा- मांझी 6-6 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

## डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 40 लाख का जुर्माना


**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इंडिगो एयरलाइंस पर 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से ये एक्शन लिया गया है। जांच में पाया गया कि करीब 1700 पायलटों की ट्रेनिंग कैटेगरी सी एयरपोर्ट्स जैसे कलिकट, लेह और काठमांडू हवाई अड्डों पर नियमों के अनुसार बताए गए सिमुलेटरों पर नहीं हुई। डीजीसीए ने 11 अगस्त 2025 को ट्रेनिंग डायरेक्टर को शो कॉज नोटिस जारी किया था।

- पायलट ट्रेनिंग सिमुलेटर इस्तेमाल न करने पर लिया एक्शन

### जांच के निर्देश


**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने रविवार को एयर इंडिया को निर्देश दिया है कि जिन बोइंग 787 विमानों में हाल ही में पीसीएम बदला गया है, उन सभी विमानों के रैम एयर टर्बाइन (आरएटी) की स्टोवेज (फिटिंग और कंडीशन) की दोबारा जांच की जाए। डीजीसीए का ये निर्देश एयर इंडिया के दो बोइंग 787 विमानों में हाल में हुई तकनीकी घटनाओं और एफआईपी के एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की पर आया है।




# केरल फिर बना देश का रोल मॉडल राज्य

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोट्टायम में 63 साल की स्वर्णम्मा रहती हैं। विधवा हैं। पूरा जीवन किराए के घर में रहीं। एक दिन जिला प्रशासन की टीम घर पहुंची। 10 लाख रुपये दिए, ताकि वो घर बनाएं और बचत करें। स्वर्णम्मा ने 6 लाख रुपये में 3 सेंट (1306 वर्ग फीट) जमीन खरीदी। जिस पर अब घर बन रहा है। स्वर्णम्मा जैसे केरल में 64 हजार परिवारों के 1.03 लाख लोग और हैं, जिन्होंने अत्यंत गरीबी में जीवन गुजारा।

अब उनकी जिंदगी बदल गई है। सरकार और सामाजिक भागीदारी से केरल एक बार फिर देश के लिए रोल मॉडल बनने जा रहा है। इस राज्य ने अपने यहां से 'अत्यंत गरीबी' खत्म कर दी है। इसकी आधिकारिक घोषणा एक नवंबर को होगी। इसी के साथ केरल ऐसा करने वाला देश और दक्षिण एशिया का भी पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जिनकी आय 158.10 रुपये प्रतिदिन से कम है, वो अत्यंत गरीब की कैटेगरी में आते हैं। केरल ने इस मानक से आगे भोजन, आय, स्वास्थ्य और आवास को आधार बनाया और इसे 'मानवीय गरिमा' नाम दिया। इसमें सामाजिक संगठनों की मदद अभूतपूर्व रही। केरल में 73 हजार माइक्रो प्लान बनाए, उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार मदद की। इसकी सख्त मॉनिटरिंग की। हर पैसे और मदद का हिसाब लिया गया। केरल को अत्यंत गरीबी से बाहर निकालने की शुरुआत 2021 में हुई। राज्य सरकार ने 1300 सर्वेयर की टीम 14 जिलों में उतारीं। जिनके पास भोजन, स्वास्थ्य, आय और आवास नहीं थे, उन्हें चुनने का टास्क दिया गया। वार्डों/डिवीजनों से भागीदारी नामांकन, उप-समितियों द्वारा शॉर्ट लिस्टिंग, एक मोबाइल एप का इस्तेमाल करके साक्षात्कार और ग्राम सभाओं द्वारा अंत तक अंतिम सत्यापन किया गया।



- गरीबी खत्म की, ऐसा करने वाला दक्षिण एशिया का पहला राज्य, 73000 माइक्रो प्लान बनाए

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए कैडेट अंतरिक्ष की संदिग्ध मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के नरैनापुर सुमेरपुर गांव के मूल निवासी 18 वर्षीय अंतरिक्ष कुमार सिंह की पुणे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार को उनका शव हॉस्टल के कमरे में छत के कुंडे से लटकता मिला। परिवार ने आरोप लगाया है कि प्रशिक्षण के दौरान एक सीनियर कैडेट द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा था, जिसके चलते यह घटना हुई। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह रक्षा सुरक्षा कोर में हवलदार के पद पर गुवाहाटी में तैनात हैं। परिवार पिछले कई वर्षों से लखनऊ के तेजीबाग में रह रहा है। परिवार को जैसे ही घटना की सूचना मिली, मां सीमा सिंह सेंगर, मामा पिंकू सिंह और चाचा रावेंद्र प्रताप सिंह लखनऊ से पुणे के लिए रवाना हो गए, वहीं पिता गुवाहाटी से निकल चुके हैं। अंतरिक्ष का चयन मई 2025 में भारतीय वायुसेना में हुआ था।

### एफपीआई ने किया 3,240 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 3,240 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश बाजार में लगाई गई राशि और निकाली गयी राशि का अंतर होता है। इस महीने एफपीआई ने जहां इक्विटी में बिकवाली जारी रखी है, वहीं डेट में उनकी जबरदस्त खरीद जारी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्तूबर में शुद्ध रूप से 2,091 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची है। वहीं डेट में उन्होंने 4,819 करोड़ रुपए का निवेश किया है। म्यूचुअल फंड से एफपीआई ने 82 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की जबकि हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट्स में उनका निवेश 594 करोड़ रुपए बढ़ गया।

# मोदी सरकार ने आरटीआई को किया कमजोर: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि 20 साल पहले इसी दिन डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने शासन में पारदर्शिता लाने के लिए 'सूचना का अधिकार' (आरटीआई) कानून लागू किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इसे कमजोर करने का काम किया है।

पार्टी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने सचाई छिपाने और अपनी कमजोरी जनता के सामने नहीं आने देने के लिए 'सूचना का अधिकार' कानून को सोची समझी रणनीति के तहत कमजोर किया। पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार ने इस काम के लिए कानून में संशोधन तक कर डाला। दरअसल उनको डर था कि जनता से किए वादों की पोल खुल न जाए इसलिए सरकार ने कानून ही बदल दिया। कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आरटीआई का मकसद था कि शासन-प्रशासन को जो जानकारी है, वह जनता को भी मिले, लेकिन मोदी सरकार इस कानून को खत्म करने में लगी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश की बागडोर संभालने के चार महीने में ही योजना आयोग खत्म कर दिया और अब उनकी योजना आरटीआई को खत्म करने की है। उनका कहना था कि सूचना आयुक्तों के पदों पर भर्ती नहीं हो रही है।

### खड़गे ने पूरण की पत्नी को पत्र लिखकर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि शोक की घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब हम चांद पर झंडा गाड़ कर गौरवान्वित हो रहे हैं, तो संविधान ने जिन लोगों पर जनता के दुख तकलीफ और पीड़ा से मुक्ति दिलाने का दायित्व सौंपा है, उनको भी सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं और यह शर्मनाक और चिंता का विषय है। खड़गे ने पूर्व आईपीएस अधिकारी की पत्नी अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि मैं पत्र को अत्यंत दुख और भावनात्मक व्यथा के साथ लिख रहा हूं।

# आजम खां को वाई कैटेगरी सुरक्षा वापस मिली

## जेल से बाहर आते ही फिर मिली सिक्योरिटी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उनकी सुरक्षा में गार्ड एवं गनर उनके आवास पर तैनात कर दिए गए हैं

**रामपुर/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की सुरक्षा फिर से बहाल कर दी गई है। समाजवादी पार्टी के नेता को फिर से वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान गई है।

शनिवार से ही उनकी सुरक्षा में तैनात गार्ड एवं गनर तैनात कर दिए गए हैं। इससे पहले कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को दी गई 'वाई-श्रेणी' सुरक्षा वापस लेते हुए कहा था कि इसकी जरूरत नहीं थी। उन्हें लखनऊ स्थित सुरक्षा मुख्यालय से एक पत्र मिला था, जिसमें कहा गया था कि रामपुर से 10 बार विधायक रहे आजम खान को वाई-श्रेणी की सुरक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है। वाई-श्रेणी की सुरक्षा के तहत आजम खां को तीन बंदूकधारी और सुरक्षाकर्मी दिए गए थे, जो उनके आवास पर चौबीसों घंटे तैनात रहते थे। आज़म खान ने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनावों में रामपुर विधानसभा सीट से रिकॉर्ड 10वीं बार जीत हासिल की थी। विधायक बनने के बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। अक्टूबर 2022 में, उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने आजम खान को सदन से अयोग्य घोषित करने की घोषणा की, जिसके एक दिन पहले ही अदालत ने उन्हें भड़काऊ भाषण के एक मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी। लेकिन अब 23 महीने के बाद आजम खान जमानत से बाहर आए हैं। उनके जेल से बाहर आने के बाद उनसे मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने आजम खान के खिलाफ केस करने को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला था। अब जिस तरह से लोग उनसे मुलाकात कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा देखते हुए उत्तर प्रदेश प्रशासन ने फिर से वाई श्रेणी की सुरक्षा बहाल कर दी है। शनिवार को बंदूकदारी और गार्ड फिर से उनके आवास पर तैनात कर दी गई है।

## योगी ने की सरदार/150 यूनिटी मार्च अभियान की शुरुआत

# पटेल के जन्मदिन पर लेंगे नशामुक्ति का संकल्प

लखनऊ, वार्ता



■ 31 अक्टूबर को पूरे यूपी में कार्यक्रम होंगे, स्वदेशी मेले से लोकल फॉर वोकल को बढ़ाया जाएगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलने वाले सरदार/150यूनिटी मार्च अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान को जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार और संगठन मिलकर पूरी ताकत से इस अभियान को चलाने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। वह महान स्वतन्त्र सेनानी होने के साथ ही अखंड भारत के शिल्पकार भी हैं। पूरा देश हमेशा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। उन्होंने कई रियासतों को अखंड भारत में मिलाने का काम किया था। श्री आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ रियासतें ऐसे भी थीं, जो मनमानी करना चाहती थी लेकिन लौह पुरुष के सामने उनकी एक नहीं चली। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही देशभर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मोदी की अगुवैत में स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी का निर्माण किया गया है। सबसे बड़ी प्रतिमा गुजरात में स्थापित हो चुकी है। यह स्थल आज पूरे देश में पर्यटन का बड़ा केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। नौजवानों के के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरदार/150यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया है। योगी ने कहा कि सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि इसके तहत 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें प्रदेश के कलाकरों को भी शामिल किया जाएगा। पदयात्रा के माध्यम से वह 150 किलोमीटर की यात्रा में सहभागी बनेंगे। युवाओं के लिए नशामुक्त भारत अभियान शुरू किया जाएगा। सरकार और संगठन मिलकर पूरे प्रदेश में स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले के माध्यम से सरकार लोकल फॉर वोकल अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसको लेकर विधानसभा स्तर और लोकसभा स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी में दौड़ी मुंबई, मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ/मुंबई।** एकता, भाईचारे और फिट इंडिया के संदेश के साथ रविवार सुबह मुंबई की सड़कों पर हजारों युवाओं ने दौड़ लगाई। सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज) दानिश आजाद अंसारी ने प्रात: छह बजे किया। मैराथन के 10, पांच और तीन किलोमीटर वर्गों में मुंबई के विभिन्न इलाकों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश गया है। हजारों युवाओं की भागीदारी यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का संकल्प अब जन आंदोलन बन चुका है।

# राकेश टिकैत ने मायावती की रैली पर उठाए सवाल

बहराइच, वार्ता



■ श्रावस्ती में आयोजित महापंचायत में शामिल हुए

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत रविवार को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। वह श्रावस्ती में आयोजित एक महापंचायत में भाग लेने जा रहे थे।

कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए राकेश टिकैत ने बिहार चुनाव पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में बेईमानी हुई, तो यह बेईमानों और पूंजीपतियों की सरकार होगी और अगर ईमानदारी से चुनाव हुआ, तो सत्ता पलट जाएगी। टिकैत ने तालिबान के विदेश मंत्री के बाघा बॉर्डर को खोलने के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि तालिबान नेता की बात सही है कि बाघा बॉर्डर खुलना चाहिए, ताकि किसानों के लिए परिवहन आसान हो सके। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती द्वारा लखनऊ में आयोजित एक हालिया रैली पर भी सवाल उठाए। टिकैत ने कहा कि मायावती विपक्ष में हैं और विपक्ष को आपस में लड़ाने का काम कर रही हैं। आजम खान की रिहाई के मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं मिला तो उन्हें बकरी और मुर्गी चोरी के आरोप में 23 महीने तक जेल में रखा गया।



सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65



सोना रु. 125230
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 180000
प्रति किलो



# महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता



## सेंसेक्स व निफ्टी बढ़त के साथ बंद

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर महंगाई के आंकड़ों के साथ कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी होगी। आने वाले सप्ताह में खुदरा महंगाई और थोक महंगाई के सितम्बर के आंकड़े जारी होने हैं। इसके अलावा कई दिग्गज कंपनियों की तिमाही परिणाम भी बाजार को प्रभावित कर सकते हैं।

बीते सप्ताह बाजार में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,293.65 अंक (1.02 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 391.10 अंक यानी 1.75 फीसदी चढ़कर 25,285.35 अंक पर पहुंच गया। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियां के शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.56 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक 1.43 प्रतिशत चढ़ा। बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में जबरदस्ती तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 7.28 प्रतिशत चढ़ा।

इंफोसिस में 4.68 फीसदी, टीसीएस में 4.35 फीसदी और टेक मलहद्रा में 4.03 फीसदी की तेजी रही। इटरनल का शेयर 6.06 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस में 3.44 प्रतिशत, मारुति सुजुकी में 2.98 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.32 और भारतीय एयरटेल में भी 2.32 प्रतिशत की तेजी देखी गई। टाइटन का शेयर 2.29 प्रतिशत, सन फार्मा का 2.25 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 2.16 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.67 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.58 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। एलएंडटी के शेयर में 1.37 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.36 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.16 फीसदी लुढ़क गया। ट्रेंट में 2.60 फीसदी, एशियन पेंट्स में 0.76, अडानी पोर्ट्स और एनटीपीसी दोनों में 0.70, और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 0.60 फीसदी की गिरावट रही।

### धनतेरस से पहले सोने-चांदी की कीमतों में तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** धनतेरस से पहले सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर उछाल आया है। 12 अक्टूबर को सराफा बाजारों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। त्योहारों का मौसम चल रहा है, लेकिन सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आईबीजेए के अनुसार कीमतों में गिरावट कम और तेजी होने से सोने और चांदी की कीमतों ने रिकॉर्ड बना दिया है। चांदी की कीमत भी ऑल टाइम हाई पर है। आज 12 अक्टूबर 2025 को 24 कैरेट सोने का भाव 125230 रुपये प्रति 10 ग्राम है। चांदी की कीमतों की बात करें तो आज चांदी की कीमत 1,80,000 लाख रुपये प्रति किलाग्राम है। देश में फेस्टिव सीजन शुरू है। इस सीजन में लोग गोल्ड-सिल्वर की जमकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में खरीदारों के लिए सोने-चांदी खरीदना महंगा हो गया है। धनतेरस-दिवाली पास है, इसलिए इस अवसर पर लोग खूब सोना-चांदी खरीदने का प्लान कर रहे होंगे। इनकी कीमतें लगातार घटती-बढ़ती है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,25,230 रुपये प्रति 10 ग्राम है, तो मुंबई में 1,25,080, चेन्नई में 1,25,460, कोलकाता में 1,25,460, जयपुर में 1,25,230, लखनऊ में 1,25,230, चंडीगढ़ में 1,25,230 और अहमदाबाद में 1,25,130 रुपये है। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।



# दाल, खाद्य तेल, चीनी महंगे, चावल-गेहूं नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। वहीं चीनी, खाद्य तेल और दालों के भाव बढ़ गए। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 37 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,774.53 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं भी 26 रुपए सस्ता होकर 2,849.28 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए उतरकर सप्ताहांत पर 3,314.32 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी।

पाम ऑयल में भी 20 रुपए की तेजी रही। मूंगफली तेल 166 रुपए और सोया तेल 56 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 91 रुपए और वनस्पति की 79 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 14 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत दो रुपए और मूंग दाल की 30 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 105 रुपए और उड़द दाल 82 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में भी 43 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपए, मसूर काली 8144.80 रुपए, मूंग दाल 10108.98 रुपए, उड़द दाल 10453.79 रुपए, अरहर दाल 10525.29 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2849.28 रुपए और चावल 3774.53 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4350.07 रुपए और गुड़ 5023.14 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17907.00 रुपए, मूंगफली तेल 17680.12 रुपए, सूरजमुखी तेल 15578.12 रुपए, सोया रिफाइंड 13802.48 रुपए, पाम ऑयल 12488.26 रुपए और वनस्पति 14532.62 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# जिहाद के जनक तालिबान को गले लगा रही बीजेपी: महबूबा

**श्रीनगर।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के भारत दौरे को लेकर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए उस पर तालिबान के साथ संबंध बनाते हुए भारत में मुसलमानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखा कि लव जिहाद, भूमि जिहाद, वोट जिहाद और गाय जिहाद के नाम पर भाजपा अपनी ही मुस्लिम आबादी को निशाना बना रही है और उन्हें बदनाम करने वाले नारे लगा रही है। इस बीच भारत, जो लोकतंत्र की जननी है, भाजपा के नेतृत्व में जिहाद के जनक तालिबान को गले लगा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वापस लेने के सरकार के फैसले की आलोचना की और इसे दोहरा मापदंड बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा- भारत ने अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए हर तरह की सहायता देने का फैसला किया है, जिसमें अफगान छात्रों के लिए शैक्षिक छात्रवृत्ति भी शामिल है। अफगानिस्तान के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन इससे एक स्पष्ट विरोधाभास पैदा होता है कि भारत की अपनी मुस्लिम आबादी, जिसने देश की पहचान और प्रगति में योगदान दिया है, उसे बुनियादी अधिकारों और अवसरों से वंचित किया जा रहा है। मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वापस लेना इस आंतरिक दोहरे मापदंड को उजागर करता है।

### पत्नी की हत्या कर पति ने खुद भी दे दी जान

**फतेहपुर।** पति ने अवैध संबंध के शक में गोली मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद खुद की भी जान ले ली, घटना शनिवार रात की है। युवक 2 सप्ताह पहले ही दिल्ली से घर लौटा था। घटना की जानकारी पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के लम्हेटा गांव में मुकेश निषाद (35), पत्नी गुड़िया देवी (30) के साथ रहता था। परिवार में 3 मासूम बेटिया हैं। मुकेश दिल्ली में रहकर कोई काम करता था। थानाध्यक्ष गाजीपुर हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि त्योहारों के कारण मुकेश 2 सप्ताह पहले ही गांव लौट आया था। थानाध्यक्ष के अनुसार मुकेश को शक था कि उसकी पत्नी के अवैध संबंध पड़ोसी युवक से हैं। इसे लेकर दंपति के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था।

# हर विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार: सपा

लखनऊ, वार्ता



■ डा. लोहिया के सपने को साकार करने का संकल्प लिया

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनको नमन किया। उन्होंने गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर डा. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बीजेपी पर जुबानी हमला बोला।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा प्रस्तुत एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार महिलाएं बड़े पैमाने पर असुरक्षित हैं। भाजपा अपनी नाकामी छिपाना चाहती है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक उत्पीड़न और अन्याय लगातार हो रहा है, हर विभाग में भ्रष्टाचार है। जिन विभागों को उत्तर प्रदेश के लोगों को सुविधाएं और सहायता प्रदान करनी चाहिए, उनके नौ साल के शासन के दौरान हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा मुखिया ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारों की एंट्री बैन होने के सवाल पर कहा कि इस पर हम कुछ नहीं कह सकते, यह भारत सरकार की विदेश नीति का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी अपनी नाकामी छुपाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार हर विभाग में बहुत ज्यादा ही हो रहा है। एक लेखपाल के पास 100 करोड़ की संपत्ति होना इस सरकार की असल तस्वीर दिखाती है। थाने में शिकायतें नहीं लिखी जा रही हैं और सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त होने की बात करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीएनआईसी को बेचने की कोशिश उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है, लेकिन मेरे रहते ऐसा नहीं हो पाएगा। यह सरकार विकास कार्य को खत्म कर बर्बाद करने में लगी है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव के समय जो पार्क बना था, तब एक भी पेड़ नहीं काटा गया, यही समाजवादी सोच है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातिवाद के आधार पर अधिकारियों की तैनाती कर रही है। कई जिलों में पीडीए का अधिकारी तक नहीं है। यह सरकार आरक्षण छीनने का काम कर रही है, बाजार को विदेशी कंपनियों के हवाले कर रही है और स्वदेशी की बात करती है, असल में यह मन से विदेशी है। उन्होंने आरोप लगाया कि डा. लोहिया का सपना समाज में समानता और न्याय था।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सरधना में दिनदहाड़े महिला को मारी गोली

## पुलिस चौकी से मात्र 50 मीटर की दूरी पर बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, हालत गंभीर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार सुबह नगर के बीचों बीच स्थित अशोक लाट पुलिस चौकी से मात्र 50 मीटर की दूरी पर बैखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर एक महिला को गोली मार दी, और मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में परिजनों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत में महिला को मेरठ रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की तलाश में काबिंग की, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका। पति की तहरीर पर पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

सरधना नगर के मध्य स्थित अशोक की लाट पुलिस चौकी के पास मुकेश कुमार गोयल पुत्र स्व: राजाराम का मकान स्थित है, घर के पास ही मुकेश गोयल की कास्मेटिक की दुकान स्थित है। जिस मकान में मुकेश गोयल अपने परिवार के साथ रह रहा था, उसके नीचे बड़े शोरूम बनाने का काम चल रहा है। रविवार सुबह मुकेश गोयल अपनी दुकान पर मौजूद था, घर पर उसकी पत्नी सीमा मौजूद थी। सुबह करीब 9 बजे सीमा गुप्ता ऊपर स्थित रसोई में खाना बना रही थी, तभी एक नकाबपोश बदमाश ने उसके ऊपर गोली चला दी, एक गोली सीमा के पैर और एक सिर को छूकर निकल गई। हमले के बाद आरोपी युवक मौके से भाग खड़ा हुआ, घायल महिला ने किसी तरह से अपने पति को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में लुहूलुहान अवस्था में पड़ी सीमा को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के बयान दर्ज करते हुए गंभीर हालत के चलते मेरठ इलाज के लिए अपने साथ ले गई। नगर के भीड़भाड़ व पुलिस चौकी के नजदीक हुई घटना से लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसपी देहात अभिजीत कुमार व सीओ आशुतोष कुमार ने परिजनों से मामले की जानकारी जुटाते हुए आरा. पी युवक की तलाश मे काबिंग की, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका। पुलिस ने आसपास के दुकानदारों के सीसीटीवी कैमरे भी छानकर सुबूत इकट्ठा करने का प्रयास किया। इस मामले में पति मुकेश कुमार गोयल की तहरीर पर पुलिस पर मामले में छानबीन शुरू कर दी। पुलिस का मानना है कि मामला रंजिशन व पारिवारिक विवाद के बीच नजर आ रहा है, जल्द ही आरो. पियों को पकड़ लिया जायेगा।

# गुलाम मोहम्मद ने किया 10-10 लाख की लागत से हुए इंटरलॉकिंग कार्य का शुभारंभ






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवालखास।** विधानसभा में एक के बाद एक विकास कार्य को हरी झंडी दिखा कर उसे जमीन पर उतरने वाले सिवाल खास विधायक गुलाम मोहम्मद ने रविवार के दिन ग्राम मीरपुर व ग्राम थ्रॉट में 10-10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इंटरलॉकिंग कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने विधायक गुलाम मोहम्मद का आभार जताया। गुलाम मोहम्मद ने कहा कि वह अपने पूरे प्रयास से क्षेत्र का विकास कर रहे हैं जहां भी उनकी विधायक निधि की जरूरत रही है, वहां पर उन्होंने लोगों की एक आवाज पर काम कर आए है। उन्होंने कहा कि आगे भी वह सिवाल खास विधानसभा को कई ऐतिहासिक तोहफे देने वाले हैं। इसी के साथ लोगों ने कहा कि विधायक गुलाम मोहम्मद जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। इस दौरान ग्राम मीरपुर में आकाश गिरी, अरुण गिरी, एहसान भाई मीरपुर, रोहताश प्रधान, नितिन गिरी, कपिल प्रधान, शहजाद पूठ, कुलदीप हुड्डा रसूलपुर, विपिन केठवाड़ी, राशिद नंबरदार व ग्राम थ्रोट में ईश्वर सिंह, पंडित राजेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार प्रधान, गंगा शरण मिस्त्री, अंकित कुमार, विपिन त्यागी कैथवाड़ी मौजूद रहे।

# सिवाल के गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र में हुई सपा की पीडीए पंचायत

■ **2027 में अखिलेश यादव बनेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री: वसीम राजा**






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवालखास।** प्रदेश भर में चल रही समाजवादी पार्टी की पीडीए चौपाल ने सियासत की दुनिया में एक नई युग की शुरुआत की है, उसी क्रम में रविवार के दिन सिवाल खास विधानसभा के गांव किनौनी में पीडीए चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वसीम राजा उपस्थित रहे, साथ ही समाजवादी पार्टी के नेता लतेश चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान पीडीए चौपाल की अध्यक्षता मास्टर वीरपाल शर्मा ने की। समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने की मुहिम में सभी वर्ग के लोग दिखाई दिए। सिवाल खास विधानसभा के गुर्जर बहुल इलाके में आयोजित हुई। इस पीडीए पंचायत में यहां पर समाजवादी पार्टी को मजबूत दिशा में पहुंचाया, वसीम राजा ने कहा कि 2027 में प्रदेश की जनता पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने जा रही है पीडीए का नारा आज पूरे देश में गूंज रहा है। जिसका असर लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला और समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी।

वहीं लतेश चौधरी ने कहा कि अगर सर्व समाज को कोई लेकर साथ चल रहा है तो वह अखिलेश यादव है। पीडीए चौपाल में सभी वर्गों की उपस्थिति रही साथ ही गुर्जर समाज ने अपनी ताकत के साथ इस पीडीए चौपाल में चार चांद लगाए।। इस दौरान राजीव गुज्जर, नीरज गुज्जर, सलीम किनौनी सोनू गुज्जर, विजयपाल कश्यप, हरि ओम कश्यप सहित दलित-मुस्लिम और गुर्जर समाज की भारी भीड़ मौजूद रही।

# कार की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, एक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार की सुबह थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से एक बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई और एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। सूत्रों के मुताबिक मेहपा गांव निवासी तेजपाल पुत्र राम सिंह 75 वर्ष गांव का ही अनिल बाइक से दोनों जा रहे थे।

काम खत्म करने के बाद जेसे ही वह धौलडी मौड पर पहुंचे तो सामने से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी गाड़ी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया और तेजपाल की मौके पर ही मौत हो गई और उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल है। वहीं उनकी मौत की खबर सुनते ही परिवार वालों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# कार के शोरूम पर किसानों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली रोड स्थित NEXA शोरूम पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। मामला एक कार की डिलीवरी को लेकर विवाद का है। मिली जानकारी के अनुसार, समर गार्डन निवासी एक परिवार ने अपनी बेटी की शादी के लिए करीब एक माह पहले कार बुक कराई थी, जिसे 15 अक्टूबर को होने वाली शादी में गिफ्ट के रूप में देना था। परिजनों का आरोप है कि शोरूम प्रबंधन ने उनकी बुक की हुई गाड़ी किसी और ग्राहक को दे दी, और अब नई गाड़ी देने के लिए अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही है। इस बात से नाराज परिवार ने भाकियू से संपर्क किया, जिसके बाद किसान नेता और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोरूम के नीचे धरने पर बैठ गए। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

# भारतीय किसान यूनियन तोमर के जिला प्रभारी बने हाजी मुंशफ

■ **कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला/लावड़।** क्षेत्र के लोइया गांव में भारतीय किसान यूनियन तोमर की बैठक हुई। बैठक का आयोजन हाजी मुंशफ व अध्यक्षता शबी रिजवी के द्वारा की गयी। इस दौरान काफी संख्या में लोगों को भाकियू तोमर की सदस्यता भी दिलाई गई। सभी लोगों को भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। वहीं गांव निवासी हाजी मुंशफ को जिला प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा बनाया गया। बैठक का संचालन तालिब रिजवी व सहजर रिजवी ने किया। बैठक के दौरान किसानों की अनेक परेशानियों पर भी विचार किया गया साथ ही गन्ने के भाव बढ़ाने के बारे में भी विचार किया गया। वहीं जगह जगह विद्युत विभाग द्वारा जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का भी विरोध जताया गया और जल्द ही संगठन की बैठक कर इसके विरुद्ध आवाज उठाने की भी बात की गई। इस दौरान राष्ट्रीय सलाहकार इंद्रजीत सिंह, पवन त्यागी, अभिषेक चौधरी समीर, बलकार सिंह, अतीक, रजी अख्तर, विक्रम सिंह, जोगिंदर, इक्तेदार प्रधान, सतवीर, इरशाद सैफी, अब्बास सैफी, अनीश, कमल सिंह, इंतेसर, कमर रिजवी, जरीन रिजवी आदि मौजूद रहे।

# किशोर के साथ कुकर्म करने वाला एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में दो किशोरों ने कुकर्म की घटना को अंजाम दिया है, और फरार हो गए पुलिस ने घटना को दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शनिवार की देर रात दो किशोर अपने साथी के साथ बहला-फूसलाकर ले गए और दोनों किशोरों ने जबरदस्ती उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। कुकर्म की घटना की जानकारी पीड़ित ने परिवार वालों का दी। परिवार वाले पीड़ित को थाने में लेकर गए और सारी घटना पुलिस को बताई पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है।

# व्यापारी और जनप्रतिनिधियों ने नीरज मित्तल को दी जन्म दिवस की मुबारकबाद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वरिष्ठ समाजसेवी व्यापारी व कंकरखेड़ा व्यापार संघ के उपाध्यक्ष नीरज मित्तल का जन्म दिवस शनिवार को बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान व्यापारी जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों नीरज मित्तल के जन्म दिवस पर दिखाई दिए और सभी ने उन्हें इस दिन की बधाई दी। नीरज मित्तल ने कहा कि लोगों का आशीर्वाद और प्यार ही उनकी ऊर्जा है, इस दौरान पूर्व विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल ने मौके पर आकर नीरज मित्तल को आशीर्वाद दिया और अपने हाथ से उन्हें केक खिलाया। वहीं कैंट विधायक अमित अग्रवाल के बेटे व मेरठ के बड़े व्यापारी वरुण अग्रवाल भी नीरज मित्तल को मौके पर मुबारकबाद देने पहुंचे, साथ ही लोगों ने उनका भी भव्य स्वागत किया। इस दौरान कुछ लोगो ने नीरज मित्तल को चांदी का मुकुट पहनाया और वरुण अग्रवाल को पगड़ी पहनाई।

### जरूरतमंदों की करते हैं मदद

नीरज मित्तल भाजपा नेता और कंकरखेड़ा व्यापार संघ के उपाध्यक्ष है। नीरज मित्तल हर रोज लोगों की मदद करते है हिंदू हो या मुसलमान मदद के नाम पर आने वाले हर व्यक्ति को यहां निराशा नहीं मिलती जिसके चलते नीरज मित्तल की एक अलग पहचान मेरठ में बन चुकी है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी दी बधाई

नीरज मित्तल को बधाई देने वालों में जहां मेरठ के तमाम नेता दिखाई दिए वहीं लखनऊ और दिल्ली के बड़े नेताओं ने भी फोन के माध्यम से उन्हें बधाई दी। नीरज मित्तल ने बीते दिनों मेरठ में करोड़ों रुपए खर्च किए और धीरेंद्र शास्त्री की कथा भी कराई थी वह क्षेत्र के हर धार्मिक कार्यक्रम और सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते आए हैं।

### पूरे दिन चला बधाई का सिलसिला

नीरज मित्तल के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देने वालों का सिल. सिला पूरे दिन चलता रहा। कंकरखेड़ा में उनके प्रतिष्ठान और आवास पर बधाई देने वालों का जमावड़ा लगा रहा। रविवार के दिन भी यह सिलसिला जारी रहा।

# डीआईजी कलानिधि नैथानी के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार की बड़ी सफलता

■ **24 घंटे में 7858 अपराधियों का हुआ सत्यापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार ने एक बार फिर बड़ी सफलता दर्ज की है। मात्र 24 घंटे के भीतर मेरठ रेंज के चारों जनपदों में पुलिस टीमों ने कुल 7858 अपराधियों का सत्यापन कर सराहनीय कार्य किया है।

अभियान के तहत विगत 10 वर्षों में बाल अपराधों में लिप्त रहे अपराधियों की तस्दीक और सत्यापन के लिए प्रत्येक थाने स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने दिन-रात मेहनत कर अभियान को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। सत्यापन प्रक्रिया में वर्तमान में मौजूद, जेल में बंद, जनपद से बाहर रह रहे, मृत या लापता अपराधियों की भी तस्दीक की गई। जनपदवार उपलब्धि में मेरठ 1781 अपराधियों का सत्यापन, बुलंदशहर में 2697 अपराधियों का सत्यापन, बागपत में 1443 अपराधियों का सत्यापन, हापुड़ में 1937 अपराधियों का सत्यापन किया गया।

### डीआईजी कलानिधि ने बताया ऑपरेशन प्रहार का उद्देश्य

डीआईजी कला निधि नैथानी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराने एवं बाल अपराधों में लिप्त अपराधियों की प्रोफाइलिंग कर उनके पुन: आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की संभावना पर अंकुश लगाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से पुलिस को आपराधिक नेटवर्क की निगरानी में बड़ी मदद मिलेगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी। डीआईजी नैथानी ने अभियान में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा और कहा कि इसी तरह सतर्कता, टीमवर्क और प्रतिबद्धता से अपराध पर नियंत्रण के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। ऑपरेशन प्रहार ने एक बार फिर साबित किया है, कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है।

# पसवाड़ा निवासी सोहित का था किठौर में मिला शव

## 9 अक्टूबर को नलकूप पर मिला था शव, कपड़ों से हुई मृतक के शव की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** क्षेत्र में बीती 9 अक्टूबर को नलकूप की मंजिल पर मिले शव की रविवार को पहचान हो गई। मृतक के परिजनों ने कपड़ों से शव की पहचान पसवाड़ा निवासी सोहित मलिक के रूप में की है। सोहित मलिक 28 अगस्त को घर से नौकरी की तलाश करने की बात कहकर निकला था।

लेकिन वापिस नहीं लौटा था। जिसके बाद परि. जनों ने परीक्षितगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं परिजनों ने किठौर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक को घर से बुलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उधर परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे। गौरतलब है कि बीती 9 अक्टूबर को किठौर थाना क्षेत्र में मेरठ गढ़ मार्ग पर एक खेत में बने नलकूप की छत पर पुलिस को काफी पुरानी डेड बॉडी मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने बॉडी को मोर्चरी भेज दिया था। वहीं रविवार को थाना परीक्षितगढ़ के गांव पसवाड़ा निवासी मोहित मलिक परिजनों के साथ मोर्चरी पहुंचा जहां उसने उसकी पहचान लापता अपने भाई 23 वर्षीय सोहित के रूप में की। मोहित ने बताया कि उसका भाई बीती 28 अगस्त को घर से नौकरी की तलाश की बात कहकर निकला था। लेकिन कोई पता नहीं चल सका था। वहीं मीडिया के माध्यम से मिली खबर के बाद उन्होंने मोर्चरी पहुंचकर शव की पहचान की। वहीं परिजनों में गम का पहाड़ टूट गया। परिजनों ने कहा कि सोहित काफी मुलायम स्वभाव का व्यक्ति था।

# भाजपा देश को हिंदू-मुस्लिम कर खंडित करना चाहती है: लाल बिहारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**


**किठौर।** नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने रविवार को छुछाई में आयोजित पीडीए चौपाल में भाजपा पर देश को हिंदू-मुस्लिम कर खंडित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी की पक्षधर है, जबकि केंद्र और प्रदेश सरकारें भारत के विश्वगुरु होने का दम भर रही हैं, जबकि देश के 80 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।

यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट धार्मिक स्थलों को यथावत रखने का आदेश देता है, लेकिन भाजपा मस्जिदों के नीचे मंदिर तलाश रही है। उन्होंने जातिवाद और छुआछूत को चरम पर बताया, जिसका उदाहरण दलित मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है, और भाजपा अत्याचार, भ्रष्टाचार व भेदभाव की राजनीति कर रही है। उन्होंने प्रदेश में विकास और भाईचारा बहाली के लिए सपा को वोट देने की अपील की। सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कुछ कथित साधु-संतों के माध्यम से धार्मिक कार्यक्रमों की आड़ में भाजपा का प्रचार-प्रसार करा रहा है। उन्होंने कहा कि साधु वस्त्रों से नहीं, बल्कि मन और व्यवहार से होते हैं। भाटी ने सरकार पर पाखंड और अंधविश्वास को बढ़ावा देने, रोजगार के बजाय राशन देने तथा शिक्षा, चिकित्सा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार विपक्ष को खत्म कर तानाशाही स्थापित करना चाहती है। उन्होंने शोषित और वंचित वर्ग से आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर मतदान करने की अपील की, ताकि अत्याचारी सरकार से मुक्ति मिल सके। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व आईएएस आदर्श कुमार और कुंवर देवेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम आयोजक धर्मेंद्र नागर ने कहा कि यदि पार्टी ने आगामी पंचायत चुनाव में मौका दिया, तो वे वार्ड-31 से चुनाव लड़कर जनता की सेवा करेंगे। चौपाल की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने की और संचालन शमीम अहमद ने किया। इस अवसर पर प्रधान खालिद, नूरुल्ला खां, प्रधान अकबर, तिलकराम, अमित कालिया, बरन सिंह, संजय, रामबीर, दिनेश, लीलू और महाराज सिंह सहित लोग मौजूद रहे।

# नंगली पंचायत में युवती बनी एक दिन की प्रधान

■ **मिशन शक्ति के तहत मिली जिम्मेदारी, दिए कई निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ जिले के नंगली किठौर ग्राम पंचायत में महिला सशक्तिकरण के तहत मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मानसी को एक दिन के लिए ग्राम प्रधान बनाया गया। वर्तमान ग्राम प्रधान ब्रजबा. ला ने मानसी को यह जिम्मेदारी सौंपी। एक दिन की प्रधान बनी मानसी ने लेटर पैड पर कार्य किए और परिवार रजिस्टर की नकल बनाई। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय में बनी ऐतिहासिक लाइब्रेरी का भ्रमण किया, और वहां पढ़ने वाले बच्चों से बातचीत की।

मानसी ने ग्राम प्रधान ब्रजबाला के साथ राशन डीलर का निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गईं। उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई और मध्य भोजन के बारे में भी जानकारी ली। संवाददाता को जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान ब्रजबाला ने बताया कि उनके गांव के पंचायत सचिवालय में प्रदेश की पहली आधुनिक लाइब्रेरी जनवरी 2022 में शुरू की गई थी। इसके अतिरिक्त, 20 साल पहले बना स्वास्थ्य केंद्र, जो जर्जर हालत में था, अब पूरी तरह से चालू हो गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनका गांव तंबाकू और तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री से मुक्त है। उल्लंघन करने वालों पर चालान काटा जाता है। ग्राम प्रधान ने गर्व से कहा कि उनका गांव पूरे भारत का तंबाकू मुक्त मॉडल गांव है और उत्तर प्रदेश का पहला तंबाकू मुक्त गांव है। इस कार्य को सफल बनाने में गांव के सभी सम्मानित व्यक्तियों, दुकानदारों, पंचायती राज विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का पूरा सहयोग रहा। ब्रजबाला ने यह भी बताया कि अब वे अपने गांव को जल्द ही शराब मुक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस कार्य के लिए पंचायत का प्रस्ताव तैयार है, एक समिति बनाई जाएगी और इस पर बहुत जल्द काम शुरू किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भैंसी में ट्रैक्टर-बाइक की भीषण टक्कर में दो युवक गंभीर घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के ग्राम भैंसी में रविवार दोपहर पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सकों ने घायलो का उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

रविवार को सुपर स्प्लेंडर बाइक UK 17 T 2911 सवार दो लोग राजेंद्र पुत्र लखमीचंद निवासी देवबंद शुगर मिल कॉलोनी और गौरव पुत्र मदनलाल निवासी रुड़की किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान भैसी गांव में पट्रोल पम्प के समीप सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही खतौली पुलिस मौके पर पहुंची, ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही इस हादसे का मुख्य कारण है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### तीन भाइयों ने दम्पति को किया घायल

**छपार।** तीन सगे भाईयों ने एक दम्पति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने हमलावरों के विरुद्ध थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है। छपार के मजरा जयभगवानपुर निवासी अंकित उर्फ वंचित रात के समय अपने घर के बाहर रास्ते में खड़ा था एक युवक ने उसे अपने घर जाने को कहा तो उसके भाई व उसने गाली गलौज की।आरोप है कि पीड़ित अपने घर पहुंचा तो पीछे से अंकित उर्फ वंचित व उसके दोनों भाई भी आ गये और उन्होंने जमकर पिटाई की उसकी पत्नी उपासना छुड़ाने लगी तो उसकी भी पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग गये। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# डिजिटल अरेस्ट का मास्टर मांइड राजू दो शातिरों के साथ गिरफ्तार

■ **पीडब्लूडी के सेवानिवृत्त अभियंता से डिजीटल अरेस्ट के नाम पर हड़पे थे 33 लाख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीडब्लूडी के सेवानिवृत्त अभियंता से डिजीटल अरेस्ट के नाम पर 33 लाख रूपये हडपने वाले गिरोह के मास्टर मांइड राजू को दो साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह गैंग अब तक 24 करोड से अधिक की ठगी कर चुका है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने एसपी देहात इंदू सिद्वार्थ के साथ साइबर क्राइम थाना पुलिस के गुडवर्क को मीडिया के साथ साझा कि। उन्होंने बताया कि सितंबर माह में पीडब्लूडी के सेवा. निवृत्त अभियंता से डिजीटल अरेस्ट के नाम पर 33 लाख हडप लिए गए थे। साइबर थाने में मुकदमा दर्ज करने के बाद एसपी क्राइम इंदू सिद्वार्थ की अगुवाई में पुलिस साइबर ठगों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी है। दो आरोपी पहले ही पकडे गए थे, लेकिन मास्टर मांइड राजू अपने साथियां के साथ फरार था। साइबर थाना पुलिस ने साक्ष्यां का संकलन करने के बाद आरोपी राजू पुत्र दीपक कुमार निवासी भिलाई छत्तीसगढ और उसके साथी संदीप सिहं उर्फ सुन्नी पुत्र लखविंदर सिहं निवासी अमृतसर पंजाब, अमन सिन्हा पुत्र अशोक सिन्हा निवासी छत्तीसगढ को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि आरोपियों के पास से छह मोबाइल, सिम कार्ड, आधार कार्ड, पास बुक बरामद हुई है। यह गैंग अब तक 24 करोड रूपये से अधिक की साइबर ठगी कर चुकी है। देश के कई राज्यों में ठगी से जुडे 16 मुकदमे दर्ज है। उन्होंने पुलिस टीम को पुरस्ख्रत करने की घोषणा की।

# 250 किलो जब्त मावे की जांच रिपोर्ट का इन्तजार कर रहा स्वास्थ्य विभाग

**मुजफ्फरनगर।** खालापार क्षेत्र में पुलिस ने 250 किलोग्राम मावे से भरी एक डिजायर कार पकड़ी है। यह कार्रवाई फक्कर शाह चौक पर दरोगा लोकेश गौतम के नेतृत्व में की गई। सूचना मिलने पर खाद्य विभाग की आयुक्त अर्चना अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और मावे के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए।

यह मावा मेरठ से मुजफ्फरनगर लाया जा रहा था। गाड़ी में मौजूद व्यापारी ने बताया कि मावा दौराला से लाया गया था और मुजफ्फरनगर में तायल परिवार को इसकी डिलीवरी दी जानी थी। पुलिस ने चेकिंग के दौरान गाड़ी रोकी और उसमें अत्यधिक मात्रा में मावा देखकर खाद्य विभाग को सूचित किया।मावे से भरी गाड़ी पकड़े जाने की खबर फैलते ही शहर के कई मावा व्यापारी मौके पर जमा हो गए। मुजफ्फरनगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मित्तल भी घटनास्थल पर पहुंचे।संजय मित्तल ने कहा कि व्यापार मंडल मिलावट के खिलाफ है और मावे की सैंपलिंग होनी चाहिए।हालांकि, उन्होंने विभाग द्वारा पूरे माल को नष्ट करने की बात पर आपत्ति जताई। मित्तल ने तर्क दिया कि यदि नमूने सही पाए जाते हैं, तो व्यापारी को भारी नुकसान होगा, जिसका जिम्मेदार कौन होगा।उन्होंने मांग की कि सैंपलिंग होने तक मावे को किसी फ्जि में सुरक्षित रखा जाए ताकि व्यापारी का नुकसान न हो। मित्तल ने जिले में एक लैब स्थापित करने की भी मांग की, जिससे सैंपलिंग की प्रक्रिया एक दिन में पूरी हो सके और व्यापारी नुकसान से बच सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल कभी मिलावट करने वालों का समर्थन नहीं करता, लेकिन माल नष्ट करने की बात पर वे पुलिस थाने आए हैं।

### बेरहमी पिटाई करने वाले हमलावर आज हाथ जोड़ते आए नजर

**मुजफ्फरनगर।** तितावी पुलिस ने जसोई गांव में गैर संप्रदाय की युवती से शादी करने के खुन्नस में प्रेमी पर जान लेवा हमला करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बेरहमी से पिटाई करने वाले हमलावर पुलिस के सबक सिखाने पर आज हाथ जोडकर माफी मांगते हुए नजर आए।

तितावी थाना क्षेत्र के जसोई गांव में शनिवार को एक वीडियों वायरल हुआ था, जिसमें सूरज नाम के युवक को कुछ दबंग लाठी-डंडों से पीटते हुए नजर आए थे। गंभीर हालत में सूरज को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने इस मामले में पुलिस को सख्त कार्यवाही के लिए कहा था। पुलिस ने रविवार को तीन हमलावरों नईम, नसीम और वकार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हिरासत में तीनों आरोपी हाथ जोडकर माफी मांगते हुए नजर आए। बता दे सूरज नाम के युवक ने गैर संप्रदाय की युवती से प्रेम विवाह किया था, जो हमलावर को पसंद नहीं आया। इसी खुन्नस में बेरहम तरीके से उसकी पिटाई की थी।

# नौ वर्ष पूर्व बिछड़े मंद बुद्धि युवक के लौटने पर परिजनों मे खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** महाराष्ट्र के ठाणे रेलवे स्टेशन पर नो वर्ष पूर्व परिजनों से बिछड़ गया युवक जमीत कुमार राजधानी दिल्ली मे मुस्लिम परिवार के पास मिला। घर लौटने पर परिजनों मे खुशी की लहर दौड़ गयी।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी के मजरे योगेन्द्र नगर निवासी नवला का परिवार 2016 मे महाराष्ट्र राज्य के जिला ठाणे मे गन्ना कोल्हू पर मजदूरी करने गया था।

घर वापसी के लिए परिवारजन ठाणे रेलवे स्टेशन से राजधानी दिल्ली आने वाली ट्रेन मे सवार हो गये। आपाधापी मे जमीत कहीं गायब हो गया। दिल्ली हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर मंदबुद्धि जमीत की काफ़ी तलाश की गयी किन्तु कोई पता नहीं चल सका।

पूर्व प्रधान इरफ़ान अली अप्पी ने बताया की जमीत के लापता होने के सदमे मे पिता नवला की मौत हो गयी। हाल मे गांव निवासी व्यक्ति विनोद टाइल्स लगाने का कार्य करने दिल्ली के सराये काले खां क्षेत्र मे गया था जहां उसकी नजर जमीत पर पड़ी। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गयी। भाई गुढ्‌ढू, सोनू, ज्योति दिल्ली पहुंचे और इरफ़ान अली के सहयोग से शाहनवाज से मिले जिसके पास जमीत रह रहा था। जहां उसे मुंशी के नाम से जानते थे।रविवार को 21 वर्षीय जमीत के घर लौटने पर परिवार मे खुशी का माहौल है। तीन भाईयों सहित माता बसंती ने जमीत को दुलार किया।

# मुठभेड़ में वाहन चोर घायल, कई वाहन बरामद

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली पुलिस की वाहन चोरों के साथ मुठभेड हो गयी। पुलिस की गोली लगने से एक वाहन चोर घायल हो गया। पुलिस ने घायल वाहन चोर के भाई को काम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वाहन चोरों से चोरी की कार, दो मोबाइल, तमंचे पुलिस ने बरामद किए थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है।

सीओ नई मंडी राजू कुमार साव ने बताया कि नई मण्डी पुलिस शनिवार रात हाइवे पर भोपा पुल के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी । चेकिंग के दौरान बागोवाली की तरफ से तेज गति से आ रही कार को रुकने का इशारा किया गया तो चालक द्वारा कार न रोककर बैरियर से बचते हुए वापस मेरठ रोड की तरफ भागने की कोशिश की। पुलिस टीम द्वारा कार का पीछा किया। बिलासपुर कट के पास घेराबंदी होने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शहजाद निवासी महलकी थाना जानसठ हाल निासी जैननगर खतौली गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश के भाई शादाब को काम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों से पुलिस ने चोरी की कार, दो मोबाइल, फजह्ल नम्बर प्लेट व दो तमंचे बरामद किए है। सीओ नई मंडी ने बताया कि आरोपी लॉक डिकोडर की सहायता से गाड़ियों के लॉक तोड़कर गाड़ी चोरी कर लेते थे तथा चोरी की गयी गाड़ियों को अलग-अलग स्थानों पर बेचकर अवैध धन अर्जित करते थे । बरामद स्वफ्टि डिजायर गाड़ी को उनके द्वारा दिल्ली बॉर्डर के चोरी किया गया था।

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम सिकरेड़ा के निकट रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ई-रिक्शा और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक रविंद्र निवासी कासमपुर खोला और उसमें सवार राममोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि रविंद्र अपने ई-रिक्शा में सवार राममोहन को लेकर मीरापुर से ग्राम कासमपुर खोला लौट रहा था। जैसे ही वह दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम सिकरेड़ा के निकट पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने किसी वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और सीधे ई-रिक्शा से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया और उसमें बैठे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को बाहर निकालकर चिकित्सक के पास पहुंचाया। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। बताया गया कि दोनों वाहन दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# सरताज आलम गाज़ी को खतौली अधिवक्ताओं का मिला समर्थन

**खतौली।** मिर्ज़ा आबिद अली एडवोकेट, अध्यक्ष मिर्ज़ा मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी के चेंबर/आवास पर रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव प्रत्याशी सरताज आलम गाज़ी (एडवोकेट) विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जनाब सरताज आलम गाज़ी ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए चुनाव जीतने के बाद अपने एजेंडे और अधिवक्ता हितों से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिवक्ताओं के कल्याण, सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता में रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित खतौली अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों ने एकमत से सरताज आलम गाज़ी का समर्थन किया और उन्हें प्रथम वरीयता का वोट देने का संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता मुजम्मिल हैदर एडवोकेट ने की, जबकि संच. ालन काज़ी मोहम्मद नईम एडवोकेट द्वारा किया गया।इस अवसर पर सरवर आलम सैफी, चांद मियां, वकील अहमद, शहज़ेब इक़बाल, काज़ी सनी, काज़ी अयाज, काज़ी जहांगीर, काज़ी सउद, दानिश काज़ी, इकरामुद्दीन सैफी, अभिषेक गोयल, फरहान अख्तर, मोहम्मद हारिस, अब्दुल्ला, आमिर खान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# चिकित्सा कैंप का 150 नेत्र रोगियों ने उठाया लाभ



**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के बड़ौत बाइपास पर योगपुरा मंदिर के समीप स्थित शिक्षण संस्था सरस्वती शिशु मंदिर में आज रविवार के दिन भाजपा नेता स्वर्गीय शिवचरण गोयल की पुण्य स्मृति में एक निरूशुल्क नेत्र घशिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बुढ़ाना कस्बा और आसपास के गांवों से आए 150 नेत्र रोगियों का पंजीकरण हुआ। जिसमें 15 नेत्र रोगियों को वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद में निरूशुल्क आपरेशन के लिए भेजा गया। सांवरिया स्वीट्स बुढ़ाना की ओर से कस्बे के सरस्वती घशिशु मंदिर में रविवार को आंखों का घनिरूशुल्क नेत्रघ शिविर का आयोजन हुआ। बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी ने दीप जलाकर घशिविर का उद्घाटन किया। वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद से आई चिकित्सकों की टीम ने नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की। निरूशुल्क नेत्र घशिविर में कस्बा व गांवों से आए महिला एवं पुरूष 150 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच हुई। सभी नेत्र रोगियों को निरूशुल्क दवाई का वितरण किया गया। जिनमें से 15 नेत्र रोगियों को आप. रेशन के लिए चुना गया। अंशुल गोयल ने बताया कि आपरेशन के लिए चुने गए सभी नेत्र रोगियों को निरूशुल्क कार द्वारा गाजियाबाद ले जाया और लाया जाएगा। सभी रोगियों के रहने, खाने व आपरेशन की निरूशुल्क व्यवस्था होगी। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक घशिव कुमार गोयल और ओमप्रक. ाश गोयल परिवार सहित मौजूद रहे।

# दुबई से आये युवक को मिली जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** एक युवक को डेढ़ लाख रुपए लेकर दुबई भेज दिया लेकिन जिस काम के लिए गया था वह नहीं मिला उसके बदले मकान की साफ सफाई कराई गई। पीड़ित बड़ी मुश्किल से वापस आया और रुपये वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव खुडडा निवासी मुजम्मिल का थाना देवबंद के गांव मानकी निवासी दिलबहार के साथ मेलजोल था वे रुपये लेकर विदेश भेजने का काम करते हैं उन्होंने उसे भी दुबई भेजने के एवज डेढ़ लाख रुपए देने को कहा तो उसने 30 हजार रुपए फोन से दिये और एक लाख 20 हजार रुपए नकद दिये। पीड़ित एल्यूमीनियम का कार्य जानता था। उसी के लिए बीजा व हवाई जहाज का टिकट दिया।

आरोप है कि जब वह दुबई पहुंचा तो उसे बताये अनुसार ठेकेदार मिला उसने उसको घर से सफाई का कार्य दिया जिससे वह खुश नहीं था। पीड़ित का कहना है उसने वापस जाने को कहा तो ठेकेदार ने बीजा देने के लिए 25 हजार रुपए की मांग की।

पीड़ित उसे रुपए देकर बीजा वापस लिया ओर वापस घर आ गया। आरोप है कि जब उसने आरोपियों से रुपए वापस मांगे तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी । पीड़ित ने आरोपी दिलबहार, दिल नवाज व उनके पिता महताब के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# साइबर सेल ने लाखों रुपये के 5 फोन पीड़ितों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना की साइबर क्राइम टीम ने अलग अलग समय में खोए हुए लाखों रुपये की कीमत के पांच मोबाइल फोन तलाश करते हुए उनके स्वामियों को कोतवाली बुढाना में बुलाकर सौंप दिए। इस दौरान अपने अपने मोबाइल पाकर मोबाइल फोन स्वामी काफी प्रसन्न नजर आए और उन्होंने कोतवाली बुढाना की साइबर क्राइम टीम का आभार जताया।



मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक क्राइम इंदु सिद्धार्थ, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और साइबर क्राइम टीम द्वारा 05 खोये हुए मोबाइल जिनकी कीमत एक लाख दस हजार रुपये के करीब थी वे पाये जाने पर उनके स्वामियों को बुढाना कोतवाली परिसर में बुलाकर सौंपे गये। इन मोबाइलों को पाकर पांचों मोबाइल फोन स्वामियों ने हर्ष जताते हुए पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

# फ्रेशर पार्टी में आयुषी चुनी गई मिस फ्रेशर व रूबी रही मिस रन अप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** हरबीरी देवी भोपाल सिंह डिग्री कालेज, युसुफपुर में रविवार को फेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनेक प्रस्तुतियां दी। जिसमें आयुषी मिस फेशर चुनी गई।



शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि अजय यादव व प्राचार्य डा. विजय कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्रा रेणुका व शिवानी ने सरस्वती वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया।

छात्रा वंशिका व नेहा ने दिल तेरे पे अरिया ये गाने पर मनोहारी नृत्य किया। छात्रा रेणुका ने चटक मटक बन ठन के आई, आयुषी ने पतली पतली कमर उसकी व शिवानी ने टुकडा ये मेरे दिल का तथा आयुषी ने सेम टाईम सेम टाइम व निकेता ने पनघट पर पायल छूट गई और सुमाइला ने आख्या का ये काजल गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद मिस फेशर के लिए छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें से आयुषी को मिस फेशर चुना गया जबकि मिस रन अप रूबी रही। मिस्टर फेशर के रूप में करण को चुना गया।

कार्यक्रम में विभागीय प्रमुख आशीष कुमार, शिक्षक रोहिताश, अमित कुमार, सत्येंद्र, अंकित कुमार, परविंदर, सुनील व शिक्षिकाएं चेतन लता, नेहा कोमल, सोफिया, शिवानी मौजूद रहे।

# त्यागी ब्राह्मण समाज उत्थान समिति का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** त्यागी ब्राह्मण समाज उत्थान समिति (रजि.) खतौली के तत्वावधान में रविवार को समिति का विशाल वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्तर के लगभग दो सौ मेधावी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मगौरव की झलक दिखाई दी। समारोह की अध्यक्षता धन प्रकाश त्यागी द्धसंरक्षक, त्यागी जागृति समिति, मैथलीत्र्ह ने की। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और सर्वांगीण विकास की दिशा में मिलजुलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सुरेश चन्द्र त्यागी (वाइस चेयरमैन, गोल्ड प्लस) ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और अन्य रचनात्मक गति. विधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. वेद प्रकाश त्यागी और डॉ. विपुल कुमार त्यागी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मबिश्वास और प्रेरणा का संचार करते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रेम चन्द्र त्यागी एवं सुनील कुमार त्यागी ने 'त्यागी दर्पण' पत्रिका के प्रकाशन को समाज में ज्ञानवर्धन और नई सोच को बढ़ावा देने वाला सराहनीय कदम बताया।समारोह के मुख्य संरक्षक डॉ. एन.के. त्यागी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अतिथियों, पदाधिका. रियों, समाज के गणमान्य लोगों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब नई पीढ़ी शिक्षा और संस्कारों के साथ आगे बढ़े। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योगेश त्यागी, हरिराज त्यागी, अशोक त्यागी, नरेश त्यागी,



नितिन त्यागी, अमित त्यागी, सुधीर त्यागी, माद्द विनोद त्यागी, अनिल त्यागी, श्रीधर त्यागी, जय भगवान त्यागी, मदन पाल त्यागी, सतपाल त्यागी, मोहित त्यागी, कपिल त्यागी, राजेन्द्र त्यागी, प्रवीण त्यागी, भारत भूषण त्यागी, निशान्त त्यागी, मनोज त्यागी, सम्राट त्यागी, अश्वनी त्यागी आदि मौजूद रहे। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्रों को विशेष सम्मान दिया गया, जिनमें कु. नव्या त्यागी खो-खो, राज्य स्तर ध्रुव त्यागी मौजूद रही।

# इनकम टैक्स बार ने मनाया दीपावली महोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को मूलचंद रिजॉर्ट्स मे इनकम टैक्स बार द्वारा भारतीय संस्कृति की अनमोल पर्व धरोहर दीपावली महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश लक्ष्मी जी के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे मयंक जैन, पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद हाइकोर्ट, मेम्बर GSTAT प्रिंसिपल बैंच, देहली एवं प्रांजल अनेजा, सेशन एवं डिस्ट्रिक्ट जज, देहली सपरिवार उपस्थित हुए। जिन्होंने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने जीवन के अनुभव सभी से साझा किए। कार्यक्रम मे अनेक रंगारंग प्रस्तुतियों, मुकेश लाल जी,एड का बांसुरी वादन, डांडिया नृत्य और गेम इत्यादि के साथ ही बार के वरिष्ठतम सदस्यों डी पी अनेजा, अशोक जैन , अशोक डोडा, वी के जैन, नरेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता एवं योगेंद्र कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे दिनेश मोहन एड, अवधेश कुमार एड, मुकेश जैन एड, योगेंद्र जैन एड, निखिल छाबड़ा एड, रजनीश गोयल एड, दिनेश जैन एड, अभय गुप्ता एड, विनय सिंघल एड एवं अंकित गुप्ता एड, सभी का सपत्नीक भरपूर सहयोग रहा कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार गर्ग एड ने की तथा संचालन शिशुकांत गर्ग एड द्वारा किया गया।

# गणपति धाम में किया पुस्तक का विमोचन

**मुजफ्फरनगर।** गणपति धाम मंदिर में कार्तिक मास की कथा पर पुस्तक का विमोचन मुजफ्फरनगर। शहर के भरतिया कालोनी स्थित श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर में प्रतिदिन कार्तिक मास की कथा सूर्योदय से पहले की जा रही है। बड़ी संख्या में पहुंचने वाली श्रद्धालु महिलाओं को पंडित कृष्णानंद जी महाराज प्रतिदिन कार्तिक मास की कथा का विभिन्न प्रसंगों के साथ वर्णन करते हुए श्रवण करा रहे हैं। इस अवसर पर कार्तिक मास की विभिन्न कथाओं का संकलन करते हुए कार्तिक कथा संगम के नाम से एक पुस्तक का विमा. ेचन भी रविवार 12 अक्टूबर को उद्यमी समाजसेवी भीमसेन कंसल और कार्तिक कथा व्यास पंडित कृष्णानंद जी महाराज व अन्य लोगों ने किया।



कार्तिक मास महिला मैत्री परिवार की ओर से प्रकाशित इस कार्तिक कथा संगम पुस्तक को स्वर्गीय कांता गोयल जी की स्मृति में प्रकाशित किया गया है। रविवार को सुबह कार्तिक मास की कथा प्रसंग का विश्राम हुआ और कुंज बिहारी जी की आरती होने के बाद पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कार्तिक मास कथा व्यास पंडित कृष्णानंद जी महाराज, उद्यमी समाजसेवी भीमसेन कंसल, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद भारद्वाज, नेहा बंसल, गरिमा गोयल, राधिका देवी, चंपा देवी, मुकेश देवी, कमलेश देवी, सरोज बाला, गरिमा, सरोज रानी, मीनू, माया, सुषमा, गीता, अंजना, मानसी, बबीता, सुनीता, संध्या, स्नेह लता, सुमन ललित, नीलम वत्रा, ममता और मुन्नी के अलावा अंकित अग्रवाल और ओमकार कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राहुल उर्फ मणी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने मे नही है। न ही वह मेरे पास गाव दुधली मे रहता है। इसलिए मैने उसे आज दिनाक 12-10-2025 से करीब 1 माह पहले अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य या लेन देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी ।

**भवदीय**
**बाबूराम पुत्र शिवचरण**
**नि. ग्राम दुधुली थाना व तहसील**
**खतौली जिला मुजफ्फरनगर**

# कड़ी निगरानी में लोक सेवा आयोग की परीक्षा संपन्न

## 15 परीक्षा केंद्रो पर हुई परीक्षा, प्रथम पाली में 3713 और द्वितीय पाली में 3738 रहे अनुपस्थित







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जनपद में15 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी में लोक सेवा आयोग की परीक्षा संपन्न कराई गई। जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रों और कंट्रोल से सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की निगरानी की गई। अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी। परीक्षार्थियों के बैग व अन्य सामान रखने के लिए केंद्र के गेट के बाहर कक्ष में व्यवस्था कराई गई। सुबह की पाली में 3713 और शाम की पाली में 3738 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

सुबह की पाली में 8.30 बजे से 10.30 बजे और शाम की पाली में 2.30 बजे से 4.30 बजे तक परीक्षा हुई। दोनों की पाली में परीक्षा से डेढ़ घंटा पहले परीक्षार्थियों के प्रवेश के लिए केंद्रो का गेट खोला गया। केंद्र के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा से पूर्व सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र पर प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार के पेपर, इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स ले जाने पर प्रतिबंध रहा। केंद्र के गेट पर ही परीक्षार्थियों के बैग व अन्य सामान रखने की व्यवस्था के लिए टोकन व्यवस्था जारी की गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाए गए। कंट्रोल रूम से खाी परीक्षा की निगरानी की गई।

**12480 में से 5029 ने दी परीक्षा,7451 रहे गैरहाजिर**

जनपद में रविवार को हुई लोक सेवा आयोग की परीक्षा में दोनों पाली में पंजीकृत 12480 परीक्षार्थियों में से 5029 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 7451 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। सुबह की पाली में पंजीकृत 6240 परीक्षार्थियों में 808 पुरूष परीक्षार्थी और 1719 महिला परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1155 पुरूष परीक्षार्थी और 2558 महिला परीक्षार्थी अनुपस्थित रही। शाम की पाली में 800 पुरूष और 1702 महिला परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1148 पुरूष और 2502 महिला परीक्षार्थी अनुपस्थित रही। पहली पाली में कुल 2527 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 3713 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं शाम की पाली में 2502 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3738 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**परीक्षा छूटते ही जाम हुआ कोर्ट रोड, लगी वाहनों की कतार**

रविवार को हुई लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लिए नगर के श्री यमुना इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को सभी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सुबह और शाम दोनों पाली में परीक्षा छूटते ही नगर के कोर्ट रोड और सिसाना पर जाम की स्थिति बन गई।

मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई, जिससे लोगों को मार्गों से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। कोतवाली पुलिस जाम खुलवाने के लिए मशक्त करती रही। मार्गों पर वाहनों की खीाड़ होने के कारण पैदल यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

# बीजेपी कार्यकर्ता ललित यादव ने की चुनाव लड़ने की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बागपत के वार्ड नंबर 18 से बीजेपी कार्यकर्ता ललित यादव ने चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, जो 17 वर्षों से विकास की राह देख रही है।

ललित यादव वार्ड नंबर 18 से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। उन्हें बीजेपी पार्टी ने भी इसी वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके समर्थक और क्षेत्र के लोग अब विकास की उम्मीद लगाए बैठे हैं, क्योंकि उनके वार्ड में पिछले 17 सालों से कोई खास विकास कार्य नहीं हुआ है। ललित यादव का कहना है कि वे पिछले 22 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं। युवा होने के नाते उन्होंने इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगाई है। उनका प्राथमिक ध्यान बच्चों की शिक्षा, लोगों के स्वास्थ्य और गांवों के समग्र विकास पर रहेगा। लगभग 50 हजार की आबादी वाले इस वार्ड में लोग ललित यादव को एक मजबूत प्रत्याशी मान रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि वे चुनावी मैदान में जीत हासिल करेंगे और आने वाले समय में संपूर्ण क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करेंगे, साथ ही स्थानीय मुद्दों को भी उठाएंगे।

# सराय मार्ग पर ट्रक ने सब्जी व्रिकेता को कुचला




मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** आजाद नगर निवासी बिजेंद्र 45वर्षीय की रविवार को अमीनगर सराय मार्ग पर ट्रक के कुलचने से मौत हो गई। मंडी में सब्जी खरीदने के लिए जाते समय हुआ हादसा। वह सब्जी बेचने का काम करता था।

मृतक के पुत्र अक्षय ने बताया कि उसके पिता रविवार सुबह अमीनगर सराय मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए गए थे। मंडी से कुछ दूरी पहले ही ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिसकी उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक को मौके से लेकर फरार हो गया। हादसे की सूचना एक सब्जी विक्रेता ने फोन कर अक्षय को दी। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए बागपत भेजा। बिजेंद्र घर में अकेला कमाने वाला था, सब्जी बेचकर होने वाली कमाई से परिवार का खर्च चला रहा था। परिवार में पत्नि, एक लड़का व दो लड़कियां है। मृतक के पुत्र अक्षय ने कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कमैरों की फुटेज देखकर ट्रक के नंबर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से घायल किसान की उपचार के दौरान मौत



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना सुराना मार्ग पर एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया जिसमे एक किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मोदीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी जिससे परिवार में कोहराम मचा है।

ललियाना निवासी 65 वर्षीय सतबीर पुत्र जलवार किसान था और खेती बाड़ी का कार्य करता था रविवार शाम वह अपने ट्रेक्टर को अपने पोते तनिश के साथ चमरावल से धुलाई कराकर वापस ललियाना आ रहा था जब वह सुराना ललियाना मार्ग पर पहुंचा तो सामने से आ रहे एक तेज गति के वाहन को बचाने के प्रयास में उसका ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया जिससे वह ट्रेक्टर के नीचे दब गया राहगीरों और ग्रामीणों ने देखा तो दौड़कर वहा पहुंचे और किसान को गम्भीर अवस्था में निकाल पिलाना सीएचसी पर ले गये जहां से गम्भीर हालत में उसे मोदीनगर के एक अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** वही गढी कलंजरी निवासी 50 वर्षीय बलराज पुत्र महिपाल देर शाम अपने खेत से बाईक द्वारा वापस लौट रहा था रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिससे उपचार के लिए गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में अंतर-विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** माउंट लिटेरा स्कूल के तत्वावधान में रविवार को को शीर्षक से एक भव्य अंतर- विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना था। इस प्रतियोगिता में जनपद एवं बड़ौत नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों क्रिस्टु ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बड़ौत एवं बागपत, सेंट फ्रांसिस स्कूल बिजरौल, बड़ौत, जेपी स्कूल बड़ौत, दून पब्लिक स्कूल बड़ौत, वनस्थली पब्लिक स्कूल बड़ौत, सेंट आरवी स्कूल तथा गेटवे इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बागपत न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल, किडज़ी इत्यादि स्कूलों के लगभग 270 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य निशांत कुमार द्वारा प्रमाणपत्र, पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के निदेशक हंसकुमार जैन, चेयरमैन बिजेंद्र कुमार जैन, तथा प्रबंधन समिति के सदस्य अंकुर जैन, अनुज जैन एवं ऋषभ जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### राष्ट्रीय लोकदल सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली विधानसभा के ग्राम कमाला में राष्ट्रीय लोकदल सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम में ग्रामीणो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्रीय लोकदल में आस्था जताई। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। छपरौली विधायक डा.अजय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र का चहुमुंखी विकास हो रहा है वर्तमान में पार्टी का सदस्यत अभियान चल रहा है। राष्ट्रीय लोकदल में सभी वर्गो का हित निहित है।

# पेट्रोल पंप पर पाइपलाइन बिछाने के दौरान लगी आग, मजदूर झुलसा






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** एक पेट्रोल पंप पर पाइपलाइन बिछाने के दौरान आग लग गई। इस घटना में एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा शनिवार देर शाम हुआ।

इंडियन ऑयल के बिनौली फिलिंग स्टेशन पर कंपनी द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा था। शनिवार देर शाम गढ़मुक्तेश्वर के बाबू, मोमीन, सहारनपुर के आमिर और बुलंदशहर के बल्लन सहित अन्य मजदूर काम कर रहे थे। आजाद नामक एक मजदूर पेट्रोल टैंक के पास पत्थर तोड़ने वाली मशीन से दीवार में सुराख कर रहा था। इसी कार्य के दौरान उठी चिंगारी से टैंक के पाइप में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अन्य श्रमिकों ने तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर सिलेंडरों का उपयोग कर आग पर काबू पाया। हालांकि, इस दौरान बाबू नामक मजदूर आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। पंप मालिक और अन्य श्रमिक उसे तुरंत सीएचसी बिनौली ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बागपत रेफर कर दिया।

# अमर उजाला बड़ौत प्रभारी मुकेश पवार के पिता के निधन पर पत्रकारों में शोक



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी दोघट निवासी चौधरी शीशपाल सिंह 74 वर्ष अमर उजाला बडौत के प्रभारी मुकेश पवार के पिता के निधन पर जनपद के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई।

चौ.शीशपाल सिंह एक किसान परिवार से जुड़े हुए थे उनके निधन पर अनिल शर्मा राजीव पंडित संदीप चौ.प्रमोद पवार महेश शर्मा गौरव चौ. संदीप शर्मा अमित सैनी नरेश पाल तोमर अमित शर्मा नवीन चिकारा नदीम कुरैशी सुनील चौहान बिजेंद्र सिंह ओम दत्त शर्मा राज सिंह सालिम चौधरी मनोज उज्जवल चौधरी धर्मपाल सिंह आदि लोगों ने गहरा दुख प्रकट किया। वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने कहा कि चौधरी शीशपाल सिंह जनपद में एक समाजसेवी के नाम से जाने जाते थे जनपद में सभी के दुख सुख में आने जाने का काम किया करते थे उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने भी गहरा दुख प्रकट किया है।

# डॉ.लोहिया थे भारतीय समाजवादी विचारक:रविंद्र देव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में प्रखर समा. जवादी चिंतक महान स्वतंत्रता सेनानी डा.राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रखर समा. जवादी नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि डा.लोहिया एक महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी चिंतक और ठेठ देसी भारतीय समाजवादी विचारक थे जिन्होंने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में भाग लिया, जेल गए, यातनाएं सही और देश की आजादी के बाद उनका मत था कि भारतीय समाज या जनमानस की समस्याओं का निदान समाजवादी व्यवस्था में ही संभव है। वे जीवनभर राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में शुचिता के पक्षधर रहे, उनके विचार सदियों तक समाजवादी आंदोलन को दिशा देते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, नगेंद्र सिंह, हाजी निजात खान, महबुब मलिक, कविता, सुरेंद्र त्यागी, सन्नी सुलानिया, रोहित सिंह,भालेंद्र यादव, राहुल यादव, रक्षक यादव, परवेज मलिक, राधे गुर्जर, शाकिर दरकावदा आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की मावा भट्टी पर बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रविवार को धनौरा सिल्वरनगर गांव में मावा भट्टी पर कार्रवाई करते हुए दस कुंतल मिलावटी मावा पकड़ा, जिसको जेसीबी से गड्डे खुदवाकर नष्ट किया गया।

डीएम अस्मिता लाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर आम जनमानस को खाद्य एवं पेय पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा धनौरा सिल्वरनगर गांव में मावा भट्टी पर छापेमारी की गई। इस दौरान महताब पुत्र वहीद निवासी की मावा भट्टी पर कार्रवाई करते हुए तीन लाख क़ीमत का करीब दस कुंतल मावा जब्त किया गया, जिसको मानव उपभोग के योग्य न होने के कारण गड्डा खुदवाकर नष्ट किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी यज्ञदत्त आर्य ने मावे का नमूने संग्रहित कर जांच के लिए गोरखपुर भेजा। इस दौरान एसएसआई नरेश चंद यादव, एसआई युद्धवीर सिंह मौजूद रहे।

### कश्यप समाज के लोगों द्वारा मंदिर का निर्माण शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव में में कश्यप समाज का मंदिर बनवाने के लिए एडवोकेट दीपक शर्मा ने एक लाख का दान देकर अपना योगदान दिया। सर्व समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा एडवोकेट के साथ पदाधिकारीयों में सदस्य गण अनिल कश्यप मास्टर राजेंद्र तोमर, प्रमोद तोमर, हरिओम स्वामी, ओमपाल राठी का सहयोग रहा। इस मौके पर सर्व समाज धाम समिति के अध्यक्ष एडवोकेट दीपक शर्मा ने कहा कि कश्यप समाज के लोगों द्वारा मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। इस मंदिर निर्माण में सभी लोग सहयोग करें। नगर की पट्टी मेहर में एक बैठक राधेश्याम भारद्वाज एडवोकेट के आवास पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट राधेश्याम भारद्वाज ने की संचालन पूर्व सभासद ओम प्रकाश टाटु ने किया। बैठक में उपस्थित अंजलि सिंह, चाँदनी जैन, कोताना से आये कश्यप समाज के राजकुमार कश्यप, सुरेंद्र, मनोज कश्यप, योगेश कश्यप आदि ने सहयोग किया गया।

### चतुर्वेद शतकम महायज्ञ हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** ग्वालीखेड़ा गांव में चल रहे दो दिवसीय चतुर्वेद शतकम महायज्ञ का रविवार को राष्ट्र कल्याण की कामना के साथ समापन हो गया, जिसमें आसपास के गांव से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने स्वाहा के उदघोष के साथ आहुति देकर पुण्य अर्जित किया।

# बिल्लू प्रधान ने किया कंपटीशन रागिनी कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को सिंघावली अहीर में दीपावली मिलन और लोक रागिनी-सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन सपा पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने फिता काटकर किया। कार्यक्रम के आयोजक राहुल यादव रहे। कार्यक्रम के दौरान सपा पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने 31000 हजार रूपए का सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सहयोग करने वाली टीम को बधाई दी ओर उन्होंने लोक कलाकारों की प्रस्तुति की प्रशंसा की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जय किशोर, सपा नेता नगेंद्र सिंह, गुर्जर महासभा के अध्यक्ष कर्मवीर तंवर, पहलवान लीलू प्रमुख, डा.शालिनी राकेश, एड.गजेंद्र सिंह बली, कर्मवीर प्रधान, राधे गुर्जर, सतपाल प्रधान, संजय डीलर आदि मौजूद रहे।

# प्रताप गुर्जर को एक बार फिर सौंपी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 8 अक्टूबर को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने अपने पद से प्रदेश समन्वय समिति को इस्तीफा दे दिया था। इस दौरान समन्वय समिति ने उनका इस्तीफा मंजूर तो कर लिया, लेकिन प्रदेश समन्वय ने निर्णय लिया और उनका एक साल का कार्यकाल बढ़ा दिया। इस दौरान प्रताप सिंह गुर्जर को एक बार फिर जिलाध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

भाकियू (टिकैत)के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने अभी पूर्व में ही पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद उनके आवास पर समर्थकों व कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा, जिसके बाद से भाकियू राष्ट्रीय कार्यालय की ओर से एक पत्र जारी हुआ जिसमें उनका कार्यकाल एक साल लिए बढ़ाने की जानकारी मिली। कहा कि प्रताप गुर्जर ने अपनी स्वेच्छा से प्रदेश समन्वय समिति को अपना इस्तीफा दिया था, जिसे समन्वय समिति द्वारा मंजूर किया जाता है, लेकिन समिति ने निर्णय लिया है कि उनके विगत कार्यकाल को देखते हुए आगामी एक वर्ष के लिए उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। प्रताप गुर्जर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाने पर उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने कहा कि चौ.प्रताप सिंह गुर्जर पिछले 17 वर्षों से बड़े कर्मठता और ईमानदारी से जिले की कमान संभाले हुए हैं, जिनकी छवि एकदम गंगाजल की तरह स्वच्छ एवं निर्मल है। जिले के लिए ऐसे ही जिलाध्यक्ष की जरूरत है। इस दौरान चौ. इंद्रपाल सिंह, चौ.हरिंदर दांगी, चौ. उपिंदर तोमर, जितेन्द्र वर्मा, विनोद, जोगिंदर प्रधान, हिम्मत सिंह, अश्विनी ठाकुर, अंकित ठाकुर, वीरेन्द्र पहलवान आदि मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे।

जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 4500 अभ्यर्थीयों ने परीक्षा दी। सुबह से ही अभ्यर्थियों का प्रवेश जारी रहा। जहाँ प्रवेश से पहले उनकी सघन चेकिंग की गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रो. कने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान



संभालते हुए थाना हापुड़ नगर और थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और पुलिस बल को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। एसपी ने परीक्षा केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन रूप से संपन्न



कराया जाए। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रही। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया। प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण, सकुशल एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हो। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

# खेत में निकला 12 फ़ीट लम्बा विशालकाय अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में रविवार की सुबह खेतों में एक विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। विशालकाय अजगर को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अजगर निकालने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर का सफल रेसक्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

मिली जानकारी के अनुसार गांव अकडौली में ग्रामीण जब खेतों की ओर जा रहे थे इसी दौरान उन्होंने खेत की मेड से एक विशालकाय अजगर को रेंगते हुए देखा। अजगर एक झाड़ी में छिपने की कोशिश कर रहा था। विशालकाय अजगर को देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। अजगर निकालने की सूचना



ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलती ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्क़त के बाद विशाल. काय अजगर का सफल रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने अजगर का रेसक्यू करने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। वन कर्मियों के मुताबिक अजगर की लंबाई 10 से 12 फीट के बीच बताई जा रही है जबकि उसका वजन करीब 35 किलो से अधिक बताया जा रहा है। डीएफओ अर्शी मलिक ने ग्रामीणों से अपील की है कि अगर किसी भी व्यक्ति को कोई जंगली जीव या सरीसृप दिखे तो तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दें। खुद से उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। वन विभाग द्वारा अजगर के सफल रेसक्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस व व्यापारियों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली परिसर में थाना प्रभारी पटनीश कुमार की अध्यक्षता में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। आगामी त्योहारों - दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा एवं छठ पर्व के मद्देनजर बाजारों में भीड़-भाड़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर यहां चर्चा हुई।

थाना प्रभारी ने बताया कि भीड़ और जाम से निपटने के लिए एक विशेष योजना बनाई गई है। बाजारों में अतिरिक्त फोर्स व महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाएंगी और पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और उन्हें ठीक से संचालित रखने की अपील की। व्यापारियों ने पुलिस की इस




तैयारी की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस बैठक में व्यापार मंडल के पदा. धिकारियों सहित शहर के कई व्यापारियों ने भाग लिया।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सरस्वती कॉलेज में हुआ वॉकाथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर में स्थित सरस्वती कॉलेज ऑफ में उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में वॉकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक कल्याण को प्रोत्साहित करना और समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को रेखांकित करना था।

वॉकाथॉन का आयोजन 11 अक्टूबर को किया गया, जिसका मार्ग रामलीला मैदान से लेकर एसआईएमएस गेट, पिलखुवा तक रहा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष 10 अक्टूबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने हेतु सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम विभाग मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग द्वारा प्रोफेसर डा. आर मनोहरी शिवकुमार, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग संयोजक एवं प्रोफेसर केतन शर्मा, उप-प्राचार्य सह-संयोजक के नेतृत्व में आयोजित किया गया। वॉकाथॉन में सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल के 300 से अधिक विद्यार्थियों और 55 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता फैलाना, भेदभाव और कलंक को




कम करना तथा मानसिक समस्याओं की शीघ्र पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अवसर पर प्रोफेसर डा. आर मनोहरी शिवकुमार, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्व दिया जाना चाहिए। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डा. जे रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन राम्या रामाचंद्रन ने वॉकाथॉन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से एक स्वस्थ, जागरूक और संवेदनशील समाज के निर्माण के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ा रहा है।

# ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, महिला सहित तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखवा कोतवाली क्षेत्र में रविवार को ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इतना ही नहीं झगडे के दौरान जमकर पथराव भी हुआ। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस में मौके पर पहुंच गई और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के आजमपुर का है। जहा ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट के दौरान घर की छत से पथराव भी हुआ। इस दौरान एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। मारपीट की सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने घायलों को नजदीक की अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि गांव आजमपुर में ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में झगड़े की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अराजकता फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

# वेयरहाउस में मैनेजर के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित एक वीआईपी वेयरहाउस में कार्यस्थल पर विवाद के बाद मैनेजर के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने तीन कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

मुख्य रूप से झांसी जनपद के गुरसराई निवासी मैनेजर अंकुर जैन द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, कंपनी में कार्यरत तीनों आरोपियों - देवेंद्र उर्फ छोटू, देवराज और सचिन उर्फ जादू सभी ग्राम लाखन, पिलखुवा निवासी ने 8 अक्टूबर को उनके साथ अशालीन भाषा का प्रयोग करते हुए शारीरिक हमला किया। मौके पर भीड़ जमा होते देख आरोपियों ने जानलेवा हमले की धमकी देकर फरार हो गए। इस हमले में अंकुर जैन को शारीरिक चोटें आई हैं। पुलिस द्वारा इस मामले में धमकी और मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आरोपियं की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी है तथा दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## नशे की हालत में खड़े युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना क्षेत्र के देहपा पुलिया पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसा घटित हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जानकारी के अनुसार, मोहल्ला डाबरिया का 30 वर्षीय संजय नशे की हालत में पुलिया पर खड़ा था कि तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में संजय का पैर टूट गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से बाद में चिकित्सकों ने उसे उन्नत इलाज के लिए मेरठ रेुर कर दिया। वहीं, बाइक चालक घटना के तुरंत बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश जारी है। कोतवाली प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### एनएच-9 पर हुई सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, ड्राइवर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शनिवार तड़के एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक डीसीएम वाहन के चालक की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी के ग्राम सिसौरा निवासी गुरमुख सिंह अपनी डीसीएम कंेटर में अनानास लादकर सिलीगुड़ी से दिल्ली जा रहे थे। एनएच-9 पर फ्लाईओवर के पास पिलर नंबर 34-35 के पास उनके वाहन का तेल खत्म हो गया। जब गुरमुख सिंह वाहन का निरीक्षण करने के लिए नीचे उतरे, तभी हापुड़ से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में मौजूद क्लीनर सर्वजीत सिंह सुरक्षित बच गए। मौत के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तेज रफ्तार वाहन चालान के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश जारी है।

### दीपोत्सव 2025 का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** लाला गंगा सहाय धर्मशाला में संस्कार भारती जनपद द्वारा दीपोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, नाट्य और रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से समरसता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि बीके मित्तल और अध्यक्ष विभू बंसल ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के 23 सदस्यों को संस्कार रत्न सम्मान से भी नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विशाल कौशिक ने किया।

### किसानों की समस्याओं को लेकर आज होगी भाकियू संघर्ष की महापंचायत, जुटेंगे हजारों लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ मेरठ रोड की जर्जर सड़क की मरम्मत न होने के साथ ही बकाया गन्ना भुगतान की अदायगी समेत अन्य जन समस्याओं को लेकर भाकियू संघर्ष की महापंचायत में हजारों की भीड़ जुटने का दावा किया जा रहा। भाकियू संघर्ष के बैनर तले आज गढ़ चौपला के गुरुद्वारा परिसर में महापंचायत का आयोजन किया जाना है। जिसमें अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर, राष्ट्रीय महासचिव गब्बर सिंह चेयरमैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष नितेश पंडित, जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रधान आदि ने अलग अलग टीम बनाकर तहसील क्षेत्र के गांवों में सघन जनसंपर्क किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर ने बताया कि महापंचायत में मुख्य रूप से गढ़ मेरठ रोड की जर्जर हो रही सड़क की मरम्मत के साथ ही पिछले साल के बकाया चल रहे गन्ना भुगतान की अदायगी समेत क्षेत्रीय जनता से जुड़ीं अन्य प्रमुख समस्याओं को उठाया जाएगा।

### स्कूटी सवार युवक के सामने आया तेंदुआ, लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** रास्ते में अचानक तेंदुआ आने पर बुलंदशहर का युवक स्कूटी की रफ्तार बढ़ाकर भाग निकला, जिसके द्वारा सूचना दिए जाने पर काफी लोग मौके पर एकत्र होकर खोजबीन करने में जुट गए। परंतु अथक प्रयास के बाद भी तेंदुए का कोई अता पता लग पाना संभव नहीं हो पाया। जनपद बुलंदशहर के बीबीनगर क्षेत्र में रहने वाला विनोद शनिवार की रात को सिंभावली क्षेत्र के गांव धनपुरा से अपने घर को लौट रहा था। रास्ते में हिम्मतपुर रोड पर पहुंचते ही रेलवे फाटक के पास अचानक सामने तेंदुआ आने पर विनोद के होश उड़ गए, जो अपनी स्कूटी की रफ्तार बढ़ाकर वहां से भाग निकला। इस संबंध में सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंच गई, परंतु काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी तेंदुए का कोई अता पता लग पाना संभव नहीं हो पाया। जयपाल, सुनील, हारून, सुखबीर ने बताया कि करीब एक माह पहले भी इसी स्थान पर तेंदुआ और उसका शावक दिखाई दिया था, परंतु वन विभाग धरपकड़ करने में पूरी तरह किल साबित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर ाि से तेंदुआ दिखाई दिया है, वहां से होकर एक स्कूल, तीन इंटर कॉलेज और एक डिग्री कॉलेज के हजारों छात्र छात्रा आवागमन करते हैं, इसलिए वन विभाग को पिंजरा लगाकर तेंदुए की जल्द से जल्द धरपकड़ करनी चाहिए। वन रेंजर करनसिंह का कहना है कि इस संबंध में कोई भी सूचना नहीं मिल पाई है, परंतु अब विभागीय स्तर से टीम भेजकर जांच पड़ताल कराई जाएगी। अगर तेंदुआ दिखाई दिया है तो उसकी धरपकड़ को पिंजरा लगवाने के साथ ही अन्य सभी प्रयास किए जाएंगे।

# मुकदमे के आरोपी ने पीड़िता को दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमलापुर में एक मुकदमे की आरोपी पक्ष द्वारा पीड़िता और उसके परिवार को लगातार डराए-धमकाए जाने का गंभर मामला सामने आया है। पीड़िता हिना ने कोतवाली में दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फैजान और उसके परिवार वाले लगातार उसे समझौता करने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

पीड़िता के अनुसार, 29 सितंबर को जब फैजान जेल से रिहा हुआ, तभी से उसके परिजन उसके घर के बाहर शोर-शराबा करने, पटाखे फोड़ने और गाली-गलौज करने लगे। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब शनिवार की सुबह हिना अपनी बेटी और पत्नी के साथ जंगल जा रही थी। इसी दौरान फैजान और उसके साथियों ने उसका रास्ता रोककर स्पष्ट रूप से जान से मार देने की धमकी देते हुए मुकदमा वापस लेने को कहा। पुलिस ने इस गंभीर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कोतवाली प्रभारी ने पुष्टि की कि मामले की गहन जाँच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा की विद्वत संगोष्ठी, आरक्षण पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन की एक महत्वपूर्ण विद्वत संगोष्ठी बैठक नगर के स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित देवलोक कालोनी में आयोजित हुई। इस बैठक में हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा और बुलंदशहर जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली प्रदेश संयोजक पंडित आदित्य मोहन शर्मा और अध्यक्ष संगठन के वरिष्ठ सदस्य पंडित धर्मपाल शर्मा रहे। मंच पर पंडित प्रदीप शर्मा पश्चिमी प्रदेश प्रभारी, सुशीला शर्मा और पंडित बिजेंद्र शर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। मंच संचालन मीडिया प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश पंडित राकेश कुमार कौशिक ने किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज की वर्तमान स्थिति पर विचार रखे। संगठन ने आरक्षण व्यवस्था को सभी समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि इसके कारण दलित और पिछड़ा वर्ग शिक्षा प्रतियोगिता में पिछड़ता जा रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने फोन द्वारा संबोधित करते हुए पदाधिका. रियों से संगठन के प्रति कट्टर बनने और समाज को ब्राह्मण की ताकत का अहसास कराने का आहवान किया। उन्होंने विशेष रूप से ब्राह्मण समाज को वोट के प्रति जागरूक करने और वोट की शक्ति को दलगत राजनीति की गुलामी से बाहर निकालकर शक्ति में परिवर्तित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोई भी



राजनीतिक दल ब्राह्मणों के हित में काम नहीं कर रहा है। पश्चिमी प्रदेश प्रभारी पंडित प्रदीप शर्मा ने शहर घर फरसा कार्यक्रमश के तहत 501 फरसों के वितरण की घोषणा की। डाक्टर मनोज गौड़ को संगठन में उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश मनोनीत किया गया। बैठक में जिला बुलंदशहर सहित अन्य क्षेत्रों के कई पदाधिकारियों को मनोनीत कर संगठन का विस्तार किया गया। कार्यक्रम में डा. मनोज गौड़, पंडित रामकिशन शर्मा गाजियाबाद जिलाध्यक्ष, पंडित प्रवीण शर्मा बुलंदशहर जिलाध्यक्ष, मोहिनी शर्मा हापुड़ महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्षा और पंडित दुष्यंत शर्मा जिलाध्यक्ष परशुराम सेना हापुड़ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लगातार हो रहे गंगा के भूकटान से मंडरा रहा खतरा

**गढ़मुक्तेश्वर।** बाढ़ के दौरान हजारों बीघा जंगल में भूकटान के बाद अब पड़ोसी गांव के लोगों द्वारा गांव गड़ावली के अस्तित्व पर खतरा मंडराने से भयभीत ग्रामीणों ने अवैध बालू खनन की रोकथाम को पुलिस में गुहार लगाई।

गंगा नदी में दो बार आई बाढ़ के कारण किनारे वाले जंगल में बड़े स्तर पर भूकटान होने से हजारों बीघा भूमि गंगा में समा गई थी। भूकटान से प्रभावित जंगल में अवैध रूप से बालू खनन होने की शिकायत लेकर गड़ावली के ग्रामीणों की भीड़ प्रधान प्रेमसिंह राणा के नेतृत्व में कोतवाली पहुंची। ग्रामीणों ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पड़ोसी गांव चक लठीरा के लोग वन विभाग की भूमि समेत उनके खेतों में अवैध रूप से बालू खनन करा रहे हैं, जिससे आगे



चलकर गांव गड़ावली की आबादी को गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रधान ने अवैध बालू खनन पर प्रभावी ढंग में रोक लगाए जाने के साथ ही गंगा के भूकटान से संबंधित अपनी कृषि भूमि में किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा करने वालों पर भी अंकुश लगाए जाने की मांग उठाई। गांव के चौकीदार जयकिशन सिंह ने कहा कि अगर गांव चक लठीरा के लोगों पर नकेल नहीं कसी गई तो फिर बालू खनन की आड़ में वे उनके खेतों में भी कब्जा कर लेंगे। इंस्पेक्टर मनोज कुमार बालियान का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत पर संबंधित मामले की जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने भरी आंदोलन की हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने अपने ही गन्ने का भुगतान न मिलने को किसानों को खुला उत्पीड़न बताते हुए गन्ना भुगतान चुकता होने तक वसूली अभियान को पूरी तरह न रोके जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

भाकियू टिकैत के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष यामीन मलिक का सिंभावली क्षेत्र में उनके पैतृक गांव बक्सर में सर्वसमाज के लोगों द्वारा फूलमाला पहनाकर जोरदार ढंग में अभिनंदन किया गया। इस दौरान यामीन मलिक ने कहा कि नियमावली के तहत ब्याज तो दूर बल्कि अभी तक किसानों को अपने ही गन्ने का असल भुगतान तक मिल पाना संभव नहीं हो पाया है, जिससे आर्थिक तंगी में घिरे किसानों को बच्चों की ब्याह शादी समेत अन्य जरूरतपूर्ति के लिए बैंक और साहूकारों से ब्याज पर कर्ज तक लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा आय दोगुनी करने का जो वादा किया गया था, वह किसानों की दुर्दशा दूर न होने के कारण अभी तक पूरी तरह बेइमानी साबित हो रहा है। मलिक ने कहा कि गोशाला, आश्रम स्थल और गोसंरक्षण केंद्र की योजना पर अरबों रुपये की भारी भरकम रकम खर्च होने के बाद भी आवारा पशुओं पर कोई नकेल कस पानी संभव नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों द्वारा कड़ी मेहनत मशक्कत और गाढ़ी कमाई के पैसों से उगाई हुईं फसलों में हो रही बर्बादी रोकने के लिए किसानों को जान हथेली पर रखकर सुनसान जंगल में रातभर पहरेदारी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। मलिक ने कहा कि जब तक गन्ने का भुगतान



पूरी तरह क्लीयर नहीं हो जाता है, तब तक सरकारी स्तर से चलाया जा रहा वसूली अभियान पूरी तरह रोका जाए। अन्यथा किसानों के इस उत्पीड़न के विरुद्ध जल्द ही भाकियू द्वारा सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान महेंद्र सिंह, रविपाल, सुनील सिंह, आसिफ, विनोद कुमार, देवेंद्र पाल, कुलदीप सिंह, सुखबीर, आरिफ खां, अनिल कुमार, जयवीर सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 550 किलो नकली पनीर जब्त

■ खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच के बाद कराया नष्ट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में खाद्य सुरक्षा विभाग ने दिवाली अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने लगभग 550 किलोग्राम मिलावटी पनीर जब्त किया, जिसे बाद में नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई आम जनमानस को मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों से बचाने के उद्देश्य से की गई है।

यह कार्रवाई 11-12 अक्टूबर 2025 की देर रात की गई। गौतमबुद्धनगर के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल और रविंद्र नाथ वर्मा की टीम ने चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोका। यह वाहन हरियाणा के मेवात स्थित जंगी मिल्क प्लांट का था और दिल्ली-एनसीआर के जिलों में पनीर की आपूर्ति करता था।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय सर्वेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह पनीर मिलावटी और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त प्रतीत हुआ। विस्तृत जांच प्रयोगशाला से कराए जाने के लिए इसका नमूना लिया गया। शेष लगभग 550 किलोग्राम पनीर को भंगेल, नोएडा स्थित न्यू गढ़वाल डेयरी पर विनष्टीकरण के लिए जब्त कर सुरक्षित रखा गया।

इस जब्त किए गए पनीर को 12 अक्टूबर की सुबह नोएडा अथॉरिटी के सहयोग से नष्ट कर दिया गया। आयुक्त ने आगे बताया कि त्योहारों को लेकर यह अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है, जहां भी मिलावटखोरी की जा रही है, वहां कार्रवाई की जा रही है और दूषित खाद्य पदार्थों को नष्ट किया जा रहा है।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में सरेराह मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर 39 थानाक्षेत्र स्थित ग्रेट वैल्यू शरण सोसाइटी के बाहर मामूली विवाद में दो बाइक सवारों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हेलमेट से प्रहार किया। घटना का 29 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। किसी भी पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की है। एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक मामला संज्ञान में आया है,जहां पर दो बाइक सवारों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। वीडियो सेक्टर-39 थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि हेलमेट पहना व्यक्ति नीली टीशर्ट पहने ऑनलाइन डिलीवरी करने व्यक्ति से हाथापाई कर रहा है, जबकि लाल टीशर्ट पहना व्यक्ति हेलमेट पहने व्यक्ति को रोक रहा है।

# तीन साल की मासूम से गंदी हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को तीन साल की मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर पार्क में ले जाने का प्रयास कर रहे युवक को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान संजय (30) निवासी हमीरपुर के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में गांव साकीपुर में किराये के घर में रहता है। आरोपी पेंट का काम करता है।

मैनपुरी निवासी एक दंपती दिवाली से पहले हर बार रंगोली आदि बेचने के लिए ग्रेटर नोएडा आते हैं। इस बार बार परिवार एच्छर मार्केट के पास रंगोली बेचने लिए आया है। उनके साथ एक तीन साल की बच्ची भी है। परिवार पास के एक पार्क में झुग्गी आदि बनाकर रहता है। रविवार सुबह करीब 11 बजे महिला रंगोली बेचने के लिए मार्केट में जा रही थी। उसके साथ बच्ची भी थी। वह पीछे-पीछे पैदल ही चल रही थी। इसी दौरान आरोपी बच्ची को खाना खिलाने के बहाने हाथ पकड़कर अपने साथ साथ ले जाने लगा। आगे चल रही मां को जब बच्ची के गायब होने का अहसास हुआ तो उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान पास में केले की ठेली लगाए एक व्यक्ति ने कहा कि उसने एक युवक को बच्ची को ले जाते हुए देखा है। बच्ची आरोपी के पीछे चिल्लाते हुए भागी और कुछ ही दूरी पर उसे स्थानीय निवासियों की मदद से पकड़ लिया। लोग ने जब उसे बच्ची को ले जाने का कारण पूछा तो वह सही-सही जवाब नहीं दे पाया। गुस्सा लोगों ने उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

**शराब तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है आरोपी:** स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी का इरादा सही नहीं था। अगर समय रहते उसे नहीं पकड़ा जाता तो वह बच्ची के साथ गलत हरकत कर सकता था। साथ ही उसके बच्ची को तस्कर गिरोह के सौंपने को भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

वहीं पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी ने बच्ची को खाने की चीज दिलाने का झांसा देकर अपने साथ पार्क की ओर ले जाने की कोशिश की। उसी दौरान बच्ची की मां और आस-पास मौजूद लोगों ने संदेह होने पर उसे रोक लिया और पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बच्ची की मां पास में रहती हैं। बच्ची के परिजनों ने किसी आपत्तिजनक घटना के घटित होने की पुष्टि नहीं की है। उन्होंने किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की है। वहीं कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि आरोपी पिछले साल शराब तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है।

# ग्रेनो की गलियां एलईडी लाइटों से जगमग होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा ईस्ट इलाके के अस्तौली, मंडी श्यामनगर, कासना व घरबरा समेत 58 गांवों में गलियां 35 सौ से अधिक एलईडी स्ट्रीट लाइटों से जगमग होंगी। प्राधिकरण ने निविदा की प्रक्रिया पूरी कर दीवाली से पहले काम शुरू करा दिया है। यह काम चार माह के अंदर पूरा करना होगा। इससे गांव की बाकी बची गलियां भी दूधिया रोशनी होगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रकाश की बेहतर व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट लगाने की योजना पर काम तेज कर दिया गया है।

सर्वेक्षण कर नई गलियों को चिन्हित करने के साथ पहले से लगी उन एलईडी लाइट को भी ठीक किया जा रहा है, जो बंद पड़ी हैं। इससे संबंधित कई निविदाएं जारी की गई हैं। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अजीत भाई पटेल ने बताया कि वर्क सर्किल-8 के अस्तौली, मंडी श्यामनगर, कासना, दलेलगढ़, घंघोला,घरबरा, गिरधरपुर, डाढ़ा समेत क्षेत्र के 58 गांवों में एलईडी लाइट लगाने का काम शुरू करा दिया गया है। इन गांवों में 3740 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इसके साथ ही 119 किलोमीटर क्षेत्रफल में केबल बिछाने का काम किया जाएगा।

इस पर 3.07 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है। यह काम चार माह के अंदर काम पूरा करना होगा। कार्यदायी फर्म को छह माह का समय दिया गया है। गांवों का विस्तार होने से कुछ गलियों में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम बाकी रह गया था।

दरअसल, बिजली की बचत के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एलईडी स्ट्रीट लाइट परियोजना के तहत शहर के आवासीय, औद्योगिक और संस्थागत श्रेणी के सेक्टरों के अलावा क्षेत्र के गांवों में भी सोडियम लाइट को हटाकर उनके स्थान पर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का काम कर रहा है। इसके तहत अब तक डेढ़ लाख से अधिक एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जा चुकी हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान गांवों का विस्तार होने से नई गलियों में अंधेरा रहता है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने गांवों में शेष कार्य पूरा करने का निर्णय लिया है।

सेक्टरों और गलियों में आए दिन छाया रहता अंधेरा ग्रेटर नोएडा में स्ट्रीट लाइट के रखरखाव की जिम्मेदारी सूर्या कंपनी के पास है। सोडियम लाइट के स्थान पर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के दौरान कंपनी ने बड़े-बड़े दावे किए, पर स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। सेक्टरों और गांवों की गलियों में अंधेरा छाया रहता है। स्ट्रीट लाइटें आए दिन बंद रहती हैं।

लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान समय से नहीं किया जाता। इसमें सुधार करने की जरूरत है। शवर्क सर्किल आठ के 58 गांवों की नई गलियों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू करा दिया गया है। पहले से लगी स्ट्रीट लाइट को भी ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत

■ परिजनों ने लाप. रवाही का आरोप लगाया, सीएमओ से शिकायत की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। परि. जनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है और सीएमओ से शिकायत करने की बात कही है।

यह घटना गुरुवार शाम की है। भोगपुर गांव निवासी पंकज (25) अपनी मोटरसाइकिल से हाईवे पर जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल अवस्था में पंकज को कोट गांव स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती करने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर करने की बात कही गई। उनका कहना है कि अस्पताल में न तो कोई डॉक्टर मौजूद था और न ही किसी ने इमरजेंसी में उसकी जांच की। जब रेफर करने की बात आई, तो पता चला कि अस्पताल में एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं थी। परि. जनों का आरोप है कि सही इलाज न मिलने के कारण पंकज की मौत हो गई। इसके बाद उसके भाई ने अस्पताल का एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने बताया कि अस्पताल में इलाज न होने के कारण उसके भाई की जान चली गई।

उसने यह भी कहा कि अस्पताल में न डॉक्टर हैं और न ही एंबुलेंस। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद परिजनों ने जोरदार हंगामा भी किया।

फिलहाल, परिजनों ने इस पूरे मामले की शिकायत सीएमओ से की है। उनका कहना है कि ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जो मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करते हैं और समय पर इलाज नहीं देते हैं।

## चालक भाई के साथ कार लेकर फरार

**नोएडा।** हाथरस का चालक अपने मालकिन की कार लेकर राजस्थान चला गया और अब दो माह का वेतन भिजवाने के बाद वाहन मिलने की धमकी दे रहा है। कार स्वामिनी ने मामले की शिकायत सेक्टर-126 थाने की पुलिस से की है। इस मामले में चालक और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। असगरपुर गांव निवासी पिंकी चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रेडिंग कंपनी चलाती हैं। उन्होंने हाथरस के राजेश कुमार को बतौर कार चालक रखा हुआ है। वह तीन माह से नौकरी कर रहा है। 29 सितंबर को राजेश अपने भाई सतवीर कुमार के साथ कार लेकर चला गया।

कई दिनों तक वापस नहीं आया। अब वह फोन कर कह रहा है कि राजस्थान कोटपुतली में है। अगर कार वापस लेनी है तो दो माह का वेतन भेजवा दो।

# जीवन भर की पूंजी फ्लैट खरीदने में लगाई, अब तक नहीं हो पाई रजिस्ट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रजिस्ट्री कराने के लिए पांच साल से प्राधिकरण और बिल्डर कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। कोई सुनवाई करने को तैयार नहीं है। फ्लैट का कब्जा देते समय कहा गया था कि जल्द उनकी रजिस्ट्री शुरु करा दी जाएगी। वर्षों बीत गए अब तक रजिस्ट्री कराने के लिए बिल्डर आगे नहीं आ रहा है। यह मामला जेकेजी पाम सोसायटी का हैं।

निवासियों का आरोप है कि बिल्डर से इस मुद्दे पर बात करने की कोशिश करने पर वह आनाकानी करने लगता है। रजिस्ट्री नहीं होने से लोगों को मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि सोसाइटी में पिछले काफी समय से लोग बिल्डर से रजिस्ट्री शुरू कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन रजिस्ट्री शुरू होना तो दूर, बिल्डर की ओर से न तो कोई सीधा जवाब मिल रहा है और न ही बैठक का समय। आखिरकार मजबूर लोगों ने प्रदर्शन करने का रास्ता अपनाया और रैली निकालते हुए रजिस्ट्री की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सबने जीवन की पूंजी बिल्डर को सौंप दी। उसके बाद भी उन्हें उनका ही हक नहीं मिल पा रहा है।

**2020 में फ्लैट मालिकों को मिला था कब्जा:** निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में 500 से अधिक परिवारों को 2020 में फ्लैट मालिकों को कब्जा मिला था, जिनकी रजिस्ट्री अब तक नहीं हो पाई है। रजिस्ट्री न शुरू होने की वजह से बिल्डर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का करीब 22 करोड़ रुपये का बकाया है। रजिस्ट्री न होने के कारण रिसेल हो रहे फ्लैट पर बिल्डर 1000 से 1500 रुपये स्क्वायर फुट तक ट्रांसफर चार्ज वसूल कर रहा है। इससे निवासियों पर एक से दो लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

**100 रुपये प्रतिदिन देना पड़ रहा अतिरिक्त चार्ज:** निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में कोई सुविधा नहीं मिल रही है। उसके बाद भी मेंटेंनेंस वसूला जा रहा है। निवासियों का आरोप है कि यदि कोई समय पर मेंटेंनेंस शुल्क देना भूल जाता है तो उससे प्रतिदिन 100 रुपये अतिरिक्त चार्ज वसूला जा रहा है। निवासियों की ओर से विरोध जताने पर कोई जवाब नहीं दिया जा रहा।

## एक नजर

### फ्लैट से गहने और नकदी चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर 134 स्थित जेपी क्लासिक सोसाइटी के फ्लैट से चोर गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गए। एक्सप्रेसवे थाने में दी शिकायत में अर्पिता सिंह ने बताया कि जब उनके फ्लैट में चोरी हुई वह जमशेदपुर गई हुई थीं। वहां से पांच अक्टूबर को लौटीं तो फ्लैट में चोरी होने का पता चला। चोर फ्लैट से सोने के दो कंगन, चांदी की दो जोड़ी पायल, चांदी के दो जोड़ी कड़े, एक घड़ी और नकदी चोरी कर ले गए। चोरों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। सोसाइटी के अंदर चोरों का दाखिल होना और फ्लैट में चोरी करना सोसाइटी के सुरक्षा प्रबंधन पर भी सवाल उठा रहा है।

### सरकारी योजना से कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 35 लाख का ऋण दिलाने के नाम पर दंपति से एक युवक ने 1.20 लाख रुपये की ठगी की गई। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने धमकी दी। पीड़ित महिला ने फेज-तीन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दिव्यांग रूपलता शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह पति विनोद शर्मा के साथ गांव में रहती हैं। पति चक्की चलाते हैं। फरवरी 2025 में दुकान पर आकाश शुक्ला नाम का व्यक्ति आया था। उसने खुद को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से जुड़कर काम करने वाला होने का दावा किया।

दंपति को दिव्यांग कोटे से 35 लाख रुपये का सस्ती दरों पर ऋण दिलाने का झांसा दिया। कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए दंपति ऋण लेने के लिए तैयार हो गए। आकाश कुछ दिनों बाद दुकान पर आया। ऋण के लिए आवेदन करने की बात कहकर आधार, पैन कार्ड और रूपलता का दिव्यांग प्रमाणपत्र लेकर चला गया। ।आरोप है कि इसकी एवज में आरा. ़पी ने कई बार में 1.20 लाख रुपये ले लिए। काफी दिन बीतने के बाद पीड़िता ने ऋण के बारे में पूछा तो आकाश टरकाने लगा। जानकारी करने पर पता चला कि वह ऋण दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हवा की रफ्तार घटी, धूल और मिट्टी ने बढ़ाया प्रदूषण, दो दिन रेड सिग्नल के आकड़े दर्ज



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर से बिगड़ने लगा है। बीते तीन दिनों में हवा की गति चार किमी प्रति घंटा कम हुई है। इन दिनों में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा है। दीपावली का त्योहार नजदीक है। नोएडा- ग्रेटर नोएडा में हवा की स्थिति को धूल और मिट्टी ने बिगाड़ना शुरू कर दिया है। रविवार को नोएडा का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 180 और ग्रेटर नोएडा का 189 दर्ज हुआ। दर्ज हुए प्रदूषण के स्तर के अनुसार हवा में पीएम (पार्टिकुलेट मैटर) 10 की मात्रा सामान्य से अधिक रही। यह धूल के छोटे कण होते हैं, हवा में घुलने से प्रदूषण को बढ़ाते हैं।

रविवार को दर्ज हुए नोएडा के प्रदूषण के स्तर में सेक्टर-125 क्षेत्र का एक्यूआई 230 बेहद खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। एक और 11 अक्टूबर को शहर की हवा सबसे ज्यादा खराब रही। हवा की गति आठ किमी प्रति घंटे की दर्ज हुई, जबकि शुक्रवार को 12 किमी प्रति घंटे की दर्ज हुई थी। बढ़ते प्रदूषण के बाद भी शहर की सड़कों पर बिना पानी के छिड़काव के झाड़ू लगाने का कार्य हो रहा है। टूटी सड़कों में सुधार नहीं हो सका है। वाहनों से उड़ती धूल शहर की हवा को बिगाड़ रही है। बढ़ता प्रदूषण बुजुर्ग और बच्चों के लिए सबसे अधिक परेशानी की वजह बनता है।

**आरएमसी प्लांट और हॉटस्पॉट पर नहीं दिखा प्रभावी असर:** शहर में प्रदूषण बढ़ने की मुख्य वजह निर्माण कार्यों से उड़ती धूल, भारी यातायात और जाम, सड़कों से उड़ती धूल और कई प्रमुख हाट स्पाट हैं जहां प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्य किए जाते हैं। प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ने के बाद भी निर्माण कार्य बगैर मानकों के हो रहे हैं। सुबह और शाम के वक्त लगने वाले जाम से निजात नहीं मिली है। सड़कों और हाट स्पाट पर पानी का छिड़काव संबंधी कार्य अभी शुरू भी नहीं किए गए हैं।

# शोहरत की चाह में छूटी समझदारी, सड़कें बन रहीं जोखिम की सवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर मशहूर होने की चाहत ट्रैफिक पुलिस के लिए आफत बनती जा रही है। ट्रैफिक पुलिस से मिले आकड़ों के अनुसार सड़कों पर वाहनों से जानलेवा करतब (स्टंट) दिखाने का क्रेज युवाओं में सर चढ़कर बोल रहा है। सोशल मीडिया पर लाइक्स, व्यूज और उससे धन कमाने की चाहत उन्हें खतरनाक स्टंटबाजी की ओर तेजी से धकेल रही है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार आमतौर पर वायरल होने वाले वीडियो में देखा गया कि युवा शहर की व्यस्त सड़कों को खतरनाक स्टंटबाजी के लिए चुनते हैं। यह अपनी जान को खतरे में तो डालते ही हैं साथ ही राहगीरों की जान को भी जोखिम में डालते हैं। ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होना आम बात होती जा रही है। बढ़ते मामलों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने अब सोशल मीडिया पर निगरानी बनाए रखने के लिए एक अलग टीम गठित कर दी है। यह टीम सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जा रहे ऐसे वीडियो नजर रखेगी और आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई भी सुनिश्चित करेगी।

> खतरनाक स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाती है, यदि ऐसे वीडियो सामने आते हैं तो उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ प्रवीण रंजन सिंह, डीसीपी ट्रैफिक, गौतमबुद्ध नगर

साथ ही पुलिस अब सड़कों पर लगे कैमरों की मदद से भी इनकी कड़ी निगरानी कर रही है, ताकि कैमरों में कैद फुटेज के आधार पर भी कार्रवाई की जा सके। यदि पिछले कुछ वर्षों के आकड़ों पर नजर डालें, तो स्थिति और भी चिंताजनक दिखती है, क्योंकि तेजी से मामलों में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। वर्ष 2023 में जनवरी से अगस्त तक ऐसे कुल 76 मामले सामने आए थे। 2024 में यह संख्या बढ़कर 126 हो गई। वहीं 2025 में केवल अगस्त माह तक ही 200 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

**15 पर दर्ज किए गए मुकदमें, आरसी और डीएल भी किए जा रहे निलंबित:** ट्रैफिक पुलिस के अनुसार इनमें से 15 मामलों में मुकदमे भी दर्ज किए जा चुके है। ट्रैफिक पुलिस ने अब इन पर कठोर कदम उठाते हुए कई मामलों में संबंधित चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने के लिए परिवहन विभाग को लिस्ट भेज दी है, जबकि कुछ मामलों में वाहन की आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) तक निलंबित कर दी गई है। इन खतरनाक हरकतों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चलाती है।

**बीते महीनों आए मामले**

-2 **अक्तूबर:** को ग्रेटर नोएडा में दो वाहन चालकों के स्टंटबाजी का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने 69500 रुपये का चालान के साथ साथ दनकौर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया।

-27 **सितंबर:** को सेक्टर 142 इलाके में एक लाल रंग की कार से दरवाजा खोल बाहर निकल खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने 35 हजार रुपये का चालान काटा था।

-9 जुलाई को ग्रेटर नोएडा के बिसरख इलाके में दो वाहनों के खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो वायरल हुआ था, इसमें ट्रैफिक पुलिस की ओर से कुल 1 लाख 20 हजार रुपये का चालान काटा गया था।

# गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से गांजा लाकर शहर के अलग-अलग हिस्से में आपूर्ति करने वाले तस्कर को सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने रविवार को सेक्टर-19 से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान फर्रुखाबाद निवासी सोनू के रूप में हुई है। 31 वर्षीय सोनू वर्तमान में सेक्टर-17 स्थित जेजे कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहा है। उसके पास से एक किलो 130 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-20 थाने में आर्म्स ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में दो केस दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली से गांजा लाता है और उसकी पुड़ियां बनाकर झुग्गियों और कॉलेजों के आसपास बेचता है।

इससे उसे तीन गुना तक मुनाफा होता है। वह बीते कई साल से गांजे की तस्करी कर रहा है। पुलिस आरा. ़पी के अन्य साथियों का भी पता लगा रही है।

# नोएडा मेट्रो का सबसे छोटा रूट बनेगा बोड़ाकी लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक चलने वाली मेट्रो लाइन के स्टेशनों का डिजाइन जल्द ही तैयार होने वाला है। इसके लिए डिटेल डिजाइन सर्वे का कार्य अगले महीने से शुरू किया जाएगा। इस कार्य के लिए तीन एजेंसियां सामने आई हैं और जो एजेंसी बेहतर प्रेजेंटेशन देगी, उसे इस महत्वपूर्ण कार्य का जिम्मा सौंपा जाएगा। यह प्रक्रिया अगले दो हफ्तों में पूरी कर ली जाएगी।

जिले में आने वाले समय में तीन मेट्रो लाइनों का निर्माण प्रस्तावित है। इनमें ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी, नोएडा के सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 और सेक्टर-38ए बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 रूट शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी रूट को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल चुकी है, जबकि अन्य रूटों की मंजूरी का अभी इंतजार है। अधिकारियों ने बताया कि बोड़ाकी मेट्रो रूट जिले का सबसे छोटा रूट होगा, जिसकी लंबाई 2.6 किलोमीटर होगी। इस रूट पर केवल दो स्टेशन, जुनपत और बोड़ाकी, बनाए जाएंगे. बोड़ाकी में एक बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। मेट्रो रूट के लिए डीएमआईसी एनएमआरसी को जमीन उपलब्ध कराएगा। इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि मेट्रो रूट के निर्माण में कोई बाधा न आए।

NMRC ने मेट्रो लाइन के लिए सलाहकार एजेंसी नियुक्त करने के लिए पिछले महीने टेंडर जारी किया था। इस टेंडर में तीन एजेंसियों ने आवेदन किया है। अधिकारियों का कहना है कि सभी एजेंसियों के कागजातों की जांच की जा रही है और हर एजेंसी से प्रेजेंटेशन लिया जाएगा. अगले 10-15 दिन में एजेंसी के चयन का



काम पूरा कर लिया जाएगा। चयनित सलाहकार एजेंसी हर स्टेशन का डिजाइन तैयार करेगी, जिसमें स्टेशनों और लाइन पर खड़े होने वाले पिलर का भी डिजाइन शामिल होगा। इसके अलावा, सिविल कार्यों से संबंधित टेंडर कागजात भी एजेंसी तैयार करेगी। एजेंसी यह भी बताएगी कि इस काम की लागत कितनी होनी चाहिए।

अधिकारियों ने बताया कि इस लाइन के लिए टोपोग्राफी सर्वे का काम पहले ही पूरा किया जा चुका है। इस सर्वे में स्टेशन के रास्ते पर सड़क, अंडरपास, फ्लाईओवर, बिजली और सीवर लाइन की स्थिति की जांच की गई थी। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद नोएडा से नॉलेज पार्क-5 और सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन रूट का टोपोग्राफी और डिटेल डिजाइन सर्वे भी किया जाएगा।

बोड़ाकी मेट्रो रूट का काम अगले साल मार्च-अप्रैल तक शुरू होने की उम्मीद है। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि तीन साल में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे अप्रैल 2029 तक मेट्रो का संचालन शुरू हो सके। बोड़ाकी मेट्रो रूट पर करीब 250 पेड़ रास्ते में आ रहे हैं. इन पेड़ों को शिफ्ट करने के लिए एनएमआरसी ने वन विभाग को पत्र लिख दिया है। जल्द ही इन्हें शिफ्ट किया जा सकता है, जिससे मेट्रो रूट का निर्माण सुचारू रूप से हो सक।

# सूखा कचरा निस्तारित करने के लिए सयंत्र शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-34 में रविवार को उद्यानिक और सूखे कचरे के संयत्र का शुभारंभ किया गया। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए, सेक्टर-34 ने प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया है। इस संयंत्र शुभारंभ विधायक पंकज सिंह ने किया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष केके जैन बताया कि यह पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्लांट के माध्यम से बागवानी अपशिष्ट और सूखे कचरे का निस्तारण किया जाएगा। महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि यह नोएडा में इस प्रकार का पहला संयंत्र है। उद्यानिक कचरे का सेक्टर में ही निस्तारण कर खाद तैयार कर सकेंगे।

इसका संचालन इन्वायरो केयर द्वारा किया जाएगा। विधायक पंकज सिंह ने आरडब्ल्यूए की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से चलने वाले ऐसे परियोजनाएं शहर को स्वच्छ और हरित बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर बीजेपी नोएडा अध्यक्ष महेश चौहान फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, कुलदीप मुंशी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email :
parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# सकुशल संपन्न हुई पीसीएस की परीक्षा






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस-प्रारंभिक परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 रविवार को जनपद शामली के 13 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकल. विहीन माहौल में सम्पन्न हुई।

परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। पहला सत्र पूर्वाह्न 9:30 से 11:30 बजे तक तथा दूसरा सत्र अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक चला। प्रथम पाली में सवेरे 8 बजे से अभ्यार्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश देना प्रारंभ कर दिया गया था। जहां कडी तलाशी और जांच के बाद ही अभ्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। थर्मल स्कैनिंग के साथ साथ आई जांच हुई है। परीक्षा केन्द्रों के अंदर किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नही दिया गया। परीक्षा केन्द्रों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान और पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रथम सत्र में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने आरके पीजी कॉलेज, राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज और वीवी इंटर कॉलेज शामली का भ्रमण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों और कक्षाओं में की गई व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने डड्‌यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप पूर्ण सतर्कता और मुस्तैदी से परीक्षा सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय एसडीएम शामली अर्चना शर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। पूरे जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया।

**कैराना।** पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते कैराना में प्रांतीय सिविल सेवा पीसीएस, सहायक वन संरक्षक एसीएफ एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएफओ की प्रारंभिक परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। प्रशासन की ओर से नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

रविवार को उत्तर-प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सूबे में प्रांतीय सिविल सेवा पीसीएस, सहायक वन संरक्षक एसीएफ एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएफओ के लिए प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिला प्रशासन की ओर से कस्बे के दो कॉलेजों को एग्जाम सेंटर बनाया गया था, जिसमें नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय व पब्लिक इण्टर कॉलिज शामिल था। परीक्षा दो पालियों प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सम्पन्न हुई। प्रत्येक पाली में परीक्षा की अवधि 120 मिनट निर्धारित की गई थी। एक पाली में अधिकतम 384 अभ्यर्थी शामिल होने थे, लेकिन बताया जा रहा है कि ज्यादातर अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। नकल. विहीन परीक्षा कराने हेतु प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्र पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने अभ्यार्थियों को गहन तलाशी के पश्चात ही अंदर जाने दिया।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया था। एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से भी व्यवस्था सम्बन्धी जानकारी हासिल की। एसडीएम ने डड्‌यूटी पर तैनात कर्मचारियों को मुस्तैदी के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ श्यामसिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री आदि मौजूद रहे। वहीं, एसडीएम ने बताया कि पीसीएस, एसीएफ व आरएफओ की प्रारंभिक परीक्षा के लिए कैराना व कांधला में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कुल दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न हुई है। इस दौरान करीब 50 फीसदी अभ्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे है। परीक्षा सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न हुई है।

# जिला टैक्स बार एसो. ने दीपावली मिलन समारोह मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न पारिवारिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कार्यक्रम में बच्चों और दंपतियों के लिए गेम्स व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। संरक्षक अनिल मित्तल ने उपस्थित अधिवक्ताओं को भगवान राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने का संद. ेश देते हुए कहा कि हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। अध्यक्ष विकास शर्मा एडवोकेट ने अधिवक्ताओं से समाज के वंचित वर्ग की सहायता करने का आह्वान किया और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। महासचिव अनुज कुमार, उपाध्यक्ष देशपाल सिंह एवं कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा ने विजेताओं का उपहार भेट किए। कार्यक्रम का संयोजन मोहित गुप्ता एडवोकेट ने किया, जबकि संचालन शेखर कुमार एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर संदीप चौहान, इमरान अहमद, सुरेंद्र सैनी, मोहनलाल, आयुष गोत्रा, सुनील सोनी, शुभम सिंघल, सहदेव सिंह, दीपक गर्ग, दीपक कुमार, शहनवाज सिद्दीकी, गुफरान सलमानी, सलमान, सनूज शर्मा, सचिन गोयल मौजूद रहे।

## विद्यालय काउंसलिंग, शिक्षक एमएलसी चुनाव जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के बीएसएम स्कूल में एक विशेष विद्यालय काउंसलिंग एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक और शिक्षाविद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव के प्रति शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को जागरूक करना, निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाना और अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित और अध्यक्ष राजकुमार वर्मा तथा भाजपा शिक्षक क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी चंद शर्मा का सम्मान किया गया। राजकुमार वर्मा ने कहा कि बीएसएम विद्यालय शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में एक प्रेरणास्रोत है।

चंद शर्मा ने शिक्षकों और विद्यालय प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षिक व प्रबंधकीय समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वा. सन दिया कि शिक्षकों के सुझावों को सरकार तक पहुंचाकर समाधान के ठोस प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शिक्षकों से आगामी चुनाव में सक्रिय भागीदारी और मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

## एक नजर

### 11 साल बाद प्रभुजी जी का उनके परिवार में मधुर मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक पुरुष प्रभुजी को कैराना रोड शामली से विशु कांबोज जी की सूचना के आधार पर अपना घर आश्रम शामली की रेस्क्यू टीम द्वारा आश्रम में भर्ती किया गया। प्रभुजी की मानसिक स्थिति एवं शारीरिक स्थिति ठीक नहीं थी प्रभुजी ने अपना नाम अखिलेश दुबे बताया एवं अपने विषय में अन्य जानकारी देने में असमर्थ थे। प्रभुजी का इलाज मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण रॉय जी के परामर्श से किया गया आश्रम सौहार्दपूर्ण वातारण एवं उपचार, सेवा से प्रभुजी की मानसिक स्थिति में सुधार होने लगा। काउंसलिंग के दौरान प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई एवं पता गांव पथरियाकलां जिला गढ़वा झारखंड बताया प्रभुजी द्वारा बताए गए पते पर नेट पर सर्च करने पर वहां के ग्राम प्रधान जी का नम्बर प्राप्त हुआ ग्राम प्रधान जी से बात करने पर उन्हें प्रभुजी की पूरी जानकारी दी गई प्रधान जी ने बताया कि प्रभुजी जी के परिवार वाले अब यहां नहीं रहते हैं। गांव बांपुरवा, जिला गढ़वा झारखंड में रहते हैं प्रधान जी ने उनका अगले दिन प्रभुजी के पिताजी का नम्बर हमें दिया प्रभुजी के पिताजी कृष्ण चंद दुबे जी से बात करने पर हमने उन्हें बताया कि उनका बेटा अखिलेश दुबे हमारे पास शामली आश्रम में है और प्रभुजी की बात उनके पिताजी एवं माता जी से कराई गई प्रभुजी के पिताजी एवं माता जी प्रभुजी से बात कर के बहुत खुश हुए एवं भावुक हो कर रोने लगे प्रभुजी के पिताजी ने बताया कि वे बहुत जल्दी अखिलेश प्रभुजी को लेने अपना घर आश्रम शामली आएंगे और दिनांक 10.10.2025 को प्रभुजी के पिताजी कृष्ण चंद दुबे जी एवं प्रभुजी के जीजा शैलेन्द्र कुमार दुबे जी प्रभुजी को लेने अपना घर आश्रम शामली आए प्रभुजी के पिताजी ने बताया कि अखिलेश 12 साल पहले घर से बिना बताए निकल गए थे एवं बहुत खोजने पर भी नहीं मिले हमने तो इनके मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी अखिलेश हमारे इकलौते बेटे है एवं आज दिनांक 12.10.2025 को अपने अपने बेटे को अपने साथ गांव बांपुरवा, जिला गढ़वा झारखंड ले गए।

### राम मनोहर लोहिया का किया स्मरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी विचारक के रूप में वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर समाजवादियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से जुड़ी प्रमुख घटनाओं पर चर्चा की। समाजवादी पार्टी के भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो। सुधीर पंवार ने कहा कि डॉ। लोहिया ने स्वतंत्रता आंदोलन में जेल काटी, यायावरी का जीवन जिया और गांधी, नेहरू, सुभाष के साथ काम किया, लेकिन कभी भी वैचारिक समझौता नहीं किया। वे जीवन भर सामाजिक असमानता के खिलाफ संघर्षरत रहे। उन्होंने समाज और राजनीति में गैर-बराबरी तथा उत्पीड़न के खिलाफ सप्तक्रांति का विचार प्रस्तुत किया, जिसमें नर-नारी समानता से लेकर आर्थिक समानता तक का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि डॉ। लोहिया ने अयोध्या में रामायण मेला प्रारंभ कराया और देश में सामा. जिक चेतना का एक नया अध्याय जोड़ा। मौके पर सलेक चंद, भूपेंद्र सैनी, चौधरी बाबूराम, योगेंद्र सिंह, बिट्टू ताना, खुशनूद आदि मौजूद रहे।

### दीवाली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली द्वारा दीवाली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रविवार को शहर के हनुमान रोड स्थित एक रेस्तरां में लायंस क्लब शामली द्वारा दीवाली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं त्योहारों से संबंधित रोचक खेलों का आनंद लिया। विज. ेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। सभी महिलाओं को लायंस क्लब की ओर से दीवाली उपहार भेंट किए गए। बैठक के दौरान एक निर्धन कन्या के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सभी महिलाओं ने अपनी ओर से सहयोग राशि एवं उपहार प्रदान कर इस नेक कार्य में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अध्यक्ष रश्मि वर्मा, मीनू संगल, सुनीता आर्य, शिखा गोयल, मधु अग्रवाल, सुदेश संगल, स्नेहा गर्ग, उर्मिला, सोनल तायल, अरूणा गोयल, अंजलि बंसल आदि मौजूद रही।

### स्वदेशी मेले में दिखी भीड़



**शामली।** जनपद शामली में दिल्ली रोड स्थित सिटी ग्रीन फॉर्म में दिनांक 9 से 18.10.2025 के मध्य चलने वाले स्वदेशी मेला -2025 के तीसरे दिन खरीदारों व स्टॉल लगाने वाले ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मेले में स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पाद के स्टॉल्स लगाए गए साथ ही मेले मे बच्चो के मनोरंजन हेतु नि:शुल्क जंम्पिग पैड एवं मिक्की माउस स्लैडर भी लगाए गए है जिसमे बच्चो द्वारा भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्य अतिथि के रूप मे आज चेयरमैन नगर पालिका अरविंद संगल द्वारा स्वदेशी मेले में लगे स्टॉल्स का भ्रमण किया तथा विभाग की विश्वकर्मा योजना के लाभान्वित लाभार्थीयों को टूलकिट वितरण किया गया।विभाग द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग स्वदेशी मेले में आएं ओर उसका लाभ लें। कार्यक्रम मे विभाग के सहायक आयुक्त उद्योग रविंद्र कुमार एवं अपर सांख्यिकीय अधिकारी मनोज कुमार व अन्य कर्मचारी आदि लोगों की भीड रहीं।





# समारोह में शिक्षकों का हुआ भव्य रूप से सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वित्तविहीन विद्यालय प्रबन्धन महासभा उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई शामली द्वारा रविवार को सत्यनारायण इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रसन्न चौधरी एवं थानाभवन विधायक अशरफ अली ने शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। एनसीसी कैडेट्स ने दोनों विधायकों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा कॉलेज के घोष दल द्वारा घोष वादन कर उनका भव्य स्वागत किया गया। दोनों विधायकों प्रसन्न चौधरी व अशरफ अली खान ने जनपद के वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कहा कि वित्त. विहीन विद्यालयों और शिक्षकों की समस्याओं को उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा और उनके समाधान का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 35 वर्षों से वित्त. विहीन विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं, परंतु आज भी इन विद्यालयों के शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जो अत्यंत दुखद है। मंच संचालन रामपाल जांगड़ा और अनिल कुमार कश्यप ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर महासभा के प्रदेश संरक्षक ऋषिपाल, प्रदेश अध्यक्ष डीपी राणा, प्रबंध समिति अध्यक्ष सुशील गर्ग, एनके कंसल, प्रदेश प्रधान महासचिव रामपाल सिंह जांगड़ा, कुलदीप तोमर, सतीश कुमार सिंघल, इन्द्रपाल, पुष्पेन्द्र, अफजल सैफी, अनिल शर्मा मौजूद रहे।

## 6 कुंतल हरे चारे से गो माता की सेवा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** मां शाकुंभरी देवी गऊ ग्रास समिति द्वारा नई मंडी स्थित गौशाला में 6 कुंतल हरे चारे से गौ माता की सेवा की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि संस्था माह में एक बार गौ माता को हरा घास खिलाकर गौ माता की सेवा करती है शास्त्रों में गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है गौ माता की सेवा से सभी प्रकार के दुख दर्द दूर होते हैं तथा सभी ग्रह शांत रहते हैं गौ माता की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है तथा मन को असीम शांति भी प्राप्त होती है सभी को बढ़-चढ़कर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर विजय गुप्ता डॉ उमेश कुमार वीरेन्द्र बालियान शिवकुमार चौधरी अनिल रेनू आदि मौजूद रहे।




# दीपावली पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा शहर के सहारनपुर रोड स्थित एक मैरिज होम में दीपावली पारिवारिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद दृष्टा महाराज, समिति के संरक्षक सुरेंद्र कुमार बंसल और वीरेंद्र सिंघल, संस्थापक गिरधारी लाल नारंग तथा अध्यक्ष मनुज काम्बोज ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

इस अवसर पर अरविंद .ष्टा महाराज ने कहा कि जीवन दीपक की तरह प्रकाशित हो, हर व्यक्ति के भीतर से विकार दूर हों और सभी सत्कर्म के मार्ग पर चलें। कार्यक्रम में पारिवारिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें तंबोला गेम, सरप्राइज गेम, बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता सहित कई मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुरस्कार जीते। मौके पर समिति के सक्रिय सदस्यों को दीपावली उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक प्रसन्न चौधरी ने गणेश-लक्ष्मी की आरती कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर गिरधारी लाल नारंग, चेयरमैन अरविंद संगल, राजकुमार तायल, प्रदीप विश्वकर्मा, रजनीश नामदेव, आशु गर्ग, सतीश गोयल, आयुष गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मुनि के सानिध्य में जैन शिक्षकों का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में रविवार को मुनि 108 विव्रत सागर मुनिराज एवं मुनि 108 विश्वार्थ सागर मुनिराज के सानिध्य में पारसनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा जैन शिक्षकों का सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 37 अध्यापक-अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुगण और नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल एवं अनुशासित रूप में संपन्न होने पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान यह महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई कि भावलिंगी संत श्रमणाचार्य 108 विमर्श सागर महामुनिराज ससंघ का शामली में 9 नवंबर को भव्य मंगल प्रवेश होगा। मुनि विव्रत सागर ने कहा कि बच्चों को धार्मिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, बच्चा पहली शिक्षा माता-पिता से, लौकिक शिक्षा शिक्षक से और धार्मिक शिक्षा धर्मगुरु से प्राप्त करता है। जीवन में गुरु न हो तो जीवन अधूरा है, इसलिए तीनों गुरुओं का होना आवश्यक है। इस अवसर पर अमर जैन, राजेंद्र जैन, विवेक जैन, प्रवीण जैन मौजूद रहे।

# रोजगार को जन जागरण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ब्लॉक के गांव ढिंढाली में कबीर जनोंदय ट्रस्ट के तत्वाधान में अभिनंदन समारोह एवं शिक्षा स्वास्थ्य संस्कृति व रोजगार के लिए जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश वर्तमान राज्यसभा सांसद बृजलाल कोरी ने समाज के अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र न बनने पर रोष प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या के समाधान कराने का आश्वासन दिया तथा समाज को एकजुट होकर उन्नति की ओर चलने का आ]वान किया गया। गांव ढिंढाली में आयोजित कोरी समाज के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल ने समाज के लोगों की पीड़ा को सुना उन्होंने बताया कि मेरा जीवन बचपन से बड़ा संघर्ष पूर्ण रहा है जिस पर मैने अपनी आत्मकथा पर एक मेरा जीवन संघर्ष के नाम से एक पुस्तक लिखी। उन्होंने कहा कि मैं बड़ा सौभाग्यशाली हूं जिसका संबंध दो-दो महापुरुषों कपिलवस्तु और भगवान बुद्ध से है ऐसे जिले से मेरा संबंध है। मेरा जन्म नेपाल बॉर्डर की सीमा से लगे गांव में एक गरीब परिवार में हुआ। हमारे गांव से स्कूल 12 किलोमीटर दूर था मुझे नंगे पैर जाना पड़ता था 24 किलोमीटर प्रतिदिन सफर तय करना पड़ता था। जिस स्कूल से मैने हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा पास कि उसे स्कूल में अपनी सांसद निधि से एक करोड़ 270000 का हाल तैयार कराया। उन्होंने कहा कि इस समय कुछ जगह कोरी जाति के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं कर समाज के लोगों का मान. सिक व सामाजिक शोषण किया जा रहा है जिसके लिए हम लड़ाई लड़ रहे हैं जब तक हम तर्क से जवाब नहीं देंगे तब तक हमारी बात कोई नहीं सुनेगा। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त 1977 से पूरा कोरी समाज अनुसूचित जाति में सम्मिलित कर ली गई लेकिन कुछ जगह अधिकारी आज भी कोरी समाज के प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे हैं। जिसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर समस्या का समाधान कराया।

## शव पड़ा मिलने से फैली सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार सवेरे शहर के झिंझाना रोड पर एक व्यक्ति का शव पडा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रविवार सवेरे शहर के झिंझाना रोड पर सडक किनारे एक व्यक्ति का शव पडा मिला, जिसको देख आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना विजय चौक पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी गई। जिसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करने के लिए तलाशी ली गई, लेकिन उसके पास से कोई आईडी प्रुफ नही मिल सका। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि मृतक व्यक्ति कूडा बीनने का कार्य करता था, जो रात्रि में सडक किनारे सो गया और सुबह मृत था।

## स्मैक तस्करों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौसाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चौकी प्रभारी खूब सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव जिजोला में चल रहे स्मैक तस्करी के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इस गिरोह का एक अन्य सदस्य पहले ही जेल भेजा जा चुका है, जबकि पुलिस बाकी फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिजोला गांव में कुछ लोग स्मैक का अवैध कारोबार कर रहे हैं। इस पर चौकी प्रभारी खूब सिंह ने तुरंत टीम गठित कर छापेमारी की। पुलिस को मौके से स्मैक सहित कई आपत्ति. जनक सामान भी बरामद हुआ। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

चौकी प्रभारी खूब सिंह ने बताया कि नशे का धंधा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा ताकि चौसाना क्षेत्र को नशामुक्त बनाया जा सके। वहीं, ग्रामीणों ने चौसाना पुलिस की इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि चौकी प्रभारी खूब सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। पुलिस की सक्रियता से नशा तस्करों में दहशत है और आम जनता में सुरक्षा की भावना और अधिक प्रबल हुई है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई परीक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आज रविवार को आयोजित सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 एवं सहायक वन संरक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 में जिले में परीक्षार्थियों की उपस्थिति बेहद कम रही। सहारनपुर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई।

जिला स्तर पर कुल 10848 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से प्रथम पाली में 3075 परीक्षार्थी (28.35प्रतिषत एवं द्वितीय पाली में 3040 परीक्षार्थी (28.02 प्रतिषप ही उपस्थित हुए। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी मनीश बसंल व वरिश्ठ पुलिस अधीक्षक आषीश तिवारी ने भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आज परीक्षा दो में सम्पन्न हुयी जिसमें पहली पाली सुबह साढेघ नौ से साढ़े ग्यारह बजे तक और दूसरी पाली दोपहर ढाई से साढे चार बजे तक संपन्न हुई। जिला स्तर पर कुल 10848 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से प्रथम पाली में 3075 परीक्षार्थी 28.35 प्रतिशत एवं द्वितीय पाली में 3040 परीक्षार्थी 28.02प्रतिषत परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए, जबकि अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या क्रमशः 7773 (71.66 प्रतिशत) और 7808 (71.98 प्रतिशत) रही। कड़ी सुरक्षा के बीच 24 परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा सम्पन्न हुयी। परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने केलिये जिलाधिकारी मनीश बंसल व एसएसपी आषीश तिवारी ने परीक्षा केन्द्रों का



निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आज परीक्षा केन्द्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, लिंक रोड 480 में से 150 उपस्थित, 330 अनुपस्थित, सियाराम इंटर कॉलेज, दिनारपुर गागलहेड़ी 480 में से 108 उपस्थित रहे। बी.डी. बाजोरिया इंटर कॉलेज 480 में से 104 उपस्थित, जे.वी. जैन इंटर कॉलेज, मालागढ़ 480 में से 101 उपस्थित, इस्लामिया इंटर कॉलेज, ईदगाह रोड 480 में से 96 उपस्थित, गुरु नानक इंटर कॉलेज, अंबाला रोड 480 में से 112 उपस्थित, एस.ए.एन. इंटर कॉलेज, देहरादून रोड 480 में से 100 उपस्थित, राजकीय इंटर कॉलेज, नेहरू मार्केट 400 में से 102 उपस्थित, बी.एच.एस. इंटर कॉलेज, मिशन कंपाउंड द 384 में से 116 उपस्थित, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, खालापार 480 में से 134 उपस्थित, जे.बी.एस. हिंदू कन्या इंटर कॉलेज, रामवाला द 480 में से 153 उपस्थित, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, गांधी पार्क 480 में से 138 उपस्थित, इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, कम्बोह का पुल 384 में से 107 उपस्थित, गौरी शंकर इन्द्रपाल सिंह इंटर कॉलेज, हसनपुर 480 में से 143 उपस्थित, श्री दिगम्बर जैन कन्या इंटर कॉलेज, छत्ताबारूमल 384 में से 133 उपस्थित, मुन्ना लाल जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज, चिलकाना रोड 480 में से 166 उपस्थित, जे.वी. जैन महाविद्यालय, प्रघुमननगर 480 में से 162 उपस्थित, महाराज सिंह महाविद्यालय, पुरानी चुंगी 480 में से 169 उपस्थित, सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, कुम्हारहेड़ा 384 में से 135 उपस्थित, दयानंद जैन इंटर कॉलेज, सरसावा 384 में से 119 उपस्थित, रमाबाई राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कोटा 384 में से 119 उपस्थित, जगदीश प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कोटा 384 में से 110 उपस्थित, जनता इंटर कॉलेज, नांगल 480 में से 109 उपस्थित, किसान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पानसर 480 में से 147 उपस्थित हुये।

# ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के तीन सदस्य पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर चोरों को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों कब्जे से अवैध असलाह, जिंदा व खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी स्विफ्ट कार व ट्रांसफार्मर चोरी करने के उपकरण बरामद कर लिए।

मिली जानकारी के अनुसार थाना देहात कोतवाली पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त द्वारा रामनगर से शेखपुरा की तरफ जाने वाले रोड पर टपरी बाईपास वाली पुलिया पर चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान रामनगर की तरफ से शेखपुरा जाने वाली रोड पर एक स्विफ्ट कार आती दिखाई। संदिग्ध होने पर पुलिस ने कार को जब रूकने का इशारा किया तो कार में सवार बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया तथा ग्राम मुबारिकपुर जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो कुछ दूरी पर जाकर बदमाश से कार रोककर खेतों की तरफ भागने लगे। पुलिस को पीछे आता देख बदमाशों ने दोबारा पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें तीन बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिए गए। जबकि बदमाशों का एक अन्य साथी अंधेरे व खेतों का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस ने काफी देर तक काम्बिंग भी की परंतु बदमाश का पता नहीं लग सका। दबोचे गए घायल बदमाशों की पहचान मुजम्मिल पुत्र मोहब्बत निवासी मसावी थानाभवन शामली, सरफराज उर्फ सोनू पुत्र गुलाम मौहम्मद निवासी ग्रम जौला व राजू उर्फ राजीव पुत्र दरियाव सिंह ग्राम हीण्ड थानाभवन शामली के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 3 तमंचे 315 बोर, 3 खोखा व 8 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी स्विफ्ट कार संख्या यूपी-17एल/8765, ट्रांसफार्मर चोरी करने के उपकरण बरामद कर लिए। दबोचे गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में एक-एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

❑**गंगोह।** श्री भगवती मेला समिति के सांस्कृतिक पंडाल में आयोजित कठपुतली नृत्य व पेपेट शों में एंकर सद्दाम कोहिनूर की प्रस्तुति का दर्शकों ने जमकर आनन्द लिया और बच्चों ने बढचढ कर भाग लिया। इस दौरान लोक हितैषी व ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोभित विवि के रजिस्ट्रार महिपाल सिंह और विशिष्ट अतथि मुकेश गुप्ता, अनुप गुप्ता व मणि सिंघल व इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष निशा गुप्ता, अनुराधा शर्मा और नमिता सिंघल ने फीता काट किया।

# परीक्षा केंद्रों पर डीएम व एसएसपी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में आयोजित सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन, सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कडे प्रबंध किए गए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट श्री मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आशीष तिवारी द्वारा जेवी जैन डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था को चेक किया गया।

श्री बंसल ने बताया कि सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 को लेकर कडे सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है, परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए कड़े इंतजाम किए गये है।

# लायंस क्लब मयूर ने मनाई दीपावली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लायंस क्लब मयूर दीप उत्सव कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक साथ मिलकर दीपावली मनाई और कई खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओ को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने बच्चों के साथ दीपावली मनाई और उन्हें मिठाई दी और आतिशबाजी भी की जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। लायंस क्लब मयूर के द्वारा एक गार्डन मे दीपावली के अवसर पर मयूर दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब मयूर के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सम्पूर्ण विश्व के लिए समृद्धि व शांति की प्रार्थना की गई। मयूर दीप उत्सव कार्यक्रम में कई खेल प्रतियोगिता समेत तंबोला प्रतियोगिता, लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर खेलों का आनन्द लिया। विजेताओ को अतिथियों के द्वारा आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब मयूर के



अध्यक्ष राजीव सचदेवा ने कहा कि लायंस क्लब मयूर ने इस मयूरो दीप उत्सव का आयोजन दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों पर समाज में खुशी और सकारात्मकता फैलाने के उद्देश्य से किया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब सहारनपुर मयूर द्वारा इस वर्ष बहुत सुंदर सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने नए कार्यक्रमों के विषय में भी बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायंस राजीव सचदेवा अध्यक्ष, लायंस गोपाल मक्कड़ सचिव, लायंस अभिषेक सिंघल कोषाध्यक्ष, लायन विपुल जैन, लायन अनुज जैन, लायन सुशील सडाना, लायन आशीष जैन, लायन विकास अग्रवाल मौजूद रहे।

# मरीजों व तीमारदारों की सेवा

**गंगोह।** लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल और सिम्मी फाउंडेशन सदस्यों ने मानव सेवा की। इस अवसर पर क्लब ने कुमार मानू के जन्म दिवस उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल मरीजों की तीमारदारी करने के साथ-साथ उनकों दूध, फल, वितरित किए। साथ ही उनके साथ आए लोगों को भोजन परोसा।

सामयिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनिसेफ के जिला समन्वयक डा. अमित शर्मा ने कहा कि जो लोग गरीब व मजलूमों की सेवा करते है ईश्वर उनकी झोली कभी खाली नही रहने देता। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं अगर स्वास्थ्य के लिए हाथ बटाएं तो बीमारियों को काफी कम किया जा सकता है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सम्मानित अतिथि डॉ निशा ने कहा की हम कैसे साफ सफाई रख बीमा. रियों को अपने से दूर रख सकते है। वरिष्ठ लायन अरविंद कपूर ने कहा कि स्वच्छता से ही स्वास्थ्य जुडा है। खान-पान का भी स्वास्थ्य पर अच्छा असर होता है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को संस्था ने फल व दूध के पैकेट वितरित किए और साथ आए तीमारदार के मुफ्त भोजन परोसा। संस्था सदस्यों ने मरीजों का हालचाल भी जाना। इस मौके पर लायन अरविंद टेबक, तलविन्द्र कपूर, रूमी गर्ग, रजनी राजपूत, पल्लवी अरोड़ा, प्रेम छाबड़ा, दीपा, अशोक ठकराल, दीपांशु गोयल, रघुनंदन गोयल, सुहैल खान, आशीष गोयल, जॉन चेयरमैन अतुल मित्तल आदि ने सेवा कार्यो में हाथ बंटाया। कार्यक्रम संयोजक ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सीएचसी प्रभारी रोहित वालिया ने सेवादारों को साधुवाद दिया।

# भगवती मेला सौहार्द का प्रतीकः प्रदीप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मां भगवती मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व सांसद ने भगवती मेले को सौहार्द का प्रतीक बताते हुए आयोजन की सराहना की।

मानसी के अध्यक्ष केके गर्ग एवं सचिव व निर्देशक योगेश पंवार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। गायन के माध्यम से मोहित धीमान ने समां बांधा जिनका साथ विशाल और अंजलि ने दिया। वहीं अभी धीमान एवं ग्रुप की दमदार नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, मानसी के अध्यक्ष केके गर्ग, प्रैस क्लब अध्यक्ष भारत गर्ग, लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल के अध्यक्ष दीपक बंसल ने टीम के साथ मां भगवती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। इससे पूर्व मेला भगवती समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार, प्रबंधक डा. राकेश गर्ग, गगन गर्ग, अजय कुमार आदि ने सभी का अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने भगवती मेले को सौहार्द का प्रतीक बताते हुए आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में हास्य का तडका लगाया मशहूर यूट्यूबर शानू सिद्दीकी और राकेश शर्मा ने, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों को ठहाकों से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य शर्मा ने किया।

# मंदिर में चोरी की घटना करने वाले फरार आरोपी को पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने सुल्तानपुर नगर के एक मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक फरार आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोर के कब्जे से 315 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पूर्व दो अज्ञात चोरों ने देर रात्रि के समय मंदिर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त दोनों चोर मंदिर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे जो कि मंदिर का घण्टा उतारने की कोशिश भी करते हुए नजर आ रहे थे। मंदिर कमेटी की ओर से थाना पर शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात चोरों का पता लगाए जाने व चोरी किये गए दस हजार रुपये बरामद किये जाने की मांग की गई थी। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस टीम चोरों की शिनाख्त कर घटना का खुलासा करने में जुट गई थी।

आज रविवार को पुलिस टीम ने घटना का खुलासा कर एक फरार आरोपी चोर मुकीम पुत्र हनीफ निवासी ग्राम दुमझेड़ा थाना चिलक. ाना को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी चोर स्मैक के नशे का आदि है, पुलिस पूछताछ पर उसने नशे की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देना बताया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी चोरी एवं नशा तस्करी करने के सम्बंध में 03 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना एसआई राजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अनुज राणा व अमित कुमार शामिल रहे।

# मिशन शक्ति में बढ़ाया महिलाओं का हौंसला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम तेलीपुरा में मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत चौपाल आयोजित करके महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उनका हौंसला बढ़ाया गया।

रविवार को मिशन शक्ति इंचार्ज महिला एसआई सुमन, महिला हेड कांस्टेबल ज्योति रानी द्वारा ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में ग्राम तेलीपुरा में महिलाओं की जन चौपाल आयोजित की गई।

उक्त चौपाल में मौजूद सभी महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सरक. ारी योजना सम्बन्धी पंपलेट वितरित किये गए। एसआई सुमन ने महिलाओं को विभिन्न सरक. ारी योजनाओं व उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पावर लाइन नंबर, आपातकालीन पुलिस सेवा नंबर, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर व साइबर फ्रॉड के बारे में भी बताया

# उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर भूख हड़ताल टाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** शाकम्भरी शुगर मिल टोडरपुर पर बकाया भुगतान को लेकर चल रहे धरने में किसानों द्वारा भूख हड़ताल करने के निर्णय को उच्च अधिकारियों द्वारा दिये गए आश्वासन पर फिलहाल के लिए टाल दिया गया है, लेकिन धरनास्थल से किसान अब भी नही उठे हैं।

ज्ञात हो कि 15 दिन पूर्व गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर किसान सँघर्ष समिति के नेतृत्व में मिल गेट के सामने किसानों द्वारा अनिश्चितक. ालीन धरना शुरू किया गया था। धरने में किसी भी उच्च प्रशासनिक या मिल अधिकारी न पहुंचने व कोई ठोस आश्वासन न मिल पाने से क्षुब्ध किसानों द्वारा रविवार 12 अक्टूबर से भूख हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया गया था। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले शनिवार देर शाम के



समय समिति के कुछ जिम्मेदार सदस्यों द्वारा जिले के उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई।

वार्ता के दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों के बकाया भुगतान के विषय में शीघ्र ही ठोस निर्णय लिये जाने एवं उचित कार्रवाई आरम्भ किये जाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद किसानों ने भूख हड़ताल कुछ दिनों के लिए टाल दी है। किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन का सम्मान करते हुए किसान भूख हड़ताल को कुछ दिनों के लिए स्थागित कर रहे हैं। लेकिन जब तक किसानों का पूर्ण भुगतान नहीं हो जाता तब तक यह धरना इसी तरह जारी रहेगा।

इस दौरान चौ. शितम सिंह, चौ. ताहिर चेयरमैन, चौ. जाबिर हसन, सतीश शर्मा, चौ. प्रीतम सिंह, हाजी मुकर्रम, चौ. हाशिम, कय्यूम प्रधान, हाजी नदीम दबकोरा, चौ. सफदर, चौ. अशरफ अली, श्याम कंबोज, चौ. आकिल, डॉ. मेघराज, यासीन गौर, इंतजार गौर, चौ. तसव्वर प्रधान, राजेश चेयरमैन एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म, पुलिस को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अबेहटा।** कस्बे की मस्जिद में पढ़ाने वाले कारी ने नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म। मोहल्ले वासियों ने कारी को पकड़कर पुलिस को सौंपा तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

रविवार को नकुड़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अबेहटा कस्बे में एक सनसनीखेज घटना ने इलाके को हिला कर रख दिया है। एक नाबालिग लड़की ने मस्जिद में पढ़ाने वाले कारी पर जबरन दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के दादा ने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि आज दोपहर करीब 12:30 बजे उनकी नाबालिग पोती मस्जिद के बाहर लगी वाटर टंकी पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान मस्जिद में बच्चों को पढ़ाने वाले कारी ने लड़की का मुंह दबाकर उसे जबरन मस्जिद के बराबर मे बने कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद लड़की घर लौटी और परिजनों को अपनी व्यथा सुनाई। घटना के बाद भारी संख्या में मोहल्लेवासी मौक पर पहुंचेऔर कारी को पकड़कर पुलिस को बुलाकर आरोपी को सौंप दिया। सहारनपुर से प्रोसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और मस्जिद तथा कमरे से साक्ष्य के रूप में नमूने एकत्र किए। आरोपी सावेज पुत्र इस्लाम टिडौली गांव का निवासी है और पिछले तीन वर्षों से मस्जिद में बच्चों को तालीम दे रहा था।नकुड़ सीओ अशोक कुमार सिसोदिया ने बताया अबेहटा कस्बे में नाबालिग लड़की से मस्जिद में पढ़ाने वाले कारी पर जबरन बलात्कार करने का आरोप लगाया है।दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

## अतिक्रमण का शिकार हुई गंगोह नगर की सड़कें

**गंगोह।** अक्तूबर त्यौहारों का माह है लेकिन नगर की सडकें अतिक्रमण का शिकार हो गई हैं। संकरे हो चुके बाजारों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। सडकें पर फैले अतिक्रमण के कारण कई बार झगड़े भी हो चुके है लेकिन फिर भी आज तक सड़कों से सामान नही हटवाया गया है।

**सूचना**

मैने अपने भाईयों नफीस, नसीम उर्फ सोनू, सलमान, सुहेल से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उनके कार्यो व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नईम पुत्र श्री यामीन निवासी मौहल्ला पीठवाला, ग्राम कैलाशपुर, थाना गागलहेडी, जिला सहारनपुर।**

# पुलिस ने बरामद किया लापता किशोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** लगभग एक सप्ताह से लापता किशोर को पुलिस ने सकुशल बरामद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिससे परिजनों के चेहरे खिल उठे।

गौरतलब है कि थानाक्षेत्र के गाँव पहाँसू निवासी मुकेश का लगभग 15 वर्षीय पुत्र रितिक उर्फ कालू विगत 5 अक्टूबर से घर से लापता हो गया था।रितिक के पिता मुकेश ने गाँव के ही अनन्त पुत्र के खिलाफ थाने में अपने पुत्र को गायब करने की तहरीर दी थी।इसी मामले में विगत दिवस भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रों. हत राज गौतम के नेतृत्व में उन्होंने कोतवाली में पुनः वार्ता की थी। उधर पुलिस भी लगातार लापता किशोर रितिक को बरामद करने में लगी हुई थी और आखिरकार पुलिस टीम की मेहनत रंग लाई और कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर के नेतृत्व एसआई आशीष कुमार व उनकी टीम ने रितिक को सकुशल बरामद कर लिया और परिजनों को थाने बुला कर उनके सुपुर्द कर दिया।

रितिक को सकुशल देख कर परिजनों की आँखें भर आई फिर सभी चेहरे खिल उठे।

# शोभित विश्वविद्यालय में महिला सुरक्षा व स्वालम्बन के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशनुसार मिशन शक्ति पंचम चरण-5.0 के अंतर्गत स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड लैंग्वेजेज विभाग व पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा, महिला स्वावलंबन और साइबर क्राइम, जन जागरूकता आदि जैसे विषयों पर छात्राओं को जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुभारंभ डीन एंड हेड प्रो. डॉ. गुंजन अग्रवाल व मुख्य अतिथि महिला उप निरीक्षक वर्षा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि ने सभी छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना (पंचम चरण 5.0) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। मिशन शक्ति के तहत सरकार द्वारा स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, और आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसी सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य न केवल महिलाओं को सशक्त बनाना है, बल्कि समाज में उनकी गरिमा और अधिकारों की रक्षा करना भी है।

उन्होंने सभी छात्राओं से अपील की कि वे इस योजना की जानकारी अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों तक पहुँचाएं ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि वे मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों को न केवल समझें, बल्कि उसे अपने जीवन में आत्मसात भी करें। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वावलंबन और आत्मविश्वास को अपने व्यक्तित्व का हिस्सा बनाएं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं। इस अवसर कार्यक्रम में डॉ. करुणा अग्रवाल, कुलदीप चौहान, विकास कुमार, जूही अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली टेस्ट: वेस्टइंडीज का फाइटबैक

## ● तीसरे दिन का स्कोर 173/2, भारत से 97 रन पीछे, कैम्पबेल शतक के करीब, पहली पारी 248 पर सिमटी




**नई दिल्ली, वार्ता।** जॉन कैंपबेल (नाबाद 87) और कप्तान शाई होप (नाबाद 66) अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को स्टंप के समय दो विकेट पर 173 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 97 रन पीछे है। इससे पहले कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबा. जी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर 270 रनों की बढ़त के साथ उसे फॉलोऑन दिया हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को 17 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (10) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने ऐलेक ऐथनेज (सात) को बोल्ड कर भारत की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिए थे। चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान शाई होप ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभाला तथा तेजी के साथ रन भी बटोरे। दिन का खेल समाप्त होने के समय अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे कर बड़े स्कोर की नींव रख दी। वेस्टइंडीज ने 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बना लिए है। जॉन कैंपबेल (नाबाद87) और शाई होप (नाबाद 66) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुदंर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिए थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी। लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज को बुमराह ने पियर (23) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई।




## मंधाना ने पूरे किए 5000 वनडे रन

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेलकर रिर्काड्र्स की झड़ी लगा दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने वनडे में 5000 रन पूरे कर लिए और दुनिया में पांचवीं व भारत के लिए ऐसा करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं।

बता दें कि, भारत और आस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप का 13वां मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। इस मैच में आस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टास जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुक. ाबले में प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान मंधाना ने 46 और प्रतिका ने 69 गेंदों में अर्द्धशतक पूरे किए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## अभिषेक पाल और सीमा भारतीयों में विजेता बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित हाफ मैराथन में से एक पर तुरंत प्रभाव डालते हुए प्रभावित किया।

## मटाटा व रेंगरुक ने वेंदाता हाफ मैराथन में जीते खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी केन्याई धावकों एलेक्स न्ज़िओका मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने आज यहां विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 20वें संस्करण में उल्लेखनीय केन्याई जीत दर्ज करने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाईं। इस आयोजन के इतिहास में यह केवल दूसरी बार था जब केन्याई धावकों ने एक ही संस्करण में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिताब जीते। फ्रांसिस किबिवोट और लिनेथ चेपकुरुई 2006 में ऐसा सम्मान हासिल करने वाले पहले धावक थे। पिछले साल युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी के बाद उपविजेता रहे मटाटा ने अन्य धावकों से अलग होकर एकल दौड़ में भाग लिया। इस साल की शुरुआत में आरएके हाफ-मैराथन में 59:20 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीत हासिल की।

## क्रिकेट के मैदान में एक और क्रिकेटर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूपी के मुरादाबाद स्थित बिलारी में क्रिकेट मैदान पर खेलते-खेलते एक सीनियर खिलाड़ी की जिंदगी थम गई। रविवार को चल रहे वेटरन क्रिकेट मैच के दौरान 50 वर्षीय अहमर खां की गेंदबा. जी करते वक्त हार्ट फेल होने से मौत हो गई।

अहमर मुरादाबाद के एकता विहार कालोनी के रहने वाले थे। साथी खिलाड़ियों के अनुसार अहमर अपनी टीम की ओर से गेंदबाजी कर रहे थे तभी अचानक मैदान पर गिर पड़े। साथी खिलाड़ियों ने तुरंत उन्हें संभाला और अस्पताल पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर के फैलते ही खेल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। अहमर खां लंबे समय तक दिल्ली के सुहानी क्लब और उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम से खेल चुके थे। वे राज्य स्तर पर सीनियर क्रिकेटर के रूप में जाने जाते थे और कई मौकों पर मशहूर स्पिनर पीयूष चावला के साथ भी मैदान साझा कर चुके थे। उनके निधन पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने गहरा दुख जताया है।

अहमर खां अपने पीछे दो बच्चों और पत्नी को छोड़ गए हैं। आखिरी ओवर में संभल को जीत के लिए 18 रन चाहिए थे। अहमर ने आखिरी ओवर फेंकते हुए महज पांच रन दिए और मुरादाबाद की टीम को 13 रन से जीत दिलाई। टीम के सभी खिलाड़ी जीत की खुशी मना रहे थे इसी दौरान अहमर जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते उनकी मैदान पर ही जान चली गई। मौके पर मौजूद लोग अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक अहमर की मौत हो चुकी थी।

## चचेरे भाई वाचेरोट और रिंडरकनेच फाइनल मुकाबले के लिए तैयार

**शंघाई, वार्ता।** एटीपी रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज मोनाको के वैलेंटिन वाचेरोट ने शनिवार को सर्बियाई टेनिस दिग्गज नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराकर 2025 शंघाई मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, वाचेरोट मास्टर्स 1000 एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले मोनेगास्क खिलाड़ी और पुरुष एकल में शीर्ष-10 खिलाड़ी को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वाचेरोट ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि क्या हुआ है, इसलिए मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता।यह वाकई अद्भुत है। सबसे पहले, कोर्ट के दूसरी तरफ (जोकोविच से) होना एक अविश्वसनीय अनुभव था। मुझे लगता है कि मुझे इस मैच से, उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है।

# कुलदीप यादव अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल



**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलद.ीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुस.ीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जाद.ूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ़ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालांकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेता. वनी दे दी: उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते। सभी फ़ॉर्मेट में, कुलदीप तूफ़ान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं( 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट( और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है-यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्टइंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाज़ा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियां बजीं, टीम ने तालियां बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो: मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूं। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा।

● **सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में कुलदीप 5 बार 5 विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं**

# नामीबिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

● **नामीबिया ने खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद में रोमांचक जीत हासिल की**




**विंडहोक, वार्ता।** रूबेन ट्रम्पेलमैन के हरफनमौला प्रदर्शन (3/28 और 8 गेंदों में 11 रन) और ज़ेन ग्रीन के 23 गेंदों में नाबाद 30 रनों की संयमित पारी की बदौलत, नामीबिया ने शनिवार को विंडहोक में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की। जीत के लिए 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ग्रीन ने सिमेलाने की आखिरी गेंद पर लो फुलटॉस को स्वीप कर नामीबिया को चार विकेट से जीत दिलाई। 2022 विश्व कप में एडिलेड में नीदरलैंड से हारने के बाद, यह दूसरी बार था जब दक्षिण अफ्रीका किसी एसोसिएट देश से टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हारा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने पारी की शुरुआत में ही क्विंटन डी कॉक और रीज़ा हेंड्रिक्स के विकेट गंवा दिए। हालांकि, लुआ-ड्रे प्रीटोरियस और रुबिन हरमन ने उस पिच पर पारी को संभाला जहां रन बनाना आसान नहीं था। दोनों ने 30 रन जोड़े, इससे पहले कि ट्रम्पेलमैन ने डीप स्क्वायर लेग पर एक बेहतरीन डाइविंग कैच लपका। जल्दी-जल्दी कुछ और विकेट गिरने से 11वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 68 रन हो गया। जेसन स्मिथ ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोरिंग गति को बढ़ाया, लेकिन थोड़ी पकड़ और उछाल वाली पिच पर बाउंड्री लगाना मुश्किल था। इसके अलावा, नामीबियाई खिलाड़ियों ने भी अपना अनुशासन बनाए रखा। ब्योर्न फोर्टुइन और गेराल्ड कोएत्ज़ी ने अंत में उपयोगी योगदान देकर दक्षिण अफ्रीका को 130 रनों के पार पहुंचाया, लेकिन अंत में यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ। नामीबियाई बल्लेबाजों को भी रन बनाने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों, खासकर गेराल्ड कोएत्ज़ी की अनियमित लाइन-अप ने उनकी मदद की, जो अपने दूसरे ओवर की चार गेंदें डालने के बाद कुछ लचता के साथ मैदान से बाहर चले गए। नामीबिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जब तक दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले तीन विकेट लिए, तब तक नामीबिया ने केवल सात ओवरों में 51 रन बना लिए थे। गेरहार्ड इरास्मस, जेजे स्मिट और जेसन क्रूगर ने बीच के ओवरों में जरूरी मजबूती प्रदान की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दक्षिण अफ्रीका को बढ़त न मिले। हालांकि, अंतिम तीन ओवरों में 28 रनों की जरूरत के साथ, नामीबिया के लिए चुनौती अभी भी कठिन थी। ग्रीन और ट्रम्पेलमैन ने एक-एक चौका लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 11 रनों तक पहुंचाया।

# रवींद्र जडेजा को अब भी 2027 वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के शीर्ष ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व कप जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के समापन पर बोलते हुए, जडेजा ने यह भी पुष्टि की कि चयनकर्ता और नए कप्तान शुभमन गिल ने टीम की घोषणा से पहले ही उन्हें टीम में शामिल न करने के बारे में सूचित कर दिया था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला के लिए दो बाएं हाथ के स्पिनरों को शामिल नहीं कर सकते और जडेजा ने इसे स्वीकार किया। जडेजा ने अपने वनडे भविष्य पर कहा कि देखिए, यह मेरे हाथ में नहीं है।

मैं खेलना चाहता हूं, लेकिन आखिरकार, टीम प्रबंधन, चयनकर्ता, कोच, कप्तान सोच रहे होंगे कि मैं इस सीरीज में क्यों नहीं हूं। इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर होगी। और उन्होंने मुझसे बात की। ऐसा नहीं है कि जब टीम की घोषणा हुई तो उन्होंने मुझे चौंका दिया कि मैं उसमें नहीं हूं। यह अच्छी बात है कि कप्तान, चयनकर्ता, कोच ने मुझसे बात की और इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर है। पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी पड़ाव पर पिछड़ने वाली टीम का हिस्सा रहे जडेजा, जो 2027 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान लगभग 39 साल के हो जाएंगे, को उम्मीद है कि आखिरकार उन्हें ट्रॉफी मिल ही जाएगी। उन्होंने कहा कि जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं वही करने की कोशिश करूंगा जो मैं इतने सालों से करता आ रहा हूं।और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में, अगर मुझे मौका मिलता है, तो उससे पहले कई वनडे मैच खेलने हैं।




● **रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा**




# अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 81 रनों से हराया

● **इब्राहिम जादरान ने 95 रनों की बेहतरीन पारी खेली, कप्तान राशिद खान ने पांच विकेट और ओमरजेई ने तीन विकेट लिए**

**अबू धाबी, वार्ता।** इब्राहिम जदरान (95) की बेहतरीन पारी के बाद कप्तान राशिद खान (पांच विकेट) और अजमतउल्लाह ओमरजई (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 81 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को ओमरजई और राशिद खान के कहर का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पारी टीम 28-3 ओवरों में 109 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। अफगानिस्तान ने 81 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मो-तौहीद हृदोय ने बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक 24 रन बनाए। इसके आलवा सैफ हसन (22), जाकेर अली (18) और नरुल हसन (15) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाज रहे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जदरान को उनकी 95 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने पांच विकेट लिए। अजमतउल्लाह ओमरजई को तीन विकेट मिले। नांगेलिया खरोटे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने शनिवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान को बांग्लादेश के गेंदबाजों ने 44.5 ओवरों में 190 के स्कोर पर समेट दिया। इब्राहिम जदरान ने अफगानिस्तान के लिए 95 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने अपनी इस धैर्यपूर्ण पारी 140 गेंदों का सामना किया तथा तीन चौके और एक छक्का भी लगाया। मोहम्मद नबी (22), एएम गजनफर (22), नांगेलिया खरोटे (13) और रहमान उल्लाह गुरबाज (11) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे। बांग्लादेश के लिए मेंहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

# पेगुला ने सबालेंका को हराया

● **फाइनल में पेगुला का सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में इटली की जैस्मिन को हराया था**

**वुहान, वार्ता।** जेसिका पेग.ुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद संघर्ष किया और कई मैच पॉइंट बचाकर शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 7-6(2) से हराकर वुहान ओपन के फ़ाइनल में प्रवेश किया और बेलारूसी खिलाड़ी के टूर्नामेंट में 20 मैचों के जीत के सिलसिले को भी तोड़ दिया।

रविवार के फ़ाइनल में, पेग.ुला का सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-4, 6-3 से आसानी से हराया था। सबालेंका शुरुआत में पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं और उन्होंने अपनी विशिष्ट बेसलाइन आक्रामकता से पेगुला को परास्त कर पहला सेट 6-2 से जीत लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में फिर से वापसी की और निर्णायक मौके पर ब्रेक लेकर मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट सबालेंका के पक्ष में जाता दिख रहा था जब उसने 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन पेगुला ने शानदार वापसी की और लगातार चार गेम जीतकर 6-5 से आगे हो गई। सबालेंका ने टाईब्रेकर करवाया, लेकिन पेगुला ने 7-2 से जीत हासिल कर ली और दो घंटे से ज़्यादा चले कड़े मुकाबले के बाद जीत पक्की कर ली।

पेगुला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे अपने राज़ बताना पसंद नहीं। लेकिन मैं लगातार उसके पैटर्न के बारे में सोचती रहती हूं - बड़े पॉइंट्स पर उसे क्या करना पसंद है, वह कहां सर्विस करना चाहती है, कब वह दिशा बदलने की कोशिश करती है। मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं कोर्ट से बाहर हूं, मुझे पता है कि उसे कहां स्लाइस या ड्रॉप शॉट लगाना पसंद है।

# सम्पादकीय

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

## पाक की बेचैनी

इस समय अफगानिस्तान के विदेश मंत्री सात दिवसीय भारत के दौरे पर आए हुए हैं। इस बीच ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि पाक व अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर इशारा करती है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में काफी अंदर घुसकर तहरीके तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। जाहिर है टीटीपी पर सर्जिकल स्ट्राइक तो एक बहाना लगती है असल मकसद इसके पीछे कुछ और लगता है। लगता है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के साथ भारत की बढ़ती नजदीकी को पचा नहीं पा रहा है। हालांकि टीटीपी और पाक के बीच संघर्ष कोई नया नहीं है। टीटीपी को हमेशा पाकिस्तान अपने लिए खतरा मानता है और वह यह आरोप भी लगाता रहता है कि उसको शह अफगानिस्तान से मिल रही है। ताजा मामले में भी यही कह रहा है कि टीटीपी के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई की है। इसी तरह अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में पत्रकारों के सामने विस्तार से बात की है। मुत्ताकी ने पाक पर आरोप लगाया और कहा कि उसने खुद ही अपने कबालाई इलाकों में सैन्य अभियान चलाकर हजारों लोगों को बेघर किया था, जिनमें से कई शरणार्थी के रूप में अफगानिस्तान में रह रहे हैं। मुत्ताकी ने बताया कि ये लोग पाक से आए हैं और अफगान धरती पर शरणार्थी बनकर रह रहे हैं और ये लोग तब आए थे जब अमेरिका और उसकी समर्थित सरकार अफगानिस्तान में थी, तब इन्हें जगह दी गई थी और अब ये लोग हमारी देखरेख में शांति से रह रहे हैं। मुत्ताकी का यह भी कहना था कि पाकिस्तान अफगान सीमा जिसे ड्यूरंड लाइन के नाम से भी जाना जाता है, 2400 किमी से ज्यादा लंबी है और इसको नियंत्रित करना आसान नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि न इसे चंगेज खां नियंत्रित कर सका और न ही अंग्रेज। इसको ताकत के बलबूते नहीं संभाला जा सकता। उन्होंने चेतावनभरे लफ्ज में कहा कि पाक के पास बड़ी फौज और बेहतरीन खुफिया एजेंसी हैं फिर भी वे इसे खुद क्यों नहीं रोक पा रहे हैं। इस समय कतर और सऊदी अरब के हस्तक्षेप से दोनों देशों के बीच कोई सैन्य कार्रवाई नहीं हो रही है, लेकिन मुत्ताकी ने साफ कहा कि अगर पाक शांति व अच्छे रिश्ते नहीं चाहता तो अफगानिस्तान के पास और भी विकल्प मौजूद हैं, लेकिन अफगानिस्तान शांति में विश्वास रखता है। बड़ी बात मुत्ताकी ने कही वह यह है कि पाक अपने यहां आतंकी समूहों को क्यों काबू नहीं कर पा रहा है और अपने ही लोगों को खतरे में डालकर कुछ लोगों को खुश करने की क्यों कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ ताकतें दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा रही हैं। जहां तक बात भारत की है, अफगानिस्तान के साथ इस तरह की पहल बेहतर संबंधों को उसने की है व अफगान विदेश मंत्री ने उसको सराहा है यह बड़ी सफलता है।

### निजी कॉलेज परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करें



पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म की वारदात चौंकाने वाली है, हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती, वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, पुलिस अन्य की तलाश कर रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज बताए कि वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गई, ओडिशा में तीन सप्ताह पहले समुद्र तट पर तीन लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ, ओडिशा सरकार ने क्या कार्रवाई की और बंगाल में अगर महिलाओं के साथ कुछ भी होता है तो हम इसे सामान्य मामला नहीं मानते, यह एक गंभीर मामला है।

**–ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

## जल संकट की दस्तक दिल्ली से दूर नहीं





**विनीत नारायण**

इस वर्ष देश भर में हुई भारी बारिशों और जल प्रलय के बावजूद भारत के शहरी क्षेत्रों में जल संकट अब कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई बन चुका है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे महानगर, जो आर्थिक प्रगति और आधुनिक जीवनशैली के प्रतीक हैं, अब जल प्रबंधन की विफलता के गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। हाल ही में दिल्ली के वसंत कुंज क्षेत्र में तीन बड़े मॉल और आसपास की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो जाने से यह संकट फिर सुर्खियों में आया। इन प्रतिष्ठानों को बंद करने की नौबत इसलिए आ गई है क्योंकि टैंकरों से इनकी जल आपूर्ति रुक गई, जबकि भूजल दोहन (ग्राउंड वॉटर बोरिंग) पर पहले से ही एनजीटी ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह स्थिति केवल अस्थाई तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे प्रशासनिक और नैतिक संकट की ओर संकेत करती है। पिछले सात दशकों में खरबों रुपया जल प्रबंधन पर खर्च किए जाने के बावजूद ऐसा क्यों है?

दिल्ली जैसे शहर में जहां जनसंख्या 2 करोड़ से अधिक है, जल आपूर्ति व्यवस्था लंबे समय से दबाव में है। दिल्ली जल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहर में प्रतिदिन करीब 1,000 मिलियन गैलन पानी की मांग है, जबकि उपलब्धता मुश्किल से 850 मिलियन गैलन तक पहुंच पाती है। वसंत कुंज जैसे पॉश इलाकों में भी पिछले कुछ वर्षों से पानी की टंकियों और निजी टैंकरों पर निर्भरता बढ़ी है। परंतु इस बार स्थिति पहले से कहीं अधिक भयावह हो गई क्योंकि प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक कारणों से टैंकरों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इस निर्णय का सबसे बड़ा असर व्यापारिक केंद्रों जैसे मॉल्स, रेस्तरां और दुकानों पर पड़ा है। इन मॉल्स में हजारों कर्मचारी काम करते हैं और प्रतिदिन लाखों ग्राहक आते हैंय बिना पानी के ऐसी व्यवस्था एक दिन भी नहीं चल सकती। शौचालय, सफाई, भोजनालय, अग्निशमन प्रणाली, सब कुछ जल आपूर्ति पर निर्भर हैं। जब टैंकरों की आपूर्ति रुकी, तो केवल व्यापार ही नहीं, आसपास के आवासीय समाज भी संकट में पड़ गए। दिल्ली सरकार ने कुछ वर्ष पहले भूजल दोहन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। उद्देश्य यह था कि गिरते जलस्तर को रोका जाए। यह पहल पर्यावरणीय दृष्टि से आवश्यक थी, क्योंकि लगातार बढ़ते दोहन ने दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में भूजल को 300 फीट से भी अधिक नीचे पहुंचा दिया था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वैकल्पिक व्यवस्था पर्याप्त रूप से विकसित की गई? जब सरकार ने ग्राउंड वॉटर बोरिंग को गैरकानूनी घोषित किया, तब उसे समानांतर रूप से मजबूत टैंकर नेटवर्क, पुनर्चक्रण संयंत्र और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने चाहिए थे। दुर्भाग्यवश, नीतियां बनीं पर उनका कार्यान्वयन अधूरा रह गया। परिणामस्वरूप, लोग न तो कानूनी तरीके से पानी निकाल सकते हैं, न सरकारी वितरण पर भरोसा कर सकते हैं। सोचने वाली बात ए है कि यदि जाड़ों में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा? दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पानी की आपूर्ति से जुड़ा टैंकर कारोबार वर्षों से विवादों में रहा है। कई जगह यह सार्वजनिक सेवा से अधिक निजी व्यवसाय बन चुका है। अधिकारियों और टैंकर ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के आरोप नए नहीं हैं। दिल्ली में जल आपूर्ति में आई यह हालिया बाधा भी ऐसे ही भ्रष्टाचार की परतें उजागर करती प्रतीत होती है। त्योहारों के मौसम में जब पानी की मांग बढ़ जाती है, घरों में सजावट, साफ-सफाई और उत्सव आयोजन अधिक होते हैं।ऐसे समय पर टैंकरों की आवाजाही पर प्रतिबंध या 'तकनीकी समस्या' का बहाना बना देना संदेह उत्पन्न करता है। कई स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ जल एजेंसियों ने टैंकरों की उपलब्धता को कृत्रिम रूप से सीमित कर कीमतें बढ़ाने की कोशिश की है। इससे न केवल आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा, बल्कि मॉल्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करने की स्थिति आ गई। अगर ए आरोप सही साबित होते हैं, तो यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का उदाहरण होगा। जल जैसी बुनियादी संपदा के साथ ऐसा बर्ताव किसी नागरिक समाज में अक्षम्य अपराध है। भारत में जल नीति के कई स्तर हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगरपालिका निकाय सब अपने ढंग से काम करते हैं। लेकिन इन सबमें तालमेल का अभाव है। राष्ट्रीय जल नीति (2012) यह कहती है कि हर नागरिक को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण जल मिलेगा, पर छोटे शहरों को तो छोड़ें, दिल्ली जैसे शहरों में भी वास्तविकता इसके उलट है। नगर पालिकाएं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता घोषित तो करती हैं, पर अधिकांश इमारतों में यह प्रणाली केवल कागजों पर मौजूद है। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की क्षमता भी इस संकट का सामना करने के लिए अपर्याप्त है। यमुना का प्रदूषण भी दिल्ली की जल आपूर्ति पर सीधा असर डालता है। यदि यमुना से शुद्ध जल नहीं मिलेगा, तो शहर को बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे राजनीतिक टकराव भी बढ़ते हैं। हालांकि नीति-निर्माण और कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी सरकार पर है, नागरिक भी पूरी तरह निर्दोष नहीं हैं। शहरी समाज में जल का अनावश्यक उपयोग आम बात है। बागवानी में अत्यधिक पानी, कार धोने में व्यर्थ बहाव, और रिसाव की अनदेखी। स्वच्छ भारत मिशन या हर घर जल जैसे अभियानों की सफलता तभी संभव है जब लोग खुद बदलाव का हिस्सा बनें। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और ग्रे-वॉटर रीसाइक्लिंग जैसे उपाय व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर अपनाए जा सकते हैं। मॉल्स और हाउसिंग सोसाइटीज में यह व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि टैंकरों पर निर्भरता घटे। दिल्ली का वर्तमान संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएं। गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी। महानगरों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली को सख्ती से लागू करना। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाना। टैंकर संचालन को पारदर्शी और जीपीएस-नियंत्रित बनाना ताकि रिश्वतखोरी पर रोक लगे। यमुना जैसी नदियों की सफाई और पुनर्जीवन को प्राथमिकता देना। पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कानून और जनजागरूकता अभियान चलाना। इन कदमों के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जल प्रबंधन केवल संकट आने पर चर्चा का विषय न बने, बल्कि शहरी नियोजन की मूल नीति का हिस्सा हो। दिल्ली पर आई जल संकट की दस्तक यह याद दिलाता है कि पानी केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब-जब हम इसे समझने में चूक करते हैं, तो सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लग जाता है। यदि सरकार और नागरिक समाज अब भी इस संकट को गंभीरता से नहीं लेते, तो 'जल युद्ध' भविष्य का नहीं, वर्तमान का शब्द बन जाएगा। जलसंकट का समाधान केवल योजनाओं से नहीं, ईमानदार नीयत और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पेंशन का अधिकार शिक्षकों की मांग



**शहज़ाद अली**

भारतीय शिक्षा प्रणाली के मूल में शिक्षक ही हैं, जो नई पीढ़ी को ज्ञान की ज्योति प्रदान करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में सरकारी नीतियों और न्यायिक फैसलों ने शिक्षकों के समक्ष नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। एक ओर पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर अध्यापकों के बीच जोर पकड़ रही है, तो दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश ने टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट TET को अनिवार्य कर दिया है। ये दोनों मुद्दे शिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा और पेशेवर योग्यता से जुड़े हैं। इस लेख के माध्यम से हम इन मांगों को सरकार एवं सरकारी संस्थाओं का ध्यानाकर्षण करेंगे, जो न केवल अध्यापकों की वर्तमान स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भविष्य की नीतियों को भी आकार दे रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही वह व्यवस्था थी, जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता था, जिससे वह अपना शेष जीवन सम्मान से व्यतीत कर पाता था। 2004 के बाद यह लाभ छीन लिया गया, जिससे कर्मचारियों को एक तगड़ा शॉक लगा। हालांकि सरकारी नौकरी के लालच में सरकारी नौकर इस हानि को देखता और सहन करता रहा। अध्यापक समुदाय, जो मुख्य रूप से सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत हैं, इस बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। दूसरी तरफ अन्य विभागों की ओर भी यदि देखा जाए तो वहां पर भी सेवारत कर्मचारियों / अधिकारी वर्ग को इस प्रकार के रीफ्रेशर कोर्स कराने की आवश्यकता होनी चाहिए मगर ऐसा नहीं है? क्यों कार्य क्षमता कसौटी अध्यापकों के लिए ही नियत हो? पचपन वर्ष की अवस्था पूर्ण कर रहे सभी प्रशासनिक,विधि, राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कोई आकलन प्रक्रिया हो जाए तो इन क्षेत्रों में भी जनमानस को अपेक्षाकृत बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकती हैं।

सरकार की नई पेंशन योजना के संबंध में अध्यापकों का तर्क है कि NPS में निवेश जोखिमपूर्ण है और मुद्रास्फीति के साथ पेंशन की राशि अपर्याप्त साबित हो रही है। फरवरी 2025 के एक फैसले में कोर्ट ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले वेतन वृद्धि (नोटिशनल इंक्रीमेंट) को पेंशन में शामिल करने का निर्देश दिया, जिससे हजारों पूर्व कर्मचारियों को राहत मिली। अध्यापकों की मांग अब OPS की पूर्ण बहाली पर केंद्रित है सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश OPS की नैतिक और कानूनी वैधता को रेखांकित करते हैं। शिक्षक संघो द्वारा मांग की जा रही है कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। यूनिफाइड पेंशन स्कीम 2025 के तहत सरकार ने कुछ राहत दी है, लेकिन अध्यापक इसे अपर्याप्त मानते हैं। पेंशन को अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार माना गया है, क्योंकि यह सेवानिवृत्त व्यक्तियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

**TET अनिवार्यता**

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला और अध्यापकों की चिंताएं, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 2011 से TET को शिक्षक भर्ती के लिए अनिवार्य बनाया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के फैसले ने इसे और सख्त कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कक्षा 1 से 8 तक के गैर-माइनॉरिटी स्कूलों में कार्यरत सभी अध्यापकों,चाहे वे RTE से पहले नियुक्त हुए हों,को TET पास करना होगा। प्रमोशन के लिए भी TET अनिवार्य है। जिन अध्यापकों के पास 5 वर्ष से कम सेवा शेष है, उन्हें छूट दी गई है, वे सेवा जारी रख सकते हैं, लेकिन प्रमोशन नहीं पा सकेंगे। शेष को 2 वर्ष का समय दिया गया है, अन्यथा सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति हो सकती है। नियुक्ति के समय निर्धारित योग्यता पूर्ण मानते हुए ही कोई सरकारी विभाग व्यक्ति को नियुक्त करता है, इन अध्यापकों ने भी ऐसा ही किया है। अब नियुक्ति के बाद निर्गत आदेशों को सेवारत शिक्षक पर लगाया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है हालांकि उक्त फैसला अंजुमन इशाअत-ए-तालीम ट्रस्ट बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में आया, जिसमें कोर्ट ने त्ज्म की धारा 23 का हवाला देते हुए कहा कि ज्म्ज शिक्षण योग्यता का न्यूनतम मानक है।इस आदेश का प्रभाव स्कूलों में 20-30 लाख अध्यापकों पर पड़ेगा। तमिलनाडु में ही 3 लाख से अधिक अध्यापक प्रभावित हैं, जहां ज्म्ज पास रेट मात्र 10-20: है। शिक्षको की मांग हैं कि त्ज्म लागू होने से पहले नियुक्त अध्यापकों को ज्म्ज से छूट दी जाए, क्योंकि उनकी अनुभव और प्रशिक्षण को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिक्षा विभाग समय-समय पर विषय आधारित एवं अन्य कौशलों पर आधारित प्रशिक्षण कराता है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय ने 16 सितंबर 2025 को इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दायर करने का निर्देश दिया, स्वागत योग्य पाजिटिव पहल है जिससे आशा की किरण जगी है। अध्यापक मांग कर रहे हैं पुरानी पेंशन योजना को बहाल एवं लागू किया जाए एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 जो कि जौलाई 2011 को लागू हुआ इससे पहले नियुक्त किसी भी शिक्षक पर टैट नही थोपा जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## राहुल को जेपी का स्मरण कराया भी जा सकता है



**श्रवण गर्ग**

बिहार में परिवर्तन की जो आंधी इस समय चल रही है उसमें उस संपूर्ण क्रांति की झलक तलाश की जा सकती है जो 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुई थी और जिसके परिणामस्वरूप 1977 में आजादी के बाद पहली बार केंद्र में एक गैर-कांग्रेसी सरकार की स्थापना हुई थी।

एक बड़ा फर्क तब और अब में यह है कि उस समय जो राजनीतिक सत्ता यानी सत्तारूढ़ कांग्रेस खलनायक के रूप में मौजूद थी वह इस समय राहुल की अगुवाई में नायकत्व की भूमिका में है। जिन सांप्रदायिक तत्वों यानी तब जनसंघ और आरएसएस ने अपने राजनीतिक हितों के लिए जेपी के 1974 के छात्र-आंदोलन पर कब्जा कर लिया था वे इस समय खलनायकों के रोल में हैं। राहुल की उम्र उस समय चार-पांच साल की रही होगी। राजीव गांधी और सोनिया गांधी तब सत्ता की राजनीति से कोसों दूर थे। दिल्ली में सत्ता के सारे सूत्र संजय गांधी और उनकी अतिविश्वस्त कोटरी के हाथों में थे। जेपी के साथ 1972 में हुए चंबल घाटी के ऐतिहासिक दस्यु आत्म-समर्पण के समय से जुड़े होने के कारण मैं बिहार आंदोलन के दौरान भी लोकनायक के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। बिहार चुनावों को लेकर यूट्यूब चैनलों पर होने वाली बहसों के माध्यम से और राहुल गांधी की टीम से नजदीक से जुड़े एक सांसद के जरिए राहुल तक एक संदेश पहुंचाने की कोशिश मैंने पिछले दिनों की थी। राहुल गांधी तक संदेश यह पहुंचवाना था कि उन्होंने युवा शक्ति के माध्यम से





मोदी की हुकूमत के खिलाफ लड़ाई की शुरुआत बिहार की क्रांति-उर्वरा धरती से की है। इंदिरा गांधी के खिलाफ जेपी की संपूर्ण क्रांति में लालू प्रसाद यादव प्रमुख छात्र नेता थे। राहुल की लड़ाई में उनके प्रमुख सहयोगी लालू के बेटे तेजस्वी यादव हैं। राहुल के समर्थन में बिहार के युवा भी उसी तरह से समर्पित हैं जिस तरह 1974 में जेपी के प्रति थे।

राहुल गांधी पटना सहित बिहार के अन्य स्थानों की यात्राएं लगातार कर रहे हैं। उनकी ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा का समापन भी पटना में ही हुआ था। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक भी पटना में ही हुई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उस बैठक के आयोजक थे। केजरीवाल भी उस बैठक में उपस्थित थे। बाद में इंडिया ब्लॉक को धोखा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। मेरा सुझाव यह था कि राहुल अपनी किसी पटना यात्रा के दौरान अगर जेपी के कदम कुआं स्थित निवास स्थान पहुंचकर संपूर्ण क्रांति के नायक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर देंगे तो उसका संदेश बिहार के गांव-गांव तक पहुंच जाएगा। बिहार के संवेदनशील युवाओं के साथ राहुल का बांड और मजबूत हो जाएगा। केंद्र की वर्तमान गैर-कांग्रेसी सरकार हालांकि जेपी के उसी संपूर्ण क्रांति आंदोलन की देन है पर नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से इस तरह की कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती। आश्चर्य नहीं हुआ कि राहुल गांधी की ओर से सुझाव को गौर करने योग्य नहीं समझा गया। मैं यह भी मानने को तैयार हूं कि संदेश उन तक नहीं पहुंच पाया होगा। इस तरह का विचार तो राहुल या उनकी टीम के लोगों के मन में स्वतः भी आ सकता था। राहुल बिना किसी पूर्व-घोषणा और मर्जी से अलग-अलग जगहों पर जाते रहते हैं। लोगों से मिलते हैं, उन्हें गले लगाते रहते हैं ! बिहार में युवा क्रांति की अगुवाई कर जननायक बनने वाले नेता को तो अपनी पहली ही पटना यात्रा में कदम कुंआ के ठिकाने की याद आ जानी चाहिए थी। अगर नहीं आई तो दिलाई भी जा सकती थी। मैं जिस पूर्वाग्रह से मुक्त होना चाहता हूं वह यह है कि राहुल गांधी को गुस्सा भी आता है और उनकी ही पार्टी और सहयोगी दलों के नेता उनसे खौफ भी खाते हैं। संपूर्ण क्रांति के लोकनायक जेपी का अगर राहुल ने पटना में स्मरण नहीं किया तो उसमें उनकी चुनावी स्ट्रेटेजी की कमी भी तलाशी जा सकती है। आश्चर्य ही व्यक्त किया जा सकता है कि 1974 के आंदोलन की ही उपज लालू यादव के प्रति अगर राहुल के मन इतना सम्मान है तो जेपी के प्रति उसका चुनावी-प्रदर्शन भी क्यों नहीं हो सकता।

**राहुल गांधी पटना सहित बिहार के अन्य स्थानों की यात्राएं लगातार कर रहे हैं। उनकी ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा का समापन भी पटना में ही हुआ था। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक भी पटना में ही हुई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उस बैठक के आयोजक थे। केजरीवाल भी उस बैठक में उपस्थित थे। बाद में इंडिया ब्लॉक को धोखा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। मेरा सुझाव यह था कि राहुल अपनी किसी पटना यात्रा के दौरान अगर जेपी के कदम कुआं स्थित निवास स्थान पहुंचकर संपूर्ण क्रांति के नायक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर देंगे तो उसका संदेश बिहार के गांव-गांव तक पहुंच जाएगा।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 58 पाक सैनिक मारे गिराए: अफगान

## 25 चौकियों पर कब्जा भी किया, कहा: आईएसआई के आतंकियों को पनाह दे रहा पाकिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना ने शनिवार रात को पाकिस्तान सीमा पर हुई झड़प में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई उल्लंघन के जवाब में की गई।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियां कब्जे में ले ली हैं। इस कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा: हमारा आपरेशन आधी रात को खत्म हो गया। अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगानिस्तान सीमा का उल्लंघन किया, तो हमारी सेना देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान पर राजधानी काबुल और देश के पूर्वी इलाके के एक बाजार पर बमबारी करने का आरोप लगाया था।

हालांकि पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली थी। जबीहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए आपरेशन की जानकारी दी। तालिबान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर आईएसआई के आतंकियों को शरण दे रहा है। मुजाहिद ने इन आतंकियों को अफगानिस्तान समेत पूरी दुनिया के लिए खतरा बताते हुए उन्हें पाकिस्तान से निकालने या अफगानिस्तान के हवाले करने के लिए कहा। तालिबान प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान ने अस्थिरता फैलाने वाले सभी तत्वों को खत्म कर दिया था, लेकिन अब उनके नए ठिकाने पाकिस्तान के पख्तूनख्वा इलाके में बना दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन ठिकानों पर कराची और इस्लामाबाद एयरपोर्ट के जरिए नए लड़ाकों को लाया जा रहा है और यहीं पर उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। मुजाहिद ने यह भी दावा किया कि ईरान और रूस में हुए हमलों की योजना भी इन्हीं पाकिस्तानी ठिकानों से बनाई गई थी। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान को भी भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, ताकि वह पाकिस्तान की ओर बुरी नजर से देखने की हिम्मत न कर सके। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि हालिया हमलों के बाद पाकिस्तान चुप नहीं बैठेगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया डान के अनुसार, पाक सेना ने अफगानिस्तान की 19 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, अफगान हमले सीमा के करीब छह इलाकों में हुए। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि पाकिस्तानी सेना ने भी जवाब में भारी गोलीबारी की। लड़ाई के दौरान पाकिस्तानी सेना ने 3 अफगान ड्रोन मार गिराए, आशंका जताई गई है कि ये ड्रोन बम ले जा रहे थे। सऊदी अरब ने इस लड़ाई पर चिंता जताई है। सऊदी सरकार ने दोनों देशों से शांति और बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की अपील की है और तनाव बढ़ाने से बचने को कहा है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाक के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। हालांकि पाकिस्तान ने साफ तौर पर ये नहीं कहा कि ये हमले उसने किए, लेकिन उसने तालिबान को चेतावनी दी कि वह अपनी जमीन पर टीटीपी को पनाह न दे।



■ अफगान को भी भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा: पाकिस्तानी गृह मंत्रालय का दावा

### खैबर पख्तूनख्वा में दो आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चलाये गए एक अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। कैपिटल सिटी पुलिस अधिकारी पेशावर मियां सईद ने एक बयान में कहा कि यह घटना शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर जिले के हसन खेल इलाके में हुई, जहां आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों के साथ घंटों तक भारी गोलीबारी होती रही। संदिग्धों का पीछा करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।



नई दिल्ली। अफगान दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बोलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी।

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमले, 60 से ज्यादा की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से जयादा नागरिक मारे गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह ने दी है। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से जयादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 30 से जयादा नागरिक मारे गए और कई लोग घायल हुए। सूत्र ने बताया कि शवों को अल फशर स्थित सऊदी अस्पताल लाया गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ड्रोन हमलों का सीधा निशाना दक्षिणी अल फशर स्थित दार अल-अरकम आश्रय गृह था जहां कुछ लोग आश्रय गृह के अंदर जलकर मर गए।

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत ने रोक दी ट्रम्प की नेशनल गार्ड तैनाती

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इलिनाय राज्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भेजी गई नेशनल गार्ड की टुकड़ियां अब राज्य में रह सकती हैं, लेकिन फिलहाल उन्हें किसी भी फेडरल प्रापर्टी की सुरक्षा या गश्त पर तैनात नहीं किया जा सकता। यह आदेश अपील्स कोर्ट ने सुनाया। इससे पहले फेडरल जज एप्रिल पेरी ने गुरुवार को नेशनल गार्ड की तैनाती को कम से कम दो सप्ताह के लिए अस्थाई रूप से रोक दिया था। जज ने यह भी कहा कि ट्रम्प के इमिग्रेशन क्रैकडाउन के दौरान इलिनाय में विद्रोह का कोई स्पष्ट खतरा मौजूद नहीं है। अपील्स कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई को रोकते हुए आगे के तर्कों की प्रतीक्षा करने का आदेश दिया।

### बांग्लादेश में सेना के 15 अधिकारियों को लिया हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां 15 सेना के अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। मामले में बांग्लादेश की सेना ने कहा कि देश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के आदेश पर 15 सेवा में रह रहे अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। इन अधिकारियों पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल में कथित मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप है। सेना के एडजुटेंट जनरल मेजर जनरल मोहम्मद हाकिमुज्जामान ने बताया कि कुल 16 अधिकारियों को सेना मुख्यालय में हाजिर होने के निर्देश दिए गए थे, जिनमें से 15 ने हाजिरी लगाई।

### अमेरिकी सैन्य संयंत्र में विस्फोट में 16 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के टेनेसी में शुक्रवार को एक सैन्य संयंत्र में हुए विस्फोट में 16 लोगों के मारे जाने की आशंका है। हालांकि विस्फोट में कोई भी जीवित नहीं बचा है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। टेनेसी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (टीईएमए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह विस्फोट सैन्य विस्फोटकों के उत्पादन वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स, एलएलसी में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 7:45 बजे नैशविले, टेनेसी के दक्षिण-पश्चिम में हुआ। विस्फोट के कारणों की जांच अभी जारी है। विज्ञप्ति के अनुसार काफी मात्रा में मलबे और विस्फोटक पदार्थों की संभावित उपस्थिति के कारण प्रतिक्रिया अभियान धीरे-धीरे और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रहा हैं।

## चीन 100% टैरिफ पर उठाएगा सख्त कदम

### दुर्लभ खनिज निर्यात पर प्रतिबंध का किया बचाव, वैश्विक शांति की रक्षा में जायज कदम बताया

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को दुर्लभ खनिजों और उनसे जुड़ी वस्तुओं पर अपने नए निर्यात नियंत्रण उपायों का बचाव किया और कहा कि यह वैश्विक शांति की रक्षा के लिए उठाया गया जायज कदम है। इसके साथ ही चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी निर्यात पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी को अमल में लाते हैं, तो वह सख्त कदम उठाएगा।

बीजिंग ने दुर्लभ खनिजों, लिथियम बैटरियों और इन खनिजों से बनी अत्यधिक कठोर सामग्री के खनन और प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) से जुड़ी तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की थी। ये नए नियंत्रण उपाय तत्काल प्रभाव से लागू हो गए और इसमें उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। इन नियंत्रण उपायों (जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए) में उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। चीन ने कहा कि यह फैसला इस वजह से लिया गया है, क्योंकि कुछ विदेशी कंपनियां चीन से मिली सामग्री का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रही थीं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक नवम्बर से चीनी वस्तुओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह 'सभी जरूरी साफ्टवेयर' के निर्यात पर रोक लगा सकते हैं।

## ट्रम्प की मौजूदगी में होगी इजरायली बंधकों की रिहाई

### मिस्र में 20 से ज्यादा देशों के नेता जुटेंगे

**तेल अवीव।** गाजा सीजफायर समझौते के पहले चरण के तहत 48 बंधकों की रिहाई सोमवार सुबह से शुरू हो सकती है, जिनमें से 20 जीवित व्यक्ति और 28 शव सौंपे जाएंगे। इजरायली सेना ने शुक्रवार दोपहर तक गाजा से अपनी प्रारंभिक वापसी पूरी कर ली, जिसके बाद हमास को 72 घंटे का समय दिया गया है।

वहीं, सोमवार को मिस्र में गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा होगी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित 20 से अधिक विश्व नेता भाग लेंगे। दूसरी ओर, हमास ने मिस्र में सोमवार को होने वाले गाजा पीस समिट के आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह (दूसरा चरण) में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। संगठन के वरिष्ठ नेता होस्साम बडरान ने कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की योजना के कुछ हिस्सों से असहमत हैं। बडरान ने कहा कि फलस्तीनियों को (हमास का सदस्य हो या नहीं) उनकी जमीन से निकालने की बात बेतुकी है। उन्होंने समझौते के दूसरे चरण की बातचीत को जटिल और कठिन बताया। हमास के एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि संगठन का निरस्त्रीकरण (हथियार छोड़ना) बिल्कुल असंभव है, भले ही वे गाजा की सत्ता छोड़ दें। इजरायल लगभग 2,000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। टाईम्स आफ इजरायल के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रास समिति इस अदला-बदली की देखरेख करेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर हालात अनुकूल रहे तो रिहाई रविवार रात से भी शुरू हो सकती है।



हमास का गाजा पीस समिट में शामिल होने से इन्कार

## अमेरिका के नए राजदूत ने पीएम मोदी से की मुलाकात

### ट्रम्प के साइन वाली तस्वीर भी प्रधानमंत्री को भेंट की, इस पर लिखा: पीएम मोदी आप महान हैं

**नई दिल्ली।** अमेरिका के नए नामिनेटेड राजदूत सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। गोर ने पीएम मोदी को एक तस्वीर भी भेंट की। इस तस्वीर में मोदी और ट्रम्प प्रेस कान्फ्रेंस करते नजर आ रहे हैं। इस पर ट्रम्प का संदेश और हस्ताक्षर थे, जिसमें लिखा था: प्रधानमंत्री मोदी आप महान हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि उन्हें विश्वास है कि गोर के कार्यकाल में भारत-अमेरिका के संबंध और मजबूत होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के राजदूत-निर्धारित सर्जियो गोर का भारत में स्वागत करके खुशी हुई। मुझे भरोसा है कि उनके कार्यकाल में भारत-अमेरिका की साझेदारी और मजबूत होगी। पीएम मोदी ने इस साल जनवरी में ट्रम्प के शपथग्रहण के बाद अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान नेताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस की थी। इससे पहले सर्जियो गोर ने आज विदेश मंत्री जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिसरी से भी मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई। अमेरिका के राजदूत गोर का अमेरिकी दूतावास ने भी आधिकारिक रूप से स्वागत किया और कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। गोर ने अमेरिकी दूतावास के बाहर खड़े होकर तस्वीर भी खिचाई। इसे दूतावास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया है।

# अमन-मुहब्बत, सुकून, भाईचारे की जगह है आगरा की शहीद-ए-सालिस की दरगाह

-शहीद-ए-सालिस की दरगाह देती है इंसानियत और भाईचारे का पैगाम

-दरगाह की पहचान हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई आते हैं मन्नतें व मुरादें मांगने

उत्तर प्रदेश का शहर आगरा जहां एक ओर ताजमहल जैसी विश्व धरोहर के लिए मशहूर है, वहीं दूसरी ओर यह शहर अपनी रूहानी हस्तियों और सूफी संतों की वजह से भी खास पहचान रखता है। इसी सिलसिले की एक महान शख्सियत हैं हजरत शहीद-ए-सालिस रहमतुल्लाह अलैह। उनकी दरगाह आज भी हर उस इंसान के लिए रोशनी का चिराग है, जो अमन, मुहब्बत और सुकून व भाईचारे को तलाश करता है।

**इतिहास और जीवन**- माना जाता है कि हजरत शहीद-ए-सालिस अपनी जिन्दगी में बड़े परहेजगार, इंसान-नवाज और खुदा के नेक बंदों में से थे। उन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी इंसानियत की सेवा, नेक सलाह और मुहब्बत फैलाने में गुजारी। उनकी तालीमात यही कहती है कि इंसान का असल धर्म मुहब्बत और भलाई है।

उनकी शहादत ने उन्हें 'शहीद' का दर्जा दिलाया और उनकी याद आज भी लोगों के दिलों में ताजा है। आगरा की इस दरगाह पर लोग हर रोज दुआओं के लिए आते हैं और अपनी मुरादें मांगते हैं।

**मजलिसों व अकीदत का केंद्र**-शहीद-ए-सालिस की दरगाह पर हर साल मजलिसों का आयोजन होता है। आगरा ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों से जायरीन पहुंचते हैं। चादरपोशी, कुरआनख्वानी से माहौल रूहानी रंग में रंग जाता है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देने वाला एक बड़ा सामाजिक उत्सव भी है।

**मजहब और जाति से परे अकीदत**-दरगाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहां आने वालों पर कोई बंधन नहीं है। चाहे वह हिंदू हों, मुसलमान, सिख हो या ईसाई सब यहां एक ही मकसद से आते हैं और वह है दुआ और सुकून। यह दरगाह इंसानियत की उस मिसाल को पेश करती है, जो सदियों से भारत की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान रही है।





**आज के दौर में अहमियत**-आज जब समाज में नफरत और दूरी पैदा करने की कोशिशें होती हैं, ऐसे समय में शहीद-ए-सालिस की दरगाह मुहब्बत और अमन का झंडा बुलंद करती नजर आती है। यहां आने वाला हर शख्स यही पैगाम लेकर लौटता है कि इंसानियत सबसे बड़ा मजहब है।

**शहीद-ए-सालिस (तीसरे शहीद) का संक्षिप्त परिचय**

पूरा नाम: काजी नूरुल्लाह शुस्तरी, उपनाम- शहीद-ए-सालिस (तीसरे शहीद) जन्म:1549 ईस्वी (956 हिजरी), शुस्तार, ईरान, भारत आगमन: मशहद से होकर आगरा आए, जहां उन्होंने अकबर के दरबार में न्याय व्यवस्था में योगदान दिया।

मुकदमा और शहादत- जब जाहिरुद्दीन मुगल (जहांगीर) सत्ता में आए, काजी की धार्मिक किताबों विशेषकर अहकाक-उल-हक को आधार बनाकर उन पर बहिष्कार हेरिसी का आरोप लगाया गया और उन्हें खुदा-खुद दंडित कर शहीद कर दिया गया (1610)। मजार का प्रयास: उनके शव को पहले नीलाम कर छोड़ा गया, लेकिन बाद में कुछ अफगान अनुयायियों और एक ईरानी सरदार ने उनके दफन का प्रबंध किया, जो आज आगरा में उनकी दरगाह के रूप में स्थित है। विरासत- आगरा में उनकी दरगाह पर आज भी सबकी आस्था का केंद्र है, जहां विविध धर्म और तबके के लोग सिर झुकाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसे होंगी 20 अक्टूबर 25 से शुरू

मौलाना डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क बनाए गए हैं मजलिसों के कॉर्डिनेटर





**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां का अंतिम दौर चल रहा है। आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर मौलाना डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी जारी हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ेरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ के चेयरमैन अली ज़ैदी की देखरेख में आयोजित होंगे। डा. मिर्ज़ा शफ़ीक हुसैन 'शफ़क' ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस 'काजी नुरुल्लाह शूस्तरी' आगरा की याद में होंगी। इसके अलावा मैनेजर अली अब्बास रिज़्वी भी मजलिसों के प्रोग्राम को सफल बनाने की तैयारियों में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे महफिल-ए-मिदहत प्रोग्राम भी होगा।



जिया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार
मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com

## अमेरिका के साथ निष्पक्ष बात करने को तैयार: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार अमेरिका से निष्पक्ष और संतुलित बात करने के लिए तैयार है। अराघची ने सरकार समर्थित आईआरआईबी टीवी पर दिए अपने साक्षात्कार में परमाणु मुद्दे पर अमेरिका के साथ दोबारा बातचीत शुरू करने और प्रतिबंधों को हटाने के संबंध में ईरान का रुख बताया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान के हितों की सुरक्षा करने की कोई सक्षम योजना पेश करता है, तो निश्चित रूप से उस पर गौर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सामने हमारा रुख हमेशा स्पष्ट रहा है।

## इराक ने की अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना

**बगदाद।** इराक ने शनिवार को उसकी संस्थाओं पर हाल ही में लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना की और इस कदम को एक 'बेहद खेदजनक' और एकतरफ़ा कार्रवाई बताया। इराकी सरकार के प्रवक्ता बसीम अल-अवदी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी कानूनी उपायों के अधीन पक्षों के साथ उनके कथित संबंधों के बहाने इराकी संस्थाओं पर अमेरिकी प्रतिबंध बिना किसी पूर्व परामर्श या बातचीत के लगाए गए, जो सहयोगी देशों के बीच संबंधों के प्रति दृष्टिकोण में एक नकारात्मक मिसाल पेश करता है।